माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली, सोमवार, 29 जनवरी 2024

वर्ष 5, अंक 72, पृष्ठ 14

मूल्य 6 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार


एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अमेरिका के स्कूलों में पढ़ाया जाएगा सिख इतिहास 14

सूर्या के साथ कर्ण में जोड़ी बनाने जा रहीं जाह्नवी 13



नई दिल्ली के विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में शामिल राष्ट्रपति के काफिले के घुड़सवार। ● एजेंसी

## आज बन रहे कानून उज्ज्वल भारत का बनेंगे आधार

▸▸ सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह में बोले प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरकार वर्तमान संदर्भ को ध्यान में रखते हुए कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है और ये कानून भारत को भविष्य में और मजबूत करेंगे। उच्चतम न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ (हीरक जयंती) के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक न्याय कानून बनने से भारत की कानूनी, पुलिस और जांच प्रणाली ने एक नए युग में प्रवेश कर लिया है।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि सैकड़ों साल पुराने कानूनों से नए कानूनों की ओर प्रवेश सुचारू हो। इस संबंध में, हमने सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्य पहले ही शुरू कर दिया है। मोदी ने उच्चतम न्यायालय से अन्य हितधारकों के क्षमता निर्माण की दिशा में काम करने के लिए आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सशक्त न्यायिक प्रणाली विकसित भारत का हिस्सा है। सरकार भरोसेमंद न्यायिक प्रणाली बनाने के लिए कई फैसले ले रही है। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में उठाया गया कदम है। भविष्य में इससे न्यायिक प्रणाली पर अनावश्यक बोझ कम होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि शीर्ष कोर्ट ने जीवंत लोकतंत्र को मजबूत किया है। कहा कि आज जो कानून बन रहे हैं, वे कल के उज्ज्वल भारत को और मजबूती देंगे। आज बनाए गए कानून भारत के भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे।



### न्यायपालिका को कठिन संवाद शुरू करने की जरूरत : सीजेआई

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने स्थगन की संस्कृति और लंबी छुट्टियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि एक संस्था के रूप में प्रासंगिक बने रहने की न्यायपालिका की क्षमता के लिए जरूरी है कि वह चुनौतियों को पहचाने और 'कठिन संवाद' शुरू करे। उन्होंने हाशिए पर मौजूद वर्गों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने और पहली पीढ़ी के वकीलों को समान अवसर प्रदान करने पर भी जोर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने भारत में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि कानूनी पेशे में पारंपरिक रूप से महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम रहता था, लेकिन अब जिला न्यायपालिका के कार्यबल में उनकी हिस्सेदारी 36.3 प्रतिशत है। सीजेआई ने समाज के विभिन्न वर्गों को कानूनी पेशे में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने रेखांकित किया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व बार और पीठ दोनों में काफी कम है।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

MONTE CARLO
7 DAYS OPEN
Sale Start
20% to 50%
वास्तविक छूट
वैवाहिक साड़ियाँ, सिल्क साड़ियाँ, लहंगा चुन्नी, डिजाइनर लेडीज सूट, पशमीना शाल, रेडीमेड गारमेन्ट्स, वूलन्स, लेडीज कोट, जैकिट एण्ड ट्रैक सूट, फुटवियर, जेन्ट्स एण्ड किड्स
SELECTION POINT
The Complete Family Store
दाम इतने कम कि कभी शॉपिंग खत्म ही न हो।
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

### जदयू प्रमुख ने रिकॉर्ड नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

## नौवीं बार... मैं नीतीश कुमार

▸▸ जदयू-भाजपा के नेतृत्व में नई सरकार, भाजपा के सम्राट और विजय बने उपमुख्यमंत्री

पटना, एजेंसी

बिहार के लिए शपथ के ये शब्द 'मैं नीतीश कुमार' नए नहीं हैं, लेकिन अपनी शर्तों पर राजनीति करने वाले नीतीश कुमार ने जबरदस्त सियासी घमासान के बाद रविवार को रिकॉर्ड नौवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और देश की मौजूदा राजनीति को बता दिया मैं नीतीश कुमार।

यहां राजभवन में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने नीतीश को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नीतीश के साथ भाजपा के नेताओं विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी और प्रेम कुमार ने भी मंत्रिपद की शपथ ली। जद (यू) नेता विजय कुमार चौधरी, विजेंद्र यादव और श्रवण कुमार के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की अगुवाई वाले हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित सिंह ने भी मंत्री पद की शपथ ली। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों पर एक या दो दिन में निर्णय लिया जाएगा।नीतीश ने रविवार



दिन में यह कहते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था कि बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में उनके लिए चीजें ठीक नहीं चल रही हैं। इसी के साथ उन्होंने भाजपा के सहयोग से नई सरकार बनाने का दावा भी पेश किया था। लगभग डेढ़ साल पहले उन्होंने भाजपा से नाता तोड़ लिया था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। नीतीश की पूर्व सहयोगी पार्टी राजद ने शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया, जबकि एक अन्य पूर्व सहयोगी कांग्रेस भी अनुपस्थित रही। जदयू सुप्रीमो ने 2000 में राज्य के मुख्यमंत्री पद की पहली बार शपथ ली थी।

### जहां थे, वहीं वापस आ गए, अब इधर-उधर नहीं : नीतीश

नौंवी बार बिहार के मुख्यमंत्री बनने के बाद नीतीश कुमार ने कहा कि भाजपा के साथ पहले भी थे और अब इधर-उधर नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ पहले भी थे, बीच में कहीं गए। फिर हमारी पार्टी के लोगों को लगा तो हम वापस आ गए। अब सब दिन के लिए हम लोग एक ही साथ रहेंगे जो शुरू से थे। अब इधर-उधर जाने का सवाल नहीं है। नीतीश ने बताया कि मेरे साथ सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा उपमुख्यमंत्री बनाए गए हैं।

### विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी नई सरकार : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में फिर से राजग की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को भी बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि बिहार में बनी राजग सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। नीतीश कुमार जी को मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी जी एवं विजय सिन्हा जी को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर मेरी बहुत-बहुत बधाई।

### जदयू 2024 में ही खत्म हो जाएगी: तेजस्वी

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 2024 में ही खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं कोई व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। मुझे कोई गुस्सा नहीं है, लेकिन मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि अभी खेल बाकी है। आप लिखकर ले लीजिए जदयू 2024 में ही खत्म हो जाएगी। मैं भाजपा के लोगों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने उन्हें (नीतीश कुमार) को साथ ले लिया। नीतीश कुमार पर तंज करते हुए कहा कि ये थके हुए मुख्यमंत्री थे, लेकिन हमने इनसे इतना काम करवाया कि रिकॉड बन गया।

### कांग्रेस का तंज, गिरगिट को कड़ी टक्कर दे रहे हैं नीतीश

नई दिल्ली। नीतीश कुमार के रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस ने उनकी तुलना गिरगिट से की और कहा कि राज्य के लोग इस विश्वासघात के लिए उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वह महागठबंधन छोड़ने के कुमार के फैसले के बारे में पहले से जानते थे, लेकिन उन्होंने 'इंडिया' को बरकरार रखने के लिए कुछ नहीं कहा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 'एक्स' पर लिखा, 'बार-बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार रंग बदलने में गिरगिटों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

## घर में सो रहे दंपति और तीन बच्चों की जिंदा जलाकर हत्या

▸▸ फरीदपुर के मोहल्ला फर्रखपुर में दिल दहलाने वाली वारदात

▸▸ दरवाजे पर डाल दिया था ताला ताकि निकल न सके कोई

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर



दक्ष | दिव्यांश और दिव्यांशी | अजय और अनीता

अमृत विचार : फरीदपुर के फर्रखपुर मोहल्ले में शनिवार रात घर के कमरे में सो रहे पति-पत्नी और तीन बच्चों की शनिवार रात जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। हत्या करने वाले ने दरवाजे पर बाहर से ताला भी डाल दिया था ताकि कोई बाहर न निकल सके। एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या की दिल दहला देने वाली इस वारदात का पता लोगों को रविवार सुबह लग पाया। पुलिस की पूरे दिन की छानबीन के बावजूद न हत्यारे का कोई सुराग मिला, न हत्या करने का कारण पता चला।

वारदात का शिकार होने वाले अजय गुप्ता (35) का परिवार फर्रखपुर मोहल्ले में तिरंगा स्कूल के पास किराए के मकान में रहता था। अजय बिजली सबस्टेशन के पास नान का ठेला लगाते थे। परिवार में पत्नी अनीता (32) के अलावा बेटा दिव्यांश (09), दक्ष (03) और बेटी दिव्यांशी (06) थी। मकान में मेन गेट के अंदर कुछ जगह खाली पड़ी है और दूसरे कोने पर सिर्फ एक कमरा बना हुआ है जिसमें पूरा परिवार सोता था। शनिवार रात इसी कमरे में सोते हुए पांचों लोगों की आग लगाकर हत्या कर दी गई। घनी आबादी में मकान होने के बावजूद रात में आसपास किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। रविवार सुबह घटना का तब पता चला, जब अजय के चचेरे भाई राजेंद्र उनके घर में खड़ी अपनी बाइक लेने पहुंचे। काफी देर आवाज लगाने के बाद भी मेन गेट नहीं खुला तो राजेंद्र पड़ोस के घर से छत पर पहुंचे। वहां से झांककर देखने पर अजय के कमरे से धुआं उठते देख उनके होश उड़ गए। आसपास के लोगों के इकट्ठा होने के बाद भीड़ अंदर से तालाबंद मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी। इस बीच पुलिस भी पहुंच गई। सीओ गौरव कुमार सिंह और इंस्पेक्टर रामसेवक सिंह की मौजूदगी में दरवाजे पर बाहर से पड़ा ताला तोड़कर कमरा खोला गया तो अंदर वीभत्स नजारा देखकर लोगों की रूह कांप गई। कमरे में अजय, उनकी पत्नी और तीनों बच्चों के बुरी तरह जले शव इधर-उधर पड़े हुए थे। आईजी, डीएम, एसएसपी और एसपी देहात समेत जिले के आला अफसर भी फरीदपुर पहुंच गए। फोरेंसिक टीम के साथ पुलिस पूरे दिन घटनास्थल पर छानबीन करने के साथ लोगों से पूछताछ करती रही। देर रात तक कोई सुराग हासिल नहीं हो सका।

### मुख्यमंत्री ने जताया दुख, पांच लाख देने की घोषणा

एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि सभी मृतकों का वह खुद अंतिम संस्कार कराने का इंतजाम करे। इसके साथ उन्होंने मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की भी घोषणा की है।

> एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत बहुत दुखद घटना है। कमरे में बाहर से ताला लगा था। अंदर भी कोई सिटकनी या दरवाजा बंद करने का कोई यंत्र नहीं था। आग के कारणों का पता किया जा रहा है। - **घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

### एक नजर

#### गुजरात के कच्छ में 4.0 तीव्रता का भूकंप

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में रविवार शाम 4.0 की तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसमें हालांकि जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) के अनुसार भूकंप का केंद्र कच्छ जिले के भचाऊ के निकट स्थित था। आईएसआर ने बताया कि भूकंप के झटके रविवार शाम चार बजकर 45 मिनट पर महसूस किए गए और भूकंप का केंद्र भचाऊ से लगभग 21 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में स्थित था। वर्ष 2001 में कच्छ जिले में जबरदस्त भूकंप आया था, जिसमें लगभग 13,800 लोगों की मौत हुई थी और 1.67 लाख लोग घायल हो गए थे।

#### मुख्यमंत्री योगी ने नीतीश कुमार को दी बधाई



**लखनऊ।** बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने पर रविवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभकामनाएं दी। योगी ने अपने एक्स एकाउंट पर बिहार में नवगठित सरकार को शुभकामनाएं देते हुए नीतीश कुमार और दोनों उप मुख्यमंत्री को भी बधाई दी है। योगी ने लिखा है, नीतीश कुमार को बिहार राज्य के मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। पूरा विश्वास है कि बिहार में बनी डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में सेवा, सुशासन और विकास के उत्कृष्ट मानक स्थापित करेगी।

#### हरियाणा के हर जिले में होंगे वृद्ध सेवा आश्रम

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि राज्य के हर जिले में बुजुर्गों के लिए वृद्ध सेवा आश्रम खोले जाएंगे, जिनमें 50-50 बुजुर्गों के रहने की व्यवस्था होगी। खट्टर ने कहा कि करनाल में तीन महीने में सिटी ई-बस सेवा शुरू की जाएगी। गरीबों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में पहले चरण में 50 हजार भूखंड दिए जाएंगे। आवेदन के लिए दो दिन बाद पोर्टल खोल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री रविवार को करनाल के मॉडल टाउन के वार्ड 11 में जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नए खोले जाने वाले वृद्ध सेवा आश्रमों में गरीबों के रहने और खाने-पीने की व्यवस्था होगी।

## अब वह विष्णु के 11वां अवतार बनने निकले हैं

▸▸ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने साधा प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना

संवाददाता, देहरादून



अमृत विचार: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को देहरादून से लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान का आरंभ किया। चुनावी बिगुल फूंकने के साथ ही खरगे ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर तंज कसे। रेसकोर्स स्थित बन्नू स्कूल के मैदान में रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि आजकल उड़ने के लिए मोदी जी की आज्ञा लेनी पड़ती है। फिर हेलीकॉप्टर में चढ़ने, उतरने, हेलीकॉप्टर लैंडिंग में भी उनकी आज्ञा लेनी पड़ती है।

उन्होंने बिना नाम लिए भाजपा पर आरोप लगाया कि आजकल देश को बचाने का क्रेडिट वह उत्तराखंड या हिमालय को नहीं देते। पूरा क्रेडिट मोदी जी खुद लेते हैं। जो चल रहा है, आप सुबह अपने गुरु की फोटो या चेहरा नहीं देखेंगे। टीवी में मोदी जी का चेहरा देखेंगे। इसीलिए अब वह विष्णु के 11वां अवतार बनने को निकले हैं।

## बीटिंग रिट्रीट समारोह में बजेंगी भारतीय धुनें

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह के औपचारिक समापन के मौके पर रायसीना हिल्स पर सोमवार को आयोजित होने जा रहे 'बीटिंग रिट्रीट' में सेना और अर्द्धसैनिक बलों के बैंड पूर्ण रूप से भारतीय धुन बजाएंगे। यह समारोह राष्ट्रीय राजधानी में विजय चौक पर होगा और इसी के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का भी औपचारिक समापन हो जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि रायसीना हिल्स 'पूर्ण रूप से भारतीय धुनों का गवाह बनेगा' जो 29 जनवरी को बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान बजाया जाएगा। इसके मुताबिक थलसेना, नौसेना, वायुसेना और सीएपीएफ के बैंड भारतीय धुन बजाएंगे।

## उम्मीदवारों के नहीं मिलने पर हटाया जा सकता है आरक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए मसौदा दिशा-निर्देशों में सुझाव दिया गया है कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन श्रेणियों के पर्याप्त उम्मीदवार नहीं आने की स्थिति में अनारक्षित घोषित की जा सकती हैं। दिशा-निर्देश में कहा गया कि एससी या एसटी या ओबीसी के लिए आरक्षित रिक्तियां संबंधित उम्मीदवार के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा नहीं भरी जा सकती। यह भी कहा गया कि हालांकि, एक आरक्षित रिक्ति को अनारक्षण की प्रक्रिया का पालन करके अनारक्षित घोषित किया जा सकता है, जिसके बाद इसे अनारक्षित रिक्ति के रूप में भरा जा सकता है। साथ ही कहा गया है कि सीधी भर्ती के मामले में आरक्षित रिक्तियों को अनारक्षित घोषित करने पर प्रतिबंध है।

### एक भी आरक्षित पद अनारक्षित नहीं किया जाएगा : प्रधान

उच्च शिक्षा संस्थानों में आरक्षित पदों को भरने पर यूजीसी के मसौदा दिशानिर्देशों पर विवाद के बीच, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को स्पष्ट किया कि एक भी आरक्षित पद अनारक्षित नहीं किया जाएगा। प्रधान ने कहा कि केंद्रीय शैक्षणिक संस्थान (शिक्षक संवर्ग में आरक्षण) अधिनियम, 2019 के आने के बाद आरक्षण में अस्पष्टता की कोई गुंजाइश नहीं है।

## बर्नार्ड अरनॉल्ट बने दुनिया के सबसे अमीर आदमी



**वाशिंगटन।** लग्जरी ब्रांड एलवीएमएच के मालिक बर्नार्ड अरनॉल्ट टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। फोर्ब्स की रियल टाइम अरबपतियों की सूची के मुताबिक, वैश्विक लग्जरी ब्रांड एलवीएमएच के सीईओ और फ्रांसीसी अरबपति अरनॉल्ट और उनके परिवार की कुल संपत्ति शुक्रवार को 23.6 बिलियन डॉलर की वृद्धि के बाद 207.8 बिलियन डॉलर हो गई। वहीं मस्क की संपत्ति 204.5 बिलियन डॉलर से अधिक है। जेफ बेजोस करीब 15.04 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर हैं। भारत का कोई भी अरबपति इस लिस्ट में टॉप टेन में शामिल नहीं है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 104 बिलियन डॉलर (करीब 8.64 लाख करोड़ रुपये) की नेटवर्थ के साथ 11वें स्थान पर हैं।

### सरकार की योजना — जापान, चीन, ब्रिटेन, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी सहित 28 देशों में चलेगा प्रचार अभियान

## प्रदेश को दुनिया का सर्वोत्तम टूरिस्ट हब बनाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अमृत विचार : अयोध्या के कारण इन दिनों दुनिया भर में छाए उत्तर प्रदेश को पर्यटन की नजर से सर्वाधिक आकर्षक गंतव्य के तौर पर प्रस्तुत करने की तैयारी है। इसके लिए इनवेस्टर्स समिट की तर्ज पर पड़ोसी देशों समेत विदेशों में उप्र. की ब्रांडिंग की जाएगी। एक विस्तृत कार्ययोजना तय हो गई है। कुल 28 राष्ट्रों के लगभग 50 शहरों में विभिन्न आयोजनों के दौरान उत्तर प्रदेश को टूरिस्ट हब के तौर पर प्रोजेक्ट किया जाना है।

कार्ययोजना के मुताबिक, ब्रिटेन के लंदन, मैनचेस्टर, बर्मिंघम व ग्लासगो, स्पेन के मैड्रिड, बिलबाओ, बार्सिलोना, इटली के रोम, मिलान व जर्मनी के बर्लिन, म्यूनिख, फ्रैंकफर्ट में इंटरनेशनल रोड शो होगा। इसी तरह, पुर्तगाल के लिस्बन, नॉर्वे के ओस्लो, स्वीडन के स्टॉकहोम, फ्रांस के पेरिस, नीदरलैंड के हेग व फिनलैंड के हेलसिंकी में भी रोड शो व प्रदर्शनी लगेंगी। इनमें जापान, इजरायल, चीन, अमेरिका, फ्रांस, सिंगापुर, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, इजरायल, रूस व यूएई प्रमुख हैं।

इस दौरान दुनिया के सभी प्रमुख टूरिस्ट हब में भी ब्रांड यूपी का प्रचार-प्रसार होगा। इन सभी अंतर्राष्ट्रीय स्थलों पर उप्र. के प्रचार और ब्रांडिंग के लिए तमाम देशों के भारतीय दूतावासों की मदद ली जानी है। वहीं, खाड़ी देशों में संयुक्त अरब अमीरात के दुबई, ओमान के मस्कट, कतर के दोहा, कुवैत के कुवैत शहर, लेबनान के बेरूत, रूस के मॉस्को, इज़राइल के तेल अवीव में भी ये कवायद होगी।


इतनी ही नहीं, दक्षिण पूर्व देशों में सिंगापुर, थाईलैंड के बैंकॉक, जापान के टोक्यो, कंबोडिया के नोम पेन्ह, फिलीपींस के मनीला, वियतनाम के हनोई, इंडोनेशिया के जकार्ता, मलेशिया के कुआलालंपुर, साउथ कोरिया के सियोल, श्रीलंका के कोलंबो, भूटान के थिम्पू और नेपाल के काठमांडू में ब्रांड यूपी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां होंगी। इस कवायद के तहत उप्र. के आध्यात्मिक समेत अन्य प्रमुख आकर्षक पर्यटन केंद्रों के प्रति देश-दुनिया में रुचि पैदा की जानी है।

### अंग्रेजी बोलने वाले पुलिसकर्मियों की है तलाश

दुनिया के पर्यटकों का आकर्षण उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ता देख यूपी पुलिस भी अपना एक अलग व्यक्तित्व दिखाने की तैयारी में है। दिलचस्प यह होगा कि अपराधियों की धरपकड़ करने वाली पुलिस की एक नई टीम बनने जा रही है जो सिर्फ पर्यटकों की गाइड बनेगी। यानि टूरिस्ट पुलिस फोर्स गठित करने के बाद इसका पहला प्रयोग प्रयागराज कुंभ 2025 में किया जाएगा। ऐसे में तलाश ऐसे पुलिस कर्मियों की है जिन्हें हिन्दी के अलावा दूसरी भाषाओं की जानकारी हो। अंग्रेजी बोलना और समझना आना चाहिए। चयन के बाद इन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें प्रमुख भाषाओं की भी जानकारी दी जाएगी।

## पत्नी के प्रेमी ने पति को कमरे में बंद कर फूंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



▸▸ कमरे में बंद करके आग लगा दी, पत्नी से अवैध संबंधों का विरोध करता था पति

अमृत विचार : पनकी में रविवार दोपहर पत्नी के प्रेमी ने अपने साथियों संग मिलकर शिक्षक पति को कमरे में बंदकर जिंदा फूंक दिया। आग से खुद को घिरा देख शिक्षक ने फोन से अपने छोटे भाई को घटना की जानकारी दे दी। भाई ने जानकारी पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शिक्षक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। पुलिस ने एक हत्यारोपी वकील को गिरफ्तार कर लिया। सरकारी शिक्षक के भाई ने उनकी पत्नी समेत चार पर हत्या का आरोप लगाकर तहरीर दी है। मूलरूप से फतेहपुर जनपद के देवरी बुजुर्ग गांव निवासी दयाराम (45) कानपुर देहात के सिकंदरा रसधान के बुधौली गांव स्थित ग्राम विकास इंटर कालेज में शिक्षक थे। दयाराम की शादी जहानाबाद के भैसौली गांव निवासी संगीता देवी से वर्ष 2009 में हुई थी। सितबंर 2023 में दयाराम ने संगीता को बिधनू के हरबसपुर गांव निवासी ढाबा संचालक पवन के साथ आपत्तिजनक स्थितियों में पकड़ लिया था। इसके बाद से दयाराम पत्नी से अलग रहते थे।

एक नजर

### वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



शाहजहांपुर। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा द्वारा रविवार को ग्राम राजनपुर ब्लॉक तिलहर के पंचायत घर में नि :शुल्क नेत्र रोग, सामान्य रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग शिविर लगाया गया। शिविर में 64 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिसमें से तीन मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। पूर्व प्रधान विनोद गंगवार ने शिविर का उद्घाटन किया। मोतियाबिंद के चयनित मरीजों को मेडिकल कॉलेज की बस द्वारा वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल लाया गया, जहां पर सभी चयनित मरीजों का का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद के मरीजों को लेंस, ऑपरेशन, दवाइयां एवं खाने की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। शिविर में मरीजों को निशुल्क आई ड्रॉप एवं दवाइयां वितरित की गई। कैंप में मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग के चिकित्सक डॉ. रिव्या सिंह, सामान्य रोग विभाग के डॉ सावन कुमार, डॉ नंदिनी, नेत्र टेक्नीशियन तृप्ति गुप्ता, वसुधा यादव और पीआरओ मोहित थापा मौजूद रहे।

# अति शीत दिवसः रविवार को पछुआ हवा से बढ़ी गलन, छूटी कंपकपी

## मौसम विभाग का अनुमान, फरवरी की शुरुआत में होगी बारिश... फिर बढ़ेगी ठंड, दिनभर नहीं निकली धूप, पाला गिरने से बड़ी ठंड

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शीतलहर और घने कोहरे के कारण ठंड ने बेहाल कर दिया है। रविवार को दिनभर धूप नहीं निकली। पछुआ हवाओं ने इस कदर गलन बढ़ा दी है कि रविवार अतिशीत दिवस के रूप में दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने फरवरी की शुरुआत में ही बारिश होने की संभावना जताई है। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

पछुआ हवाओं के कारण गलन बढ़ने से रविवार को अति शीत दिवस के रूप में दर्ज किया गया है। राज्य कृषि मौसम केंद्र के मौसम वैज्ञानिक/प्रभारी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आए बादल शनिवार को साफ हो गए थे। इस कारण रविवार की रात से कोहरा घना हो गया, जो सुबह दस बजे तक रहा। बाद में कोहरा मामूली रूप से छंट गया, लेकिन पछुआ हवाओं के चलने के साथ ही फिर बादल छा गए, जिससे



महानगर में शीतलहर के बीच कुछ इस तरह सड़क पर निकले लोग। ● अमृत विचार

▸▸ **सुबह घने कोहरे से 10 मीटर दूर भी नहीं दिखा, दिन में जल गई वाहनों की लाइटें**

सूरज के दर्शन नहीं हुए। गलन भरे मौसम में घरों में लोग रूम हीटर, ब्लोअर के सहारे ठंड से बचने की कोशिश करते रहे।

**मौसम का पूर्वानुमान :** मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि कोहरा के साथ पछुआ हवा चलने के कारण गलन बढ़ गई है। हवा की दिशा 4-5 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जबकि शाम को ही हवा की दिशा दक्षिणी होने लगी। सोमवार को पुरवा हवा होने की संभावना है। इसके बाद दिन और रात के तापमान में बढ़ोत्तरी की संभावना है। दोपहर में धूप भी होगी। वहीं फरवरी की शुरुआत में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण बारिश की संभावना है। बारिश से एक बार फिर ठंड बढ़ेगी।

### बेगमपुरा एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें हुईं लेट

शाहजहांपुर। कोहरे के कारण बेगमपुरा एक्सप्रेस समेत एक दर्जन ट्रेनें विलंब से पहुंचीं। ट्रेनों के विलंब होने से यात्रियों को ठंड में ठिठुरते हुए ट्रेन का इंतजार करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी रिजर्वेशन वाले यात्रियों को हुई है। डाउन लाइन बेगमपुरा एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, चंडीगढ़ एक्सप्रेस, नई दिल्ली-लखनऊ एसी एक्सप्रेस दो घंटे विलंब, नई दिल्ली-लखनऊ मेल, गंगा सतलज, पंजाब मेल एक घंटा विलंब से पहुंची है। अप लाइन की कांठ गोदाम एक्सप्रेस तीन घंटे विलंब, गंगा सतलज एक्सप्रेस दो घंटे, लोकनायक एक्सप्रेस दो घंटे, सद्भावना एक्सप्रेस दो घंटे विलंब से पहुंची। ट्रेनों के लेट होने ठंड में यात्री परेशान हो गए।



रविवार सुबह 8 बजे पुवायां रोड पर घने कोहरे के बीच लाइट जलाकर निकलते वाहन।

### इस कारण बिगड़ रही तबीयत

- रूम में हीटर और ब्लोअर चलने के बाद बाहर निकलने पर ठंड लगना
- बीमार व्यक्ति को इलाज कराने के लिए ले जाते समय ठंड लगना
- धुंआ के पास बैठने वाले सांस रोगियों की तबीयत बिगड़ना
- ब्लड प्रेशर बढ़ने और घटने से बीमार हो रहे लोग
- शुगर लेवल कम होने से खराब हो रही मरीज की हालत
- कड़ाके की सर्दी में बच्चे और बुजुर्ग आ रहे निमोनिया की चपेट में

### कभी धूप तो कभी गलन....खराब हो रही सेहत

हर दिन बदल रहे मौसम के कारण लोगों की सेहत पर असर पड़ रहा है। शनिवार को कोहरा जल्दी छंट गया, जिससे धूप निकल आई। अधिकतम तापमान में वृद्धि होने से लगा कि अब ठंड की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी, लेकिन रविवार को फिर मौसम बिगड़ गया और गलन बढ़ने से परेशानी हुई। तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो रही है। ऐसे मौसम में थोड़ी सी लापरवाही सेहत के लिए नुकसानदायक बन रही है। वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. एमएल अग्रवाल ने बताया कि बदलते तापमान के दौर में लोगों को ठंड लगने का जोखिम अधिक है। यही कारण है कि हार्ट अटैक, पैरालाइसिस के साथ कोल्ड डायरिया के मरीज भी अधिक आ रहे हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज में सर्दी, जुकाम, बुखार के साथ पेट दर्द के मरीज आ रहे हैं।



खेलो भारत के तहत खो-खो मैच के दौरान खिलाड़ी को पकड़ने का प्रयास करती प्रतिद्वंदी। ● अमृत विचार

# वालीबॉल, खो-खो में सुदामा स्कूल का दबदबा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में खेलो भारत के अंतर्गत रविवार को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नेव तकनीकी संस्थान में आयोजित प्रतियोगिताओं का प्रारंभ मुख्य अतिथि अखिल भारतीय खेल प्रमुख प्रदीप शेखावत ने किया। इस मौके पर रस्साकशी, वॉलीबॉल एवं खो-खो प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिनमें खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। वॉलीबाल में कैंट और सुदामा प्रसाद इंटर कॉलेज की टीम का फाइनल में मुकाबला हुआ, जिसमें सुदामा की टीम विजेता और कैंट टीम उपविजेता बनी। खो-खो में नेव तकनीकी संस्थान एवं डॉ. सुदामा प्रसाद इंटर कॉलेज के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें डॉ. सुदामा प्रसाद इंटर कॉलेज की टीम विजयी रही, मेजबान नेव तकनीकी संस्थान उपविजेता बना। इसी तरह रस्साकशी में नेव तकनीकी संस्थान विजेता और डॉ. सुदामा प्रसाद इंटर कॉलेज उपविजेता बना। समापन पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि अखिल भारतीय खेल प्रमुख प्रदीप शेखावत ने खेलो भारत के प्रांत प्रमुख रविकांत शुक्ला आदि के साथ खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर, प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर एसएफएस प्रमुख आकाश सिंह मैसी, प्रधानाचार्य मो. फरहान, जिला संगठन मंत्री आकाश, महानगर मंत्री रौनक पाल, करन प्रताप, अभिषेक पांडेय, जीशान गाजी, आशीष भदौरिया, वसीम, सुरजीत, अंकुल सिंह, अनुज गुप्ता आदि मौजूद रहे।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि अभाविप के खेल प्रमुख प्रदीप शेखावत। साथ में हैं एसएफएस प्रमुख आकाश मैसी। ● अमृत विचार

▸▸ **अभाविप की ओर से खेलो भारत के तहत हुआ आयोजन**

# भाईचारा कायम रखने को कला प्रेमियों ने निकाली पदयात्रा



शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार पर चादरपोशी करते लोग।



खिरनीबाग चौराहा पर शहीद स्तंभ के समीप प्रेरक गीत गाते कला प्रेमी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ **भारतीय जन नाट्य संघ के बैनर तले राष्ट्र व्यापी अभियान के तहत हुआ आयोजन**

▸▸ **कला प्रेमियों ने मोमबत्तियां जलाकर अमर शहीदों को अर्पित की पुष्पांजलि**

**अमृत विचार :** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) के बैनर तले राष्ट्र व्यापी राष्ट्रीय सांस्कृतिक पदयात्रा ढाई आखर प्रेम की उप प्रादेशिक सांस्कृतिक पदयात्रा महानगर में निकाली गई। रविवार सुबह पदयात्रा की शुरुआत खिरनीबाग शहीद स्तंभ के समक्ष मोमबत्तियां जलाकर और आपसी सद्भाव के गीत गाकर की गई।

पदयात्रा में शामिल कला प्रेमियों ने खिरनीबाग पार्क में अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। यहां से सभी कला प्रेमी आपसी सौहार्द के गीत गाते एमनजई जलालनगर स्थित शहीदे वतन अशफाक उल्ला खां की मज़ार तक गए। वहां सभी ने अमर शहीद की मजार पर चादरपोशी की खिराजे अकीदत पेश की। सांस्कृतिक पदयात्रा में बड़ी संख्या में संस्कृतिकर्मियों, रंगकर्मियों, पत्रकारों, साहित्यकारों, समाजसेवियों और आमजन ने सहभागिता की। इससे पहले पदयात्रा की शुरुआत सेवानिवृत्त आईआरएस समाजसेवी कमल किशोर कठेरिया ने मोमबत्ती प्रज्ज्वलित कर की। यात्रा राष्ट्रध्वज और प्रेरक नारे लिखी तख्तियां लेकर आगे बढ़ी। शामिल लोगों ने देशभक्ति गीतों से लोगों को आपसी भाईचारे का संदेश दिया। खिरनीबाग में बिस्मिल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद पद यात्रा टाउनहॉल पहुंची, जहां सभी ने नगर निगम परिसर और गांधी भवन स्थित जिले के तीनों अमर शहीदों और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेता जी सुभाष चंद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसी क्रम में कवि तिराहा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए यात्रा अमर शहीद अशफाक उल्ला खां की मज़ार पर चादरपोशी कर खिराज़े अक़ीदत पेश की। यहां पौत्र अशफाक उल्ला खां ने यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर चित्रकार सैफ असलम खां के द्वारा बनाए गए अमर शहीद बिस्मिल, अशफाक और रोशन सिंह के पोस्टर का विमोचन अशफाक उल्ला खां ने किया। मज़ार परिसर में आयोजित विचार गोष्ठी में जौनपुर से आए युवा जनक्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नसीर इदरीसी, अशफाक उल्ला खां, वरिष्ठ रंगकर्मी व इकाई संरक्षक जरीफ मलिक आनंद, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, हंसराज विकल, रफ़ी खान, शालू यादव, तसव्वर अली, सुहेल मोहम्मद, राजकुमार राठौर आदि ने विचार व्यक्त कर सभी से आपसी भाईचारा कायम रखने पर जोर दिया। गोष्ठी का संचालन करते हुए वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक सक्सेना ने पदयात्रा के उद्देश्यों की जानकारी दी। जिला इकाई अध्यक्ष संजय राठौर ने आभार व्यक्त किया। पदयात्रा में राजेश भारती, अनुराग राठौर, विकास भारती, सुखवंत सिंह, विजय राज, शैलेंद्र पटेल, कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, अजय अवस्थी अनुरागी, विकास सोनी, राजकुमार राठौर, महमूद खां, एनुल हक, पुनीत शर्मा, सुनील कुमार राठौर, अधिवक्ता अनूप कुमार, कुंवर पाल, आरएल श्रीवास, विमल, शिवम राठौर, हरिबाबू आदि शामिल रहे।




# सर्दी से ठिठुर रहे 100 बच्चों को बांटे गर्म कपड़े

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अल मुश्किल कुशा नेशनल सोसायटी के तत्वावधान में रविवार को मामूड़ी स्थित संगठन के स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सोसाइटी की ओर से मुख्य अतिथि जलालाबाद के विधायक हरि प्रकाश वर्मा, विशिष्ट अतिथि सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों, पार्षद, समाजसेवियों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक हरि प्रकाश वर्मा और विशिष्ट अतिथियों सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण दत्त त्रिपाठी गुल्लू, पूर्व अध्यक्ष जसविंदर सिंह बजाज ने सोसायटी के माध्यम से किए जा रहे समाज सेवा के कार्यों की सराहना करते हुए उनके कार्यों को अनुकरणीय बताया। इससे पहले सोसाइटी अध्यक्ष मौलाना शेख़ शाही बहार आलम रजवी ने विधायक हरिप्रकाश वर्मा, बार एसोसिएशन अध्यक्ष नारायण दत्त त्रिपाठी गुल्लू, महासचिव राजीव शर्मा के अलावा पार्षद डॉ. मोहसिन, सैयद तनवीर, तालिब खां, ज़ीशान अंसारी, सैयद इमरान, नौशाद अंसारी, मो. रेहान, डॉ. फैसल सिद्दीक़ी, डॉ. एमआई हबीबी, कदीर खान, शादाब खान को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में पूर्व अध्यक्ष जसविंदर सिंह बजाज, अधिवक्ता कुलदीप जौहर, अधिवक्ता शायरा गुलिस्तां खान, सुधाकर तिवारी, अर्पित टंडन, शिवम मिश्रा, निशू शुक्ला, प्रोफेसर डॉ. जीए कादरी, कार्यक्रम अध्यक्ष समाजसेवी महबूब हुसैन इदरीसी, डॉ. इरफ़ान ह्यूमन, मौलाना शम्सुल हक़, कामरान खां, मायाराम आदि समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। इस बीच शीत लहर से बचने के लिए जरूरतमंद करीब 100 बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण भी किया गया। समारोह की निजामत अधिवक्ता गुलिस्तां खान ने और आभार प्रदर्शन सोसाइटी अध्यक्ष मौलाना शेख़ शाही ने किया।



अल मुश्किल कुशा स्कूल में सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण दत्त त्रिपाठी को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

▸▸ **अल मुश्किल कुशा नेशनल सोसायटी ने विधायक, अधिवक्ता और समाजसेवियों को किया सम्मानित**

# डीएम साहब, कब होगा नाला निर्माण

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** सदर बाजार के मोहल्ला एनमजई जलालनगर निवासी मौहम्मद तौसीफ, मोहम्मद रहमान, रमेश, मोबीन, सूरज, मस्तराम, रामपाल, शाहिद, असीम, लल्ला ने डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वार्ड संख्या 22 में नाले का निर्माण ठेकेदार किया जा रहा है। नाले को पाटकर चबूतरा डाला जा रहा है। लेकिन ठेकेदार ने नाले के किनारे तीन फीट गड्ढा करके लोहे की सरिया लगा रखी है और चार माह से काम बंद कर दिया है। जिससे क्षेत्र के लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। कई लोग गड्ढे में गिरकर घायल हो चुके है। निकलने में परेशानी होने से लोग घरों में रहने को मजबूर हैं। लोगों ने अधूरे पड़े नाले का निर्माण पूरा कराने की मांग की है।

# वरुण अर्जुन मेडिकल में आज लगेगा निःशुल्क कैंप

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल बंथरा में 29 जनवरी को सुबह 10 से दो बजे तक मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। अस्पताल के पीआरओ ललित कुमार ने बताया कि निःशुल्क लगने वाले कैंप में हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं स्पाइन सर्जन डॉ. वरुण अग्रवाल तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रज्ञा मिश्रा रोगियों की जांच कर परामर्श देंगी। बताया कि अस्पताल में मोतियाबिंद के मरीजों को लेंस, ऑपरेशन, दवाइयां एवं खाने की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है।

लापरवाही | पर्यावरण को संतुलित और बढ़ते तापमान को नियंत्रित करता था गार्डन, धन की हुई बर्बादी

# ग्रीन सिटी का संदेश देने वाला वर्टिकल गार्डन सूखा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** ग्रीन सिटी का संदेश देने वाला नगर निगम का वर्टिकल गार्डन ही सूख गया है। देखभाल के अभाव में नगर निगम की दीवारों को हरा-भरा रखने वाला गार्डन दम तोड़ गया है। इसे दोबारा आबाद करने की जगह पर नगर निगम ने इसका फ्रेम ही उतार कर रख लिया है। ऐसे में दोबारा इसके गुलजार होने की उम्मीद कम रह गई है।

पर्यावरण दिवस पर नगर वासियों को ग्रीन सिटी क्लीन सिटी का संदेश देने के लिए कार्यालय की दीवारों पर विशेष तकनीक के मेटल और लोहे के फ्रेम बनाकर छोटे-छोटे प्लास्टिक के विशेष रूप से बने गमलों में पौधों को लगाया गया था। इसके बाद दीवार की खूबसूरती देखते ही बनती थी। इसमें बीच-बीच में पुणे से मंगवाए गए मल्टी कलर के पौधे भी लगवाए गए थे। इनमें हरे के साथ जामुनी, गुलाबी, बैगनी, लाल रंग के पौधे भी थे। खास बात यह थी कि यह हरियाली आर्टिफिशियल न होकर वास्तविक थी जोकि लोगों की आंखों को सुकून देती थी। गार्डन की खासियत होती है कि यह पर्यावरण को संतुलित और बढ़ते तापमान को नियंत्रित करते हैं।

धूल और ध्वनि प्रदूषण के लिए बैरियर की तरह होते हैं। इसको कानपुर की एक कंपनी ने 8 से 10 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से तैयार किया था, लेकिन इसकी देखभाल के लिए निगम ने कोई व्यवस्था नहीं की। जिससे धन की भी बर्बादी हुई। शहर के गर्रा फाटक के पास राजघाट चौकी के करीब भी वर्टिकल गार्डन बनाया गया था। यह देखभाल होने के कारण काफी हरा-भरा है। बताया जाता है कि इस गार्डन को स्थानीय कंपनी ने बनवाया था। देखभाल की जिम्मेदारी भी उसी कंपनी को दी गई थी।



वर्टिकल गार्डन में उतार कर रखा फ्रेम।

▸▸ **नगर निगम नहीं कर पाया ठीक से देखभाल, फ्रेम उतार कर रखा**

> वर्टिकल गार्डन की देखभाल के लिए अलग से बजट की व्यवस्था नहीं है। वर्टिकल गार्डन में सिर्फ पानी ही नहीं केमिकल आदि भी डाला जाता है। जल्द ही नए पौधों को लगवाने की कवायद चल रही है। देखरेख की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। – **आशीष त्रिवेदी**, अधिशासी अभियंता निर्माण, नगर निगम

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## धरा गया दुष्कर्म का आरोपी

**शाहजहांपुर।** सिंधौली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि संजीव कुमार निवासी बांस किराया थाना पुवायां के खिलाफ दुष्कर्म व अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। उसे महुआ तिराहे से गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

### राजनीतिक दलों ने शुरू की लोकसभा चुनाव की तैयारी

# भाजपा से मौजूदा सांसद के अलावा पूर्व मंत्री का नाम चर्चा में

- लंबे समय से जीत को तरस रही कांग्रेस में कम नहीं है दावेदारों की संख्या
- बसपा से शालिनी सिंह के होर्डिंग-पोस्टर पटे, सपा से ताल ठोंक रहे तीन दावेदार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने तैयारी तेज कर दी है। पार्टी जिलाध्यक्षों ने चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों से आवेदन लेने शुरू कर दिए हैं। दावेदारों को बूथ स्तर तक प्रचार और पार्टी की नीतियों को पहुंचाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा, कांग्रेस, बसपा और सपा में दावेदारों की लंबी लाइन है।

2004 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से जितिन प्रसाद ने रिकार्ड मतों से जीत दर्ज की थी। इसके बाद कांग्रेस के लिए लोकसभा की सीट सूखा ही साबित हुई, लेकिन बंजर हो चुकी जमीन पर भी दावेदारों की संख्या काफी है। वहीं भाजपा में सांसद अरुण सागर के अलावा पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णा राज और सत्यपाल का भी नाम चर्चा में है। सपा में उपेंद्र पाल सिंह, राजेश कश्यप और केके कठेरिया क्षेत्र में निकल पड़े हैं। वहीं बसपा से शालिनी सिंह के होर्डिंग और पोस्टर जिले भर में लगे हैं। इससे उनकी दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। बता दें कि कांग्रेस से वर्ष 2004 में जितिन प्रसाद लोकसभा चुनाव रिकार्ड मतों से जीते थे। इसके बाद वह लखीमपुर खीरी की धौरहरा सीट से चुनाव लड़ने चले गए। नतीजतन इसके बाद कांग्रेस जिले में पिछड़ती गई और लोकसभा व विधानसभा को हर चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी शिकस्त खाते रहे। कांग्रेस पार्टी के स्थिति कमजोर होने के बाद भी वर्तमान में लोकसभा के टिकट के लिए आठ लोगों ने दावेदारी ठोंकी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस से महेंद्र कठेरिया, मंगल बाबू सोनकर, अर्चना वाल्मीकि, ईशपाल सागर, मोहिनी सागर, प्रेम प्रकाश वाल्मीकि, अनुज कुमार और दीपेश सागर ने चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया है।



भाजपा संगठन के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का जन-जन तक लाभ पहुंचाना ही मकसद है। चुनाव एक प्रक्रिया है। हम चुनाव की अलग से तैयारी नहीं करते, बल्कि हर रोज हम जनता के बीच होते हैं। पार्टी का जो निर्देश होगा, उसका पालन हर कार्यकर्ता करेगा। – **कृष्ण चंद्र** मिश्र, जिलाध्यक्ष- भाजपा।



लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के पास आठ दावेदार आ चुके हैं। निर्णय राष्ट्रीय हाईकमान को करना है। केंद्र और प्रदेश सरकार के रवैये को जनता समझ चुकी है और इस बार कांग्रेस की ओर देख रही है। पूरी दमखम के साथ चुनाव लड़ा जाएगा। – **रजनीश गुप्ता,** जिलाध्यक्ष- कांग्रेस।



लोकसभा का टिकट राष्ट्रीय नेतृत्व तय करेगा। समाजवादी हर सिपाही की प्राथमिकता में लोकसभा चुनाव जीतकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का मजबूत करना है। चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों ने गांव गांव जाकर सपा सरकार में कराए गए विकास कार्यों से लोगों को अवगत करा रहे हैं। – **तनवीर खां,** जिलाध्यक्ष- सपा।

# 19.83 करोड़ से 20.42 किमी संपर्क मार्गों का होगा निर्माण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने जनपदवासियों को सड़कों और पुलों का तोहफा दिया है। उन्होंने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में 19.83 करोड़ की लागत से 20.42 किलोमीटर संपर्क मार्गों का निर्माण राज्य सड़क निधि से कराए जाने की मंजूरी दिलाई है।



जितिन प्रसाद।

मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने बताया कि पुवायां में गेंहुआ मार्ग से अठकोहना मार्ग तक 1.1 कि.मी. का 96.82 लाख, बिलंदापुर गद्दीपुर तिराहे से मॉडल स्कूल तिराहे तक 1.5 किमी का 132.99 लाख, पीएसएचएल मार्ग के कि.मी. 40 से नरौठा हंसराम तक 2.5 किमी का 258.70 लाख, जेबा से कटका होते हुए फरेंदावारा तक 2.1 कि.मी. का 183.71 लाख रुपये से नव निर्माण कराया जाएगा। कटरा में फरीदपुर मार्ग से जलालपुर (सुराही) तक 2.2 किमी का 211.30 लाख तो जलालाबाद में पिलुआ से तढ़ाई तक 3.1 किमी का 273.37 लाख, सरफरा से मोहनपुर तक 0.850 का 76.90 लाख तो ददरौल में अहमदनगर से रमापुर बरकतपुर तक 2.2 किमी का 188.42 लाख, कमलनयनपुर से राजपुर गुमतानी तक 3 किमी का 343.81 लाख, ग्राम इंदेपुर से नौसारा तक 0.670 किमी का 106.90 लाख, गंगानगर से मीर वैश्यपुर तक 1.2 किमी का 110.86 लाख से निर्माण कराया जाएगा।

# गड्ढों में बदल रहीं शहर की सड़कें, लोग ठोकर खाने को मजबूर

## सड़कों की बदहाली से नहीं मिल पा रहा छुटकारा, खुदी पड़ी सड़कों से जाम में उलझ गया महानगर

**सालों बाद भी सड़कें दुर्दशा की शिकार**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सीवर लाइन डालने के लिए खोदी जा रहीं शहर की सड़कें लगातार गड्ढों में तब्दील हो रही हैं। गड्ढे वाली सड़कों से गुजरते समय लोग ठोकर खाने को मजबूर हो रहे हैं। शहर में तमाम सड़कें टूटी पड़ी हैं और कुछ कंकड़-पत्थरों से भरी हुई हैं। ऐसे में आवागमन मुसीबत का सबब बन गया है।

वर्तमान में शहर की ज्यादातर सड़कों से निकलना मुश्किल हो रहा है। शहर में सीवर लाइन डालने के लिए सड़कों को खोदा जा रहा है ताकि सीवर लाइन के पाइप डाले जा सकें। खुदाई के चलते हर तरफ शहरवासियों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। अति व्यस्त रहने वाली सड़कों को खोदा जा रहा है। हालत यह है कि जो गड्ढे महीनों पहले खोदे गए थे, उन्हें अब भी पूरी तरह दुरुस्त नहीं कराया गया है।

जगह-जगह सड़कों पर नए गड्ढे खुदवाए जा रहे हैं। खुदी पड़ी सड़कों की वजह से पूरा शहर जाम में उलझ कर रह गया है। शहरवासी धूल, मिट्टी और कीचड़ की इस नई मुसीबत से परेशान हैं। किसी की समझ में नहीं आ रहा है कि विकास की यह अनूठी तस्वीर उन्हें किस हद तक और मुश्किलों में डालेगी। हालांकि शहर के लिए सीवर लाइन जरूरी है। इसके लिए खोदाई तो करनी होगी, लेकिन जल निगम जिस तरह मुख्य चौराहों पर बिना कोई एहतियात बरते तमाम जिंदगियों को खतरे में डाल कर काम करना सही नहीं माना जा सकता है।

दूसरी बात खोदाई का काम मजदूर कई बार बिना सुरक्षा उपकरणों के करते हुए देखे जा रहे हैं। यही नहीं सड़क पर गुजरने वाले वाहनों पर भी हादसे का खतरा मंडराने लगा है। ट्रैफिक किस कदर अस्त-व्यस्त हो चुका है, उसकी तो बात ही छोड़िए। खुदाई की वजह से सड़क पर गाड़ियों के गुजरने के लिए मामूली जगह ही बची है, लिहाजा दिन भर जाम यहां रोज का नजारा हो गया है।

सुबह आठ बजे ही यहां जाम लगता है तो देर रात तक कोई बगैर फंसे निकल नहीं पाता। पुलिस चौराहे पर तैनात रहती है, लेकिन इस जाम से निपटना उसके भी बस की बात नहीं है।



मरम्मत के बाद कंकर-पत्थरों से पटा नगर निगम रोड। ● अमृत विचार



खोदाई के चलते निषाद सिनेमा रोड पर इकट्ठा मलबा। ● अमृत विचार





खोदाई से सड़क के बीचो-बीच हुआ गड्ढा। ● अमृत विचार



खोदाई के बाद सड़क पर पड़ी मिट्टी। ● अमृत विचार

### मार्च में पूरा होगा काम, तब तक जारी रहेगी दुश्वारी

अधिकारियों का कहना है कि सीवर लाइन के लिए चल रही खुदाई अब अंतिम दौर में चल रही है। मार्च तक काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए काम तेज करवा दिया गया है। राज्य सेक्टर कार्यक्रम के तहत शहर में 186 किमी सीवर लाइन बिछाई जानी है जिसका काम वर्ष 2021 में शुरू किया गया था। कार्य जून 2023 तक पूरा कराया जाना था लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इसके बाद कार्यदायी संस्था को 31 दिसंबर तक समय दिया गया, फिर भी काम पूरा नहीं हुआ। अब मार्च तक काम पूरा करने का दावा किया जा रहा है।

> 85 प्रतिशत से ज्यादा काम हो चुका है। मार्च तक का समय लगने की संभावना है। कार्यदायी संस्था पर लापरवाही के कारण जुर्माना लगाया जा चुका है। काम को जल्द पूरा कराने के लिए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई गई है।
> – **कपिल एम सिंह,** ईई, जल निगम

# शाहजहांपुर-पलिया हाइवे पर ब्लैक स्पॉट, घने कोहरे में संभलकर करें सफर

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर-पलिया मार्ग पर कई जगह ब्लैक स्पॉट (एक्सीडेंट जोन क्षेत्र) हैं, लेकिन इन जगहों पर किसी तरह का कोई संकेतक बोर्ड नहीं लगा है। जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। खुटार में गुरद्वारा के पास इस सड़क पर गहरा गड्ढा है। इसमें कई बाइक सवार गिरकर चोटिल हो चुके हैं।

भीषण कोहरे में गड्ढे जानलेवा साबित हो चुके हैं। इसके बाद भी लोनिवि इन पर ध्यान नहीं दे रहा है। खुटार-मैलानी मार्ग पर गांव नरौठा देवीदास, बाबा चौराहा, कढ़ैया आदि जगह ब्लैक स्पॉट हैं। इसके बाद भी इन मार्गों पर कोई भी चेतावनी या संकेतक बोर्ड नहीं लगाया गया है। शाहजहांपुर पलिया हाईवे का चौड़ीकरण, निर्माण कार्य चल रहा है। यह सड़क भी कई जगहों पर टूटी है और समतल की जा रही है। सड़क किनारे खाई भी है। जिससे हादसों का खतरा बना हुआ है।



डिवाइडर के पास सड़क में बने गड्ढे के पास लोग मोड़ते हैं गाड़ी। ● अमृत विचार

### खुटार-पूरनपुर के बीच लौंहगापुर जंगल तक एक्सीडेंट जोन क्षेत्र

खुटार-पूरनपुर के बीच लौंहगापुर जंगल तक एक्सीडेंट जोन है। यहां आये दिन हादसे होते हैं। अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है तो कई गिरकर चोटिल हुए हैं। जून 2016 में गोला से जागरण कर लौट रहे कलाकारों से भरी डीसीएम और ट्रक की टक्कर यहां गई थी। जिससे तीन की मौत और करीब 38 लोग घायल हो गए थे। इसके अलावा कुछ साल पहले मैजिक चालक ने एक कबाड़िया को रौंद डाला था। यहां कई बड़े हादसे हो चुके है। लेकिन अधिकारी फिर भी इस बात से अंजान है।



दुर्दशा का शिकार सड़क, हादसों को दावत दे रहे गड्ढे। ● अमृत विचार

### इन जगहों पर होते हैं हादसे

खुटार-पूरनपुर मार्ग के साथ ही बंडा, मैलानी, पुवायां, गोला मार्ग पर कुछ जगहों पर हट-बच कर चलने जैसा है। नहीं तो जरा सी लापरवाही हादसों की बजह बन जाती है। खुटार-पूरनपुर हाईवे पर आशीर्वाद पैलेश, कुइयां मोड़, मोहनपुर मोड़, मुरादपुर, सिहुरा, पुनौति, लौंहगापुर जंगल और खुटार मैलानी के बीच लगोंटी बाबा, सरेली मोड़, नरौठा। इसके अलावा खुटार पुवायां मार्ग पर गन्ना मिल के पास, अठकोना मोड़, रौतापुर कलां, लक्ष्मीपुर मोड़ और खुटार गोला मार्ग पर बनकटा मोड़, सत्संग मोड़, जुड़ी सड़क और बंडा रोड पर सौफरी, रजमना मोड़, मलिका, खामरिया गदियाना, गोमती पुल पर हादसों की आशंका बनी रहती है। जिससे इन मार्गों से गुजरने पर बड़ी सावधानी बरतनी पड़ती है।

### पूरनपुर-मैलानी मोड़ पर गहरा गड्ढा, शिकायत पर भी ध्यान नहीं

मैलानी मोड़ पर गहरा गड्ढा है। दोनों ओर से आने वाले वाहनों के पहिये उस गड्ढे में पड़ने के दौरान हादसे का खतरा लोगों को सताने लगता है। वजह है कि वाहन पूरी तरह से एक तरफ झुक जाते हैं। दुकानदार व राहगीर इस डर में रहे हैं कि कही बड़ा वाहन न पलट जाए। बावजूद इसके पीडब्ल्यूडी ध्यान नहीं दे रहा है। खुटार तिकुनियां के व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव शर्मा ने बताया कि यह गड्ढा काफी बड़ा है और इसमें कई बाइक सवार गिरकर चोटिल भी हो चुके है। मैलानी-पूरनपुर मार्ग से आने जाने वाले बड़े वाहन इस गड्ढे से होकर गुजरते है। मामले में स्थानीय और उच्चाधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन आजकल कहकर टरका दिया गया है। अधिकारियों की यह अनदेखी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# जर्जर सड़क बनवाने को ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव राठ में जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों में गुस्सा है। रविवार को ग्रामीणों ने गांव के बाहर मुख्य मार्ग पर बैनर टांग दिया, जिसमें 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर लिखा गया है कि रोड नहीं तो वोट नहीं। इसी के साथ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन भी किया। इसके साथ ही सड़क से गुजरने वाले लोगों को यह कहकर जागरूक किया कि पथरीली है डगरिया, जरा संभल कर चले भैया।

ग्राम पंचायत राठ कुंभिया माफी के ग्रामीणों का कहना है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट नहीं देंगे। कारण है कई वर्षो से लिंक मार्क से जुड़ी सड़क की हालत खस्ताहाल हो गई है। इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद सड़क को बनवाने के लिए जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर पत्थर, ईंटों और पुलिया टूटकर गहरे गड्डों में तब्दील हो गई है। जो आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बनती है। रास्ते से गुजरने वाले लोग चोटिल भी हुए। तो वहीं, अगर दिन या रात में किसी भी समय घर का सदस्य बीमार हो जाता है तो उसे जल्दी अस्पताल ले जाने में काफी समय लग जाता है। ऐसे में यह पथरीली डगर किसी मुसीबत से काम नहीं है। रविवार को तमाम ग्रामीण एकत्र होकर मुख्य मार्ग पर टंगे चुनाव बहिष्कार का बैनर तले प्रदर्शन किया। इसके साथ ही विधायक, सांसद पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि सड़क नहीं बनी तो लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर वोट नहीं डालने जाएंगे। प्रदर्शन में सुनील शर्मा, कमलेश, राजेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र, अंकित, रामखिलावन, रवींद्र वर्मा, राजाराम, ऋषभ, रामेश्वर, छंगा, अजय पाल आदि लोग मौजूद रहे।





रोड नहीं तो वोट नहीं के बैनर तले प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### बारिश से दलदल में तब्दील हो जाता है यह मार्ग

ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग बारिश के समय दलदल और तालाब में तब्दील हो जाता है। उस वक्त इस रास्ते से गुजरना बहुत कठिन होता है। सड़क पर गहरे गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता और बाइक सवार गिरकर चोटिल हो जाते है। जबकि चार पहिया वाहन और ट्रक फंस जाते है। इस मार्ग पर ईंट, पत्थर और मिट्टी है।

### चुनाव के बाद सांसद और विधायक गायब

ग्रामीणों ने बताया चुनाव के समय जनप्रतिनिधि समस्याओं का निपटारा करने को वादे करते है। चाहे लोकसभा चुनाव या फिर विधानसभा चुनाव। विकास कार्य कराने को जनप्रतिनिधि घर-घर वोट मांगने जाते है और वोट डालने के लिए अपने पक्ष में अपील करते है। चुनाव जीतने के बाद वादे किए गए कार्यों को भूल जाते हैं। फिर से पांच साल बाद चुनाव आता है। तो वही कहानी दोहराकर वोट लेने का प्रयास करते है। यही हाल कि चुनाव में जीत हासिल के बाद भी विधायक, सांसद देखने तक नहीं आए है।



यह मार्ग जर्जर हालत में पहुंच गया है। इसमें गहरे गड्ढे है। जिससे सफर करना किसी खतरे से कम नहीं है। सड़क बनाए जाने के लिए प्रतिनिधियों से मांग की। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया है। चुनाव के समय वादे करते है। लेकिन पूरे नहीं होते हैं। – **राम खिलावन**



वर्ष 2017 में विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया था। इसके बाद सीएम के आदेश पर सड़क की मरम्मत हुई। लेकिन अब फिर से सड़क खस्ताहाल हो गई है। चुनाव में जनप्रतिनिधियों ने वादे किए। लेकिन समस्याओं को जानने के लिए कभी गांव नहीं आए हैं। – **कमलेश वर्मा**



जर्जर हालत में राठ जाने वाला मार्ग ● अमृत विचार

> जर्जर मार्गों की मरम्मत का प्रस्ताव भेजा गया है। प्रदर्शन करने का कोई औचित्य नहीं है। मैं खुद लोगों की समस्याओं के प्रति चिंतित हैं। प्रस्ताव पास होते ही सभी जर्जर मांगों पर मरम्मत कार्य होगा।
> – **चेतराम,** विधायक

### छह किलोमीटर का सफर कठिन, गन्ने भरे वाहन से हादसे की आशंका



ग्रामीणों के मुताबिक, यह मार्ग जर्जर हालत में पहुंच गया है। करीब छह किमी. का यह सफर बड़ा कठिन है। इस उबड़ खाबड़ रास्ते से गन्ना भरे ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि सामान भरकर वाहन गुजरते है। सिंगल रोड के चलते वाहनों से लोगों को हादसे की आशंका सताती रहती है। इसके साथ ही रायपुर पटियात, राठ, अठकोना, महेशापुर, बरबटपुर, रसवां कलां, गेंहुआ, कुंभिया माफी और खीरी के गांव के लोग इस मार्ग से जाने के दौरान परेशानी का सामना करते हैं। रात के समय वाहन बिगड़ने की संभावना से खतरा रहता है।

### मुख्यमंत्री के आदेश पर सड़क की मरम्मत कर घोषित कर दिया गड्ढा मुक्त

ग्रामीणों के अनुसार, 2017 में विधानसभा चुनाव में चुनाव का बहिष्कार किया था। उस वक्त अधिकारी गांव पहुंचे थे और वोट डालने की अपील की थी। मांग रखी गई थी कि चुनाव के बाद सड़क बनाई जाएगी। सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेश पर इस सड़क की मरम्मत कराई गई और गड्ढा मुक्त घोषित कर दिया गया था। लेकिन यहां गड्ढा मुक्त मार्ग पर ईंट, पत्थर और गहरे गड्ढो के अलावा कुछ नहीं है।

## एक नजर

### राजीनामा करने का दबाव बनाने का आरोप

**खुदागंज।** सब्जी बाजार के दुकानदार ने एक व्यक्ति पर अभद्रता करने व सब्जी फेंकने का आरोप लगाते हुए सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की। मामले की जांच चल रही है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उस पर राजीनामा का दबाव डाला जा रहा है। खुदागंज के मोहल्ला रामबाग निवासी राजकुमार कश्यप ने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई शिकायत में बताया कि वह नगर स्थित सब्जी मार्केट में अपनी सब्जी की दुकान लगाता है। जहां हाट वसूली में अधिक पैसा मांगने के बाद आरोपी ने उसकी गोभी की सब्जी फेंक दी और बाजार न आने की धमकी दी। उसने अवैध रूप से वसूली किए जाने की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई। उसकी शिकायत पर जांच शुरू हो गई है। इसके बाद आरोपी उस पर राजीनामा का दबाव बना रहा है।

### सीडीओ ने बैठक कर जारी किए सख्त निर्देश, अधूरी गोशालाओं को जल्द पूरा करने का आदेश

# छुट्टा पशुओं से दुर्घटना हुई तो बीडीओ व वीओ होंगे जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** अब छुट्टा गोवंश से दुर्घटना होने पर बीडीओ और वेटरनरी ऑफिसर जिम्मेदार होंगे। सीडीओ ने रविवार को बैठक कर इस संबंध में सख्त निर्देश जारी करते हुए दोनों अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी है। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र में प्रधान आदि से संपर्क कर यह पुष्टि करें कि उनके क्षेत्र में कोई पशु बेसहारा नहीं घूम रहा है। अगर कहीं से कोई दुर्घटना का प्रकरण संज्ञान में आता है तो बीडीओ और वीओ को जिम्मेदार मानते हुए आरोप पत्र दिया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।

- मनरेगा से चल रहे हैं 77 अस्थाई संरक्षण केंद्र

निराश्रित गोवंश संरक्षण के संबंध में रविवार को सीडीओ एसबी सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी और खंड विकास अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले में इस समय मनरेगा से 77 अस्थाई संरक्षण केंद्र चल रहे हैं। इनमें लगभग 6812 गोवंश संरक्षित हैं। आठ निर्माणाधीन संरक्षण केंद्रों के संबंध में खंड विकास अधिकारी जलालाबाद ने बताया कि खखूड़ी और नगला हलू का गोसंरक्षण केंद्र पूरा हो चुका है। ग्राम पंचायत रामपुर बैन का कार्य एक सप्ताह में पूरा करा लिया जाएगा। बीडीओ सिंधौली ने बताया कि ग्राम पंचायत मूर्छा व महाऊमहेश का निर्माण 15 फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। सीडीओ ने बीडीओ जलालाबाद, सिंधौली खुटार और ददरौल को निर्देश दिए कि निर्मित गो संरक्षण केंद्रों पर क्षमता के अनुसार गोवंश संरक्षित कराएं।

निर्माणाधीन गोसंरक्षण केंद्रों को एक सप्ताह के अंदर पूरा कराया जाए। साथ ही इसकी जानकारी सीडीओ को दें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए गए कि वह लगातार इस कार्य की देखरेख करें। बीडीओ भावलखेड़ा की ओर से ग्राम पंचायत सिसौआ, कांट ब्लॉक की ओर से ग्राम पंचायत पुरैना और बंडा व मिर्जापुर में गोशाला निर्माण के लिए नवीन भूमि का चिन्हांकन न होने के कारण निर्माण शुरू न होने की बात सीडीओ के संज्ञान में आई। बीडीओ मदनापुर ने बताया कि न्याय पंचायत लहसड़ी में वर्तमान में कोई गोशाला संचालित नहीं है।

अगर जगह मिल जाए तो गोशाला का निर्माण करा दिया जाएगा। उप जिलाधिकारी सदर, पुवायां और जलालाबाद से फोन पर बात कर तत्काल भूमि का चयन कराए जाने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि निराश्रित गोवंश किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने क्षेत्र में सहायक विकास अधिकारी पंचायत, पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम प्रधानों से समय-समय पर संपर्क कर यह पुष्टि करें कि उनके तैनाती क्षेत्र में कोई निराश्रित गोवंश तो नहीं घूम रहा है। अगर इसके बाद भी निराश्रित गोवंश से कोई दुर्घटना होती है तो संबंधित बीडीओ और पशु चिकित्सा अधिकारियों को जिम्मेदार माना जाएगा। उनके खिलाफ आरोप पत्र जारी करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# खेत में फंदे पर लटका सिंचाई करने गया किसान

संवाददाता, मिर्ज़ापुर

**अमृत विचारः** रविवार दोपहर साढ़े तीन बजे ग्राम जरियनपुर निवासी वदन सिंह यादव(50) ने गांव के गंगा चौराहे के पास अपने खेत में यूकेलिप्टस के पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी।

भाई रामवीर ने बताया कि वदन सिंह रविवार को गंगा चौराहे के निकट खेत में फसल की सिंचाई करने की कहकर घर से गया था। लगभग साढ़े तीन बजे चौराहे के दुकानदारों ने घटना की सूचना दी। उसने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। भाई ने बताया कि भाई की शादी नहीं हुई थी। उन्हें आत्महत्या के कारण की जानकारी नहीं है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने शव पोस्टमार्टम को भिजवाया।

### महिला की संदिग्ध हालात में मौत

**सिंधौली।** क्षेत्र के गांव पैगापुर निवासी नंद किशोर की पत्नी सीता देवी की रविवार दोपहर संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर निगोही के गांव गाजीपुर से आए मृतका के भाई अरविंद ने मौत पर संदेह जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दीवार फांद घुसे चोर, नगदी सहित ले गए लाखों के जेवर

### तिलहर और निगोही क्षेत्र में बंद घरों को बनाया निशाना

संवाददाता, तिलहर/ निगोही



निगोही के गांव अर्जुनपुर में कमरे और बक्से का टूटा पड़ा ताला, खुला बक्सा।

**अमृत विचार :** रात में कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच जिले में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। तिलहर और निगोही क्षेत्र में बंद मकानों में दीवार फांद कर घुसे चोरों ने नगदी सहित पांच लाख रुपये के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। अगले दिन मामले की जानकारी होने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर घटना की जानकारी ली। तिलहर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है, जबकि निगोही पुलिस ने मामले की जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

तिलहर क्षेत्र के गांव बढेपुर निवासी परविंदर तथा उसकी पत्नी गांव पिंगरा-पिगरी में ईंट भट्टे पर काम करते हैं। शनिवार को दिन में वह दोनों पति-पत्नी मजदूरी करने के लिए ईंट भट्टे पर चले गए। इस दौरान किसी समय चोर दीवार फांदकर मकान के अंदर घुस गए और चोरों ने संदूक तथा अलमारी के ताले तोड़कर उसमें से सोने चांदी के जेवरात तथा दस हजार रुपये चोरी कर लिए। देर शाम को पति-पत्नी घर लौटे तो घर का सारा सामान फैला हुआ था। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पीड़ित दंपती ने पुलिस को बताया

- निगोही पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट, जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन

कि उनके मकान से सोने का मांग टीका, बेसर, गले की कंठी, झाले, अंगूठी, चांदी की पायल बिछुआ तथा खंडुवा चोर चोरी कर ले गए हैं। चोरी गए सामान की कीमत परविंदर ने दो लाख रुपए बताई है।

उधर, निगोही क्षेत्र के गांव अर्जुनपुर निवासी सियाराम हिमाचल प्रदेश में परिवार के साथ रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिवार के भाई-भतीजे उसके मकान की देखभाल करते है। यहां भी चोर दीवार फांदकर मकान के अंदर घुस गए और सियाराम के घर से सोने की जंजीर, पायल समेत तीन लाख रुपये कीमत का जेवर, कपड़ा चोरी

> अर्जुनपुर में चोरी की जानकारी हुई है, घटना की जांच के साथ ही चोरों की सुरागरसी की जा रही है, जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।
> **अशोक कुमार सिंह**, थानाध्यक्ष, निगोही

कर ले गए। घटना की जानकारी तब हुई जब शनिवार सुबह सियाराम का भतीजा मकान में झाड़ू लगाने गया, तो कमरे और बक्से के ताले टूटे देख दंग रह गया। उसने परिवार के दूसरे लोगो को घटना की जानकारी दी। सूचना पर मिलने पर सियाराम हिमाचल प्रदेश से गांव पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। लेकिन चोरों का कुछ पता नही चल सका। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



रस्सी से बांधा गया सांड़ व मौजूद ब्लॉक अधिकारी और कर्मचारी।

# सांड़ को पकड़कर भेजा नंदीशाला

संवाददाता, तिलहर

- तीन दिन पहले बुजुर्ग महिला को पटक-पटक कर मार डाला था
- ग्रामीणों की आंदोलन की चेतावनी के बाद हरकत में आए अधिकारी

**अमृत विचारः** तीन दिन पहले बुजुर्ग महिला को पटक कर मार डालने वाले सांड़ को ग्रामीणों की आंदोलन की चेतावनी के बाद पकड़ कर शाहजहांपुर की चिनौर नंदीशाला भिजवा दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव राजनपुर में शुक्रवार को एक छुट्टा सांड़ ने नत्थो देवी(88) को घर के बाहर अलाव तापते समय पटक-पटक कर घायल कर दिया था। ग्रामीण उसे भगाते रहे लेकिन वह नहीं भागा और लगातार हमला करता रहा। काफी देर बाद सांड़ वहां से भागा। इसके बाद वृद्धा को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। जिसे लेकर ग्रामीण में आक्रोश था और उन्होंने चेतावनी दी थी कि अगर उत्पात मचा रहे सांड़ को नहीं पकड़ा गया तो वह आंदोलन करेंगे। चेतावनी के बाद ब्लॉक कर्मचारी हरकत में आए और रविवार को खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त तथा ब्लॉक के तमाम कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने वहां घूम रहे सांड को कैचर वाहन से पकड़कर चिनौर की नंदीशाला भेज दिया।

# पति को तलाक दे चुकी महिला पर बेटी को जबरन ले जाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पति के पास रहती थी बेटी पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचारः** ससुराल छोड़कर जा चुकी महिला पर जबरन बेटी को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोप यह भी है कि विरोध करने पर लड़की के बाबा व बुआ को महिला ने अपने साथियों के साथ मारा पीटा और तमंचा तान दिया। कई साल पहले महिला का पुलिस वाले से अफेयर हो गया तो वह पति को छोड़कर उसके साथ चली गई थी। बेटी अपने पिता और बाबा के पास रह रही थी। पुलिस टीम लड़की की तलाश में बरेली गई है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला रोशनगंज निवासी ओमकार मनीषी ने बताया कि शनिवार की दोपहर पौने तीन बजे वर्षा गोस्वामी पत्नी आशुतोष गोस्वामी प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेमनगर जिला बरेली अपने भाई निर्भय व अंकुर निवासी कस्बा तिलहर के साथ उसके घर पर नाजायज असलहे लेकर घर में घुस आई। आरोप है कि आरोपी गाली देते हुए उन्हें मारने पीटने लगे और उनके ऊपर तमंचा तान दिया। आरोपियों ने उनको जान से मारने की धमकी दी। इसी बीच वर्षा अपने साथियों के साथ उनकी पोती ऐशान्या मनीषी पुत्री पुनीत मनीषी को लेकर भाग गई। दो आरोपी उन्हें पकड़े थे, जिसके चलते वह कुछ नहीं कर पाए। खबर सुनकर उनकी पुत्री उर्वशी आ गई। आरोपियों ने उसे भी सड़क पर गिरा दिया और पीटकर घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए उनकी पोती को जबरन कार में डालकर ले गए है। वर्षा उनके पुत्र की पूर्व पत्नी रही थी और करीब दस साल पहले तलाक हो चुका है। पोती ऐशान्या को लेकर कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। उनकी पोती बीकॉम सेकेंड सेमेस्टर की छात्रा है। वर्षा वर्तमान में पुवायां में आरएमआइ इंस्टीयूट मेडिकल साइंसेस में कार्यरत है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि वर्षा गोस्वामी, निर्भय, अंकुर व दो अज्ञात के खिलाफ बलवा आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस टीमें लड़की व आरोपियों की तलाश में बरेली आदि जिलों में गई है।

#### पिता गया था अयोध्या

पुनीत मनीषी ने बताया कि घटना वाले दिन वह अयोध्या में श्रीराम मंदिर में दर्शन करने गए थे। घर पर उसकी बेटी ऐशान्या और पिता ओमकार मनीषी थे। वारदात से पहले उसके घर की रेकी की गई थी। उसके बाद पूर्व पत्नी वर्षा अपने भाइयों व कुछ लोगों के साथ उसकी बेटी को जबरन ले गई।

> ऐशान्या के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम का गठन किया गया। लड़की को शीघ्र बरामद कर लिया जाएगा। आरोपियों की तलाश की जा रही है। -**सुधीर जायसवाल**, एएसपी सिटी

### दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** परौर क्षेत्र के गांव हरनोखा निवासी सियादेवी की शादी एक साल पहले गांव में नीलेश के साथ हुई थी। उसके माता-पिता ने विवाह में सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वालों ने सियादेवी से कहा कि मायके से बाइक व सोने की चेन मंगाकर दो। पीड़िता ने ससुराल वालों से कहा कि उसके माता पिता गरीब है और उसकी छोटी बहन की शादी है। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति नीलेश, धनवीर, धनदेवी, मुनेंद्र, नन्हें, अंजली आदि के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दो भाइयों को धारदार हथियार से किया घायल

**शाहजहांपुर।** तिलहर क्षेत्र के गांव बराह मोहब्बतपुर निवासी राहुल सिंह ने बताया कि गांव का शंकर उससे पुरानी रंजिश मानता है। 27 जनवरी की दोपहर दो बजे गांव में नाली निर्माण को लेकर आरोपी शंकर गाली देने लगा। तो वह घर चला आया। आरोप है कि वह अपने साथियों के साथ उसके मकान में घुस आए और उसे और उसके भाई संजीव को धारदार हथियार से घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने शंकर, वीरपाल, भूरे, बलराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पकड़े गए पांच वारंटी

**शाहजहांपुर।** सिंधौली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि अभियुक्त राजेंद्र, रिंकू, वीरपाल निवासी मनुआवारी थाना सिंधौली, रामप्रताप निवासी उमरापुर पैगापुर थाना सिंधौली व धर्मेंद्र निवासी महुआ पाठक थाना सिंधौली के खिलाफ मुकदमें दर्ज है। कोर्ट से सभी अभियुक्तों के गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने पांचों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर ईट भट्ठा मजदूर की मौत, परिजन बेहाल

संवाददाता, खुटार

- ममेरे भाई ने की शव की शिनाख्त, प्रतापगढ़ का रहने वाला था मजदूर
- गांव खमरिया गदियाना के समीप गन्ना सेंटर के सामने हुआ हादसा

**अमृत विचारः** बंडा मार्ग पर गांव खमरिया गदियाना के समीप गन्ना सेंटर के सामने रविवार दोपहर दो बजे अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे मजदूर को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। ममेरे भाई ने शव की शिनाख्त की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मामले की सूचना परिजनों को दी, तो कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रतापगढ़ के थाना बाघराय के गांव बंधन गोपालपुर निवासी रमेश(28) ममेरे भाई कमलेश के साथ खुटार बंडा मार्ग पर स्थित गांव खमरिया गदियाना में एक ईंट भट्टे पर मजदूरी करने



मृतक रमेश।

आया था। रमेश को करीब एक माह ही हुआ था। उसकी पत्नी, बच्चे और मां रजनी, पिता महारानीदीन घर पर ही रहते हैं। रविवार करीब दो बजे वह भट्ठे पर काम निपटाने के बाद सड़क पर टहलने के लिए निकला था। वह टहलते हुए गन्ना सेंटर के समीप पहुंच गया। उसी समय बंडा की ओर से आ रहे एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर ही रमेश ने दम तोड़ दिया। जबकि चालक वाहन लेकर फरार हो गया। हादसे की खबर लगते ही गांव और भट्ठे पर काम कर रहे मजदूर मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर घटनास्थल पर थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस की पूछताछ के बाद ममेरे भाई कमलेश ने रमेश के रूप में शिनाख्त की।

> सूचना मिली थी मौके पर पहुंचा था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों के आने के बाद तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> -**संजय कुमार**, थानाध्यक्ष खुटार

पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। इस घटना की जानकारी पुलिस ने रमेश के परिजनों को दे दी है। रमेश की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# खंभा लगाने के दौरान टूटी पाइप लाइन, आपूर्ति ठप

**तिलहर, अमृत विचारः** बिजली के खंभे लगाते समय नगर पालिका की पानी की पाइपलाइन को तोड़ दिए जाने से पूरे नगर की आपूर्ति बंद हो गई, जिससे नागरिक परेशान हो गए।

बिजली विभाग द्वारा पूरे नगर में तमाम स्थानों पर नए खंभे लगाए जा रहे हैं। शनिवार शाम कुंवरगंज में नया खंभा लगाए जाने के लिए गड्ढा खोदा गया।

इस दौरान नगर पालिका की बड़ी पाइपलाइन टूट गई, जिससे सड़क पर नगर पालिका का पानी बहने लगा। पाइपलाइन टूट जाने के बाद नगर पालिका के कर्मचारियों ने नगर की आपूर्ति बंद कर दी।

रविवार को नगर पालिका के कर्मचारी वहां पर काम करते रहे, लेकिन देर रात तक आपूर्ति सुचारु न हो जाने के कारण पानी का संकट उत्पन्न हो गया।

# राजीव चौक पर लगा जाम पुलिस की गाड़ी फंसी



पुवायां में राजीव चौक पर जाम में फंसी पुलिस की गाड़ी। • अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

- रोड किनारे अतिक्रमण की वजह से बनती है जाम की स्थिति
- अव्यवस्थित यातायात के कारण आए दिन लगाता है जाम

**अमृत विचारः** नगर के सर्वाधिक व्यस्ततम चौराहे राजीव चौक पर रविवार दोपहर जाम लग गया। इस जाम में पुलिस की गाड़ी भी फंस गई। जिसे काफी मुश्किल से पुलिस कर्मियों ने निकाला।

राजीव चौक से पांच रास्ते निकले हैं। जिसमें शाहजहांपुर रोड, बंडा रोड, खुटार रोड, निगोही रोड तथा नगर को जाने वाला मार्ग है। सभी मार्गों पर निजी डग्गामार वाहनों के अवैध स्टैंड बने हुए हैं तथा सैंकड़ों ई रिक्शा की भरमार राजीव चौक से निकले हुए मार्गों पर बनी रहती है। इसके अलावा सड़क किनारे फुटपाथ पर कब्जा करके फल व सब्जी की मार्केट लगती है तथा राजीव चौक से लगभग ढाई सौ मीटर से ज्यादा दूरी तक सभी मार्गो पर सड़क किनारे तक अतिक्रमण होने से गलियारे में बदल चुके हैं। राजीव चौक से निकले हुए इन मार्गों पर प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं तथा थाना तहसील सब्जी मार्केट दो दर्जन से ज्यादा बैंक एवं स्कूल कॉलेज खंड विकास कार्यालय सरकारी एवं दर्जन भर से ज्यादा निजी अस्पताल तथा नगर की प्रमुख बाजारों में खरीददारी करने के लिए सैकड़ों की भीड़ का आवागमन इसी राजीव चौक चौराहे से होता है। भारी यातायात का दबाव सहन नहीं कर पाने पर बिना ट्रैफिक पुलिस के राजीव चौक पर अव्यवस्थित यातायात के कारण कई घंटे तक जाम लगा रहता है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि इस संबंध में क्षेत्राधिकारी पंकज पंत को अवगत कराया जा चुका है। उनके द्वारा राजीव चौक पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती के संदर्भ में अपनी रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को भेजी गई है।

# अलाव जलाने को भूसी मांगने पर दिव्यांग की पिटाई

संवाददाता, खुटार

- पीड़ित ने नगर पंचायत कर्मचारी पर लगाया आरोप
- तहरीर के दो दिन बाद भी जांच अधूरी, नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचारः** ट्रैक्टर-ट्रॉली से सड़क किनारे भूसी डाल रहे कर्मचारी से भूसी मांगने पर गाली गलौज कर दिव्यांग को पीट दिया गया। यह आरोप नगर पंचायत कर्मचारी पर लगा है। तहरीर दिए जाने के दो दिन बाद भी पुलिस की जांच अधूरी है, मामले की अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पुलिस का कहना है कि अभी इस जांच चल रही है।

नगर के मोहल्ला कोट के रहने वाले अशोक ने पुलिस को बताया कि वह दिव्यांग है। 26 जनवरी को नगर पंचायत की ओर से ट्रैक्टर-ट्रॉली से सड़क किनारे भूसी डाली



पीड़ित दिव्यांग अशोक।

जा रही थी। जिससे लोग भीषण ठंड से बचाव कर सके। बंडा मार्ग पर भूसी डाल रहे एक कर्मचारी से ठंड से बचाव करने को भूसी मांगी थी। तो उसने मना कर दिया और गाली गलौज की। विरोध करने पर उसे जमीन पर गिरा दिया और लात घूंसों से पिटाई की। इस बीच लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना के समय लोगों ने अपने मोबाइल से फोटो और वीडियो भी बनाए। पिटाई के बाद अशोक थाने पहुंचा और उक्त कर्मचारी के खिलाफ नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। यह बात को करीब तीन दिन गुजर चुके है। लेकिन पुलिस ने दी गई तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में जांच चल रही है। वहीं थानाध्यक्ष संजय कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है, मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दो भाइयों को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला अंटा निवासी विशाल कश्यप ने बताया कि शनिवार को वह अपने भाई विकास के साथ शनिवार की शाम घर जा रहा था। रास्ते में रोहित कश्यप आदि ने दोनों भाइयों को घर लिया और गाली देने लगे। विरोध करने आरोपियों ने दोनों भाइयों को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने रोहित, विमल, शिवम, निखिल, छोटू, अजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ग्राम प्रधान और ट्रैक्टर चालकों को किया जागरूक

संवाददाता, कांट

**अमृत विचार :** जलालाबाद क्षेत्र में हाईवे पर गुरुवार की सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में कंटेनर की टक्कर से 12 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। यह सभी ऑटो से गंगा स्नान करने जा रहे थे। इससे चिंतित पुलिस जागरुकता अभियान चला रही है।

रविवार को कांट थाना परिसर में क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान व ट्रैक्टर चालकों के साथ प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह ने बैठक की। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियम बताए गए और सभी उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। बताया सड़क पर चलते समय सावधानी बरतें। सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करें। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि हमारा जीवन बहुत ही अनमोल है। इसे हर हाल में बचाना है। इस दौरान क्राइम निरीक्षक सत्य सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश सिंह, उपनिरीक्षक विपिन शर्मा, उपनिरीक्षक देवेश कुमार, उपनिरीक्षक भूपेंद्र कुमार, वरिष्ठ समाजसेवी राममुरारी मिश्रा, रामचन्द्र मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा, पंडित योगेश शर्मा आदि रहे।

# ट्रेन में धुआं निकलने से मचा हड़कंप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राज्यरानी एक्सप्रेस रविवार की दोपहर साढ़े 12 बजे बरेली से आ रही थी। बंथरा स्टेशन और गर्रा पुल के बीच गेट मैन ने देखा कि स्लीपर कोच के ब्रेक वाइडिंग बॉक्स के पास धुंआ निकल रहा है। गेट मैन ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। लोको पायलट ने गर्रा पुल के निकट ट्रेन को रोक दिया। लोको पायलट उतरकर बाक्स को देखा। ट्रेन करीब आधा घंटे खड़ी रही। चालक किसी तरह ट्रेन को लेकर स्टेशन पर आया। कैरिज विभाग के कर्मचारियों ने स्लीपर के बाक्स को चेक करके सही किया। ट्रेन लखनऊ रवाना हुई।

क्षत्रिय स्वर्णकार समाज सेवा समिति शाहजहाँपुर
के तत्वावधान में
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर के सौजन्य से
नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर
का आयोजन
क्षत्रिय अतिथि भवन, चौक-शाहजहाँपुर में दिनाँक 31 जनवरी 2024, बुधवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक किया जायेगा, जिसमें रोहिलखण्ड अस्पताल के योग्यतम विशेषज्ञ डॉक्टर विभिन्न रोगों के इलाज हेतु अपनी सेवायें नि:शुल्क प्रदान करेंगे।
उपलब्ध विशेषज्ञ
सामान्य रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ चर्म रोग, विशेषज्ञ आदि।
शिविर में नि:शुल्क सुविधायें
यथोचित परामर्श, हृदय की जाँच ECG, ब्लड शुगर की जाँच, बी.पी. की जाँच, सामान्य दवाईयां।
शिविर के माध्यम से रोहिलखण्ड अस्पताल आने पर मुफ्त सुविधायें।
खून की जाँच, लीवर जाँच (L.F.T.), गुर्दे की जाँच (K.F.T.), हृदय की जाँच (E.C.G.) डायबिटीज की जाँच, भर्ती पलंग मुफ्त, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, लेन्स, सामान्य दवा खाना मुफ्त, बच्चों एवं माताओं का टीकाकरण मुफ्त।
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रू. में एक वर्ष के लिए उपलब्ध।
अस्पताल में अन्य सुविधायें :-
- अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000 रू. की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700 रू. प्रोत्साहन राशि दी जाती है।
- ब्लड बैंक, आई.सी.यू., वेन्टीलेटर की सुविधा सस्ती दर पर उपलब्ध।
- अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रु., एक्सरे 150 रू. एवं ई.सी.जी. 50 रु. में।
- सी.टी. स्कैन, एम.आर. आई., मेमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ती दर पर उपलब्ध।
सम्पर्क सूत्र
वीरेन्द्र कुमार वर्मा (अध्यक्ष) क्ष.स्व.स.से.स. मो. 9335036957
उमेश कुमार वर्मा (कोषाध्यक्ष) क्ष.स्व.स.से.स. मो. 7272052762
अनिल कुमार वर्मा (महामंत्री) क्ष.स्व.स.से.स. मो. 9235777541
विपिन शर्मा (रोहिलखण्ड अस्पताल) शाहजहाँपुर मो. 9140537834

# मृतक आश्रितों को मिला पांच-पांच लाख का मुआवजा

## जितिन ने बंधाया ढांढस, बरेली-फर्रुखाबाद हाइवे पर कंटेनर की टक्कर से ऑटो सवार 12 लोगों की मौत का मामला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अल्हागंज के सुगसुगी गांव के पास 25 जनवरी को भीषण सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों तक योगी सरकार की मदद पहुंची है। परिजनों के बैंक खातों में पांच-पांच लाख रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। वहीं रविवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने गांव दमगड़ा और लहसना पहुंचकर मृतक आश्रितों को ढांढस बंधाया। साथ ही कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरी सरकार आपके साथ खड़ी है और हर संभव मदद मृतक के परिवारों की कर रही है।

जिले के अल्हागंज क्षेत्र के सुगसुगी गांव के पास कंटेनर की टक्कर से ऑटो सवार 12 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में आठ पुरुष, तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल था। एसडीएम द्वारा परीक्षणोपरांत सभी 11 किसानों के परिजनों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत लाभान्वित होने हेतु योग्य पाया गया। रविवार को डीएम उमेश प्रताप सिंह ने मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत लाभान्वित करने के लिए अनुमोदन देने के बाद मृतक आश्रितों के खाते में पांच-पांच लाख रुपये की धनराशि भेज दी गई। उधर, रविवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद गांव दमगड़ा और लहसना पहुंचे। उन्होंने मृतक आश्रितों को ढाढस बंधाने के साथ ही शोकाकुल परिजनों के सामने एडीएम (प्रशासन) संजय पांडेय व एएसपी (ग्रामीण) मनोज कुमार अवस्थी को निर्देशित किया कि शोकाकुल परिजनों की हर संभव मदद होनी चाहिए। इस दौरान एडीएम प्रशासन ने बताया कि सभी मृतकों के परिजनों को राहत दे दी गई है। सिर्फ दो लोग, जिनके आश्रितों के बैंक में खाते नहीं थे। उनके खाते खुलते ही धनराशि खाते में पहुंच जाएगी। इस दौरान पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णा राज, विधायक वीर विक्रम सिंह, हरिप्रकाश वर्मा, वीरेंद्र प्रताप मुन्ना, मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, भाजपा नेता सत्यभान सिंह भदौरिया, कौशल मिश्र आदि साथ रहे।



गांव दमगड़ा में शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार



दुर्घटनाग्रस्त ऑटो का फाइल फोटो।

### एक महीने से कंटेनर चला रहा था कमलेश

चालक कमलेश ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह मैनपुरी का रहने वाला है। वह पिछले एक महीने से ही सेफी रोड लाइंस की गाड़ी चलाता है, जिसके मालिक अनीस बाबू है, जो गाजियाबाद में रहते हैं। अभियुक्त चालक ने बताया कि घटना से एक दिन पहले गाजियाबाद से माल लोड करके वाया फर्रुखाबाद होते हुए नेपाल की तरफ जा रहा था। अचानक अल्हागंज थाने से पहले पुलिया के पास एक ऑटो से टक्कर हो गई थी। जिससे ऑटो में सवार कई लोग मर गए थे। चालक घबराकर कंटेनर छोड़कर भाग गया था।

### 48 घंटे में पकड़ा गया आरोपी कंटेनर चालक



**शाहजहांपुर।** बरेली–फर्रुखाबाद मार्ग पर थाना अल्हागंज क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में फरार चल रहे कंटेनर चालक को पुलिस ने शनिवार की रात मऊ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। चालक मैनपुरी का रहने वाला है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि थाना अल्हागंज क्षेत्र में 25 फरवरी को दिन में साढ़े दस बजे घना कोहरा होने के कारण गांव सुगसुगी के सामने कंटेनर ने गंगा स्नान करने फर्रुखाबाद के पांचाल घाट जा रहे श्रद्धालुओं से भरे टैंपो को टक्कर मार दी थी, जिससे उसमें सवार सभी 12 लोगों की मौत हो गई थी। चालक कंटेनर छोड़कर भाग गया था। उन्होंने बताया कि चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। एसपी ने चालक की गिरफ्तारी के लिए एसओजी, सर्विलांस टीम, अल्हागंज थाने की दो टीमों को लगाया था। पुलिस टीम को सुबह साढ़े दस बजे सूचना मिली कि स्टेट हाइवे पर मऊ जाने वाले मार्ग पर फरार चालक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया चालक कमलेश निवासी कल्याणपुर थाना कुरावली जिला मैनपुरी है। पुलिस ने चालक का चालान कर दिया। टीम में एसओजी प्रभारी शैलेंद्र सिंह, उप निरीक्षक राजाराम पाल, एसओ ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# स्ट्रीट लाइट बंद रहने से रेलवे स्टेशन पर रहता है अंधेरा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर अशफाकनगर चौराहे से छोटी लाइन रेलवे स्टेशन तक स्ट्रीट लाइट लगी हुई है। बीस दिन से स्ट्रीट लाइट बंद है। सड़क पर रात में अंधेरा रहता है। रात के समय दुकान में चोरी आदि का भय बना रहता है। नगर निगम से शिकायत करने के बाद भी स्ट्रीट लाइट ठीक नही की गई। कोहरे के कारण हादसे का खतरा बना रहता है। स्टेशन रोड पर खंडसरी बाबा मंदिर के निकट एक सरकारी नल लगा हुआ है। जो कई माह से खराब पड़ा है। मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए लोग आते है तो पानी की दिक्कत होती है। नगर निगम में हैडपंप ठीक कराने के लिए कई बार शिकायत की गई। लेकिन हैडपंप ठीक नहीं हुआ है। क्षेत्र के दुकानदारों ने नगर आयुक्त से मांग की स्ट्रीट लाइट व हैडपंप ठीक कराया जाए।

# बेखौफ: 19 के काटे चालान फिर भी सवारियों को लटकाकर चालक दौड़ाते रहे डग्गामार वाहन

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** क्षमता से अधिक सवारियों को भरकर और पायदान पर लटकाकर चलने वाले वाहनों की खबर छपने के बाद अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया। पुलिस ने सख्ती दिखाकर करीब 19 वाहनों के चालान काटे। हालांकि कार्रवाई के बाद भी क्षमता से अधिक सवारियों को लेकर चालक बेधड़क होकर वाहन दौड़ाते रहे।

खुटार में बंडा, पुवायां, मैलानी, पूरनपुर और गोला रोड पर बस, मैजिक वाहन चलते है। जिनसे अवैध वसूली भी होती है। इन वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करके सवारियों को भरा जाता है। नगर में टैक्सी स्टैंड और बस स्टैंड नहीं है। वाहनों में क्षमता से कही ज्यादा सवारियों को भरकर चालक चलते है। जिनसे दुर्घटना होती है। अमृत विचार अखबार ने रविवार को इस मुद्दे को उठाया और खबर को बड़ी प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अधिकारियों के आदेश पर थानाध्यक्ष संजय कुमार ने खुटार तिकुनियां पर चेकिंग अभियान चलाया और बस, मैजिक के करीब 19 वाहनों के चालान काटे। पुलिस के चालान काटने के दौरान मैजिक में भरी और लटकाकर सवारियों को ले जाने का काम चलता रहा। थाने के सामने से डग्गामार वाहन फर्राटे भरते रहे। पुलिस की यह कार्रवाई चालान काटने तक सीमित रहने से वाहन चालकों पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा।



मुख्य बाजार में पायदान पर सवारियां लटकाकर ले जाता मैजिक। ● अमृत विचार



जुगाड़ वाहन पर लदा सामान।

▸▸ अमृत विचार में खबर छपने के बाद अधिकारियों ने लिया संज्ञान

"लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आज भी 19 वाहनों के चालान काटे गए हैं, जो डग्गामार वाहन सवारियां लटका कर चल रहे हैं। उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

– **संजय कुमार**, थानाध्यक्ष, खुटार




थाने के सामने जाता ओवरलोड जुगाड़ वाहन

# अफीम तस्करी में दो गिरफ्तार

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार:** जिले भर में एसपी के निर्देश पर धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है।

थाना प्रभारी राकेश मौर्य ने बताया कि शनिवार शाम दलेलापुर तिराहे पर पुलिस टीम गश्त कर रही थी, इस दौरान दो युवक वहां पर खड़े थे। पुलिस को देखकर अचानक भागे तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनकी तलाशी लेने पर 950 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में उन्होंने अपना पता थाना जलालाबाद के ग्राम ठिगरी निवासी अवधेश कुमार और दूसरे साथी ने इसी थाने के मोहल्ला आजाद नगर निवासी रितिक उर्फ गौरव द्विवेदी बताया। दोनों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेजा गया। चर्चा है कि इस मामले में पुलिस ने करीब एक दर्जन लोगों को अफीम तस्करी के आरोप में हिरासत में लिया था लेकिन जेल केवल दो लोगों को भेजा गया।



पुलिस हिरासत में आरोपी।

# चोरी से काटा पेड़ लकड़ी छोड़ भागे

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** खाली जगह पर खड़े सिरसा के पेड़ को दो लोगों ने चोरी से काट लिया। पेड़ स्वामी के पहुंचने पर आरोपी लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़ भाग गए। गांव बेनीपुर निवासी विजयपाल पुत्र गयाप्रसाद ने पुलिस को बताया कि खाली जमीन पर सिरसा का पेड़ था।

गांव गझेड़ी निवासी ठेकेदार मुन्ने ने गांव के एक व्यक्ति की मदद से पेड़ को शनिवार रात कटवा दिया और लकड़ी ट्रैक्टर पर लादकर भाग गए। जानकारी मिलने पर जब पीड़ित पहुंचा तो आरोपी लकड़ी छोड़कर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लकड़ी कब्जे में ले ली।

# नफरत फैलाकर भाईचारा बिगाड़ रही भाजपा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मुकरमपुर में सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व व सेक्टर प्रभारी लल्ला सिंह यादव की अध्यक्षता में पीडीए जन पंचायत हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा नफरत फैलाकर आपसी भाईचारा बिगाड़ कर देश और प्रदेश की तरक्की का रास्ता रोक रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव ही भारतीय संविधान और लोकतंत्र को बचाने का काम करेंगे। भाजपा बाबा साहब के बनाए हुए संविधान से भी छेड़छाड़ करना चाहती है।

रविवार को हुए कार्यक्रम में सपा नेता राजेश कश्यप ने कहा कि भारी साजिश के तहत भाजपा सरकारी नौकरी व बाबा साहब की ओर से दिए गए आरक्षण को खत्म करना चाहती है। भाजपा को सत्ता से बेदखल करना पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यक समाज के हित में बहुत जरूरी है। महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल ने कहा कि जब से भाजपा सरकार देश और प्रदेश में आई है तब से युवाओं की नौकरी छीन रही है। इस मौके पर नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी ने जन पंचायत में आए हुए पार्टी के सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रदेश सचिव विजय सिंह, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफ़ीज़ अंसारी, सपा के जिला उपाध्यक्ष जिवेंद्र बाजपेयी, सपा के जिला सचिव श्याम सिंह यादव, जोनल प्रभारी जबर सिंह, लाला सिंह यादव आदि ने भी विचार रखे। यहां परमजीत सिंह यादव, प्रेमपाल वर्मा, नसीम खान पूर्व प्रधान, राजेश जाटव, रामबाबू प्रजापति, अतुल, संजीव, यश मौर्य, रानू खान, सर्वेश कुमार वर्मा, विपिन, साहिल, पप्पू आदि मौजूद रहे।



जन पंचायत को संबोधित करते सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान। ● अमृत विचार

▸▸ मुकरमपुर में आयोजित पीडीए जन पंचायत में बोले सपा जिलाध्यक्ष

## सार-संक्षेप

### चार शातिर बदमाश गिरफ्तार



**रोजा।** रोजा पुलिस ने अलग अलग क्षेत्रों से चार शातिर बदमाशों को चाकू व तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी का आर्म्स एक्ट में चालान कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शस्त्र रोकथाम के लिए सघन अभियान के तहत क्षेत्र के अलग–अलग क्षेत्रों से मुस्कान पुत्र शकील निवासी जैनुद्दीनगर थाना रोजा के पास से चाकू, मसकूर पुत्र मो. शफी के पास से तमंचा व कारतूस व चांद मियां पुत्र मतीउल्ला के पास चाकू निवासी बाडी गांव थाना रामचन्द्र मिशन तथा अवनीश कुमार सिंह पुत्र नारेंद्र सिंह के पास से तमंचा निवासी आईटीआई कॉलोनी थाना रोजा को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि चारों शातिरों के विरुद्ध कई मामले दर्ज हैं।

### चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत जलालाबाद पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया और 100 ग्राम चरस व मोबाइल बरामद किया है। जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह का शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे सूचना मिली कि सरैया मोड़ पर एक मादक पदार्थ तस्कर खड़ा जो किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया तस्कर चमन निवासी सरायसाधौ थाना जलालाबाद है। पुलिस ने उसके कब्जे से 100 ग्राम चरस व एक मोबाइल बरामद किया है। तस्कर पर पहले से दो मुकदमें है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि क्षेत्र में कम दाम में चरस खरीद लेते है। जिसे ढाबों में बेचता था। पुलिस ने तस्कर का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह आदि है। इसी थाने की पुलिस ने रिजवान व फईम निवासी गौसनगर थाना जलालाबाद को तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों का चालान कर दिया।

### विधायक सलोना ने जताया दुख, परिवार को दी सांत्वना



**तिलहर।** शनिवार देर शाम को विधायक सलोना कुशवाहा नगर के मोहल्ला उम्मरपुर स्थित सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव अनवर उल्ला खान वारसी के आवास पर पहुंची। विधायक ने राष्ट्रीय सचिव अनवर उल्ला खान वारसी को सांत्वना देते हुए उनकी मां के निधन पर शोक जताते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, प्रधान प्रतिनिधि अनिरुद्ध यादव आदि मौजूद रहे।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल
VAMRCH SHAHJAHANPUR
FREE!
"मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
आपके शहर शाहजहांपुर में विशाल नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर
दिनाँक : सोमवार, 29 जनवरी 2024, समय प्रात: 10 बजे से 02 बजे तक
स्थान : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल बंथरा, शाहजहांपुर
हड्डी रोग विभाग कमरा न. 209
Dr.(Prof) Varun Agarwal
Minimal Invasive and Endoscopic Spine Surgeon, Prof. Orthopedics, Rohilkhand Medical College, Bareilly
स्त्री रोग विभाग कमरा न. 190
Dr. Pragya Mishra
Gynae Endoscopy,Laparoscopy & Hysteroscopy Surgeon, Associate Prof. Gynae, Rohilkhand Medical College, Bareilly
विशेष सुविधाएं
- नि:शुल्क परामर्श
- बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
- खून की जांचों पर भारी छूट
- एक्स-रे पर भारी छूट
- सभी दवाइयों पर भारी छूट
- आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
- कैंप मैं रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 7521001989

शर्मायें नहीं सम्पर्क करें
हर उम्र में
ताकत
रुकावट
बवासीर
बै-औलाद
शुक्राणुओ
की कमी
हर तरफ से निराश स्त्री पुरुष गुप्त रोगी मिलें
शुगर
जोडों का दर्द




GMP & ISO CERTIFIED Co.
डा.शेख
क्या आप बचपन में की गई गलतियों के कारण अपना वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है और जगह जगह इलाज करा करा परेशान हो चुके हैं या डाक्टर, हकीमों से हट चुका है तो एक बार हिन्दुस्तान के जाने माने यौन रोग चिकित्सक डा.शेख से सम्पर्क करें डा. शेख को अच्छे इलाज के लिये अनेको अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है जैसे
Gold Medalist Best Sexologist in india
Pride of Country Kohinoor A Tibb
Chikitask Ratan Manav Sewa Ratan
Ahinsha Dharam Ratan
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

# समर्पित भाव से सेवा और समृद्ध राष्ट्र का लिया संकल्प

## ओसीएफ के वरिष्ठ महाप्रबंधक ने किया ध्वजारोहण, बच्चों और शिक्षकों ने देशभक्ति गीतों से बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** आयुध वस्त्र निर्माणी में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वेलफेयर कैंटीन के समक्ष वरिष्ठ महाप्रबंधक अखिलेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि आज के दिन सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने देश व अपनी निर्माणी की समर्पित भाव से सेवा करेंगे और एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र बनाएंगे।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने बताया कि निर्माणी को आने वाले वर्ष का टार्गेट मिल गया है, जिसे समय से पूरा करना हम सभी की ज़िम्मेदारी है। समारोह में डब्ल्यूडब्ल्यूए स्कूल के बच्चों ने महान स्वतंत्रता सेनानी झांसी की रानी, सरदार भगत सिंह आदि क्रांतिकारियों के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका, देश भक्ति गीत, नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। शिक्षिका पायल सक्सेना ने देश भक्ति गीत पर नृत्य तथा विनीत सक्सेना ने गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर निर्माणी के उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को घड़ी एवं नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। समारोह में टीसीएल महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष पूनम सक्सेना, अपर महाप्रबंधक एके वर्मा, संयुक्त महाप्रबंधक एसके मीना, उप महाप्रबंधक अनु सक्सेना, सुहास एम आइसक, प्रकाश प्रभाकर, ऋषि बाबू, दिव्यानंद पांडेय, सुरक्षाधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव कुमार सहित निर्माणी के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं यूनियन, एसोसिएशन, जेसीएम, कार्यसमिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। कार्यसमिति सदस्य अनुज सक्सेना ने आभार व्यक्त किया।इधर, आर्य महिला डिग्री कॉलेज में प्राचार्य डॉ. सुनीता जैसल ने महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य तथा संवैधानिक अधिकारों पर आधारित लघु नाटिका के माध्यम से गणतंत्र दिवस के महत्व को प्रस्तुत किया। संचालन हिंदी विभाग की प्रोफेसर रूपांशु माला ने किया। कार्यक्रम के दौरान रजनी सिंह, रानू दुबे भी उपस्थित रहीं।



ओसीएफ कैंटीन के समक्ष ध्वजारोहण करते वरिष्ठ महाप्रबंधक अखिलेश कुमार। ● अमृत विचार

## रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग ने मनाया गणतंत्र दिवस



ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल विंग की महिलाएं। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर।** रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया। डॉ. नमिता सिंह ने ए मेरे वतन के लोगों गीत गाया। सभी ने दीपक जलाकर रामलला के आने की खुशी भी जताई। इस मौके पर गीता त्रिवेदी, साक्षी सिंह, मीरा सेठ, शोभा सेठ, मीरा सक्सेना आदि मौजूद रहीं।

## तिरंगा यात्रा के साथ में निकाली बाइक रैली



**शाहजहांपुर।** रौरा के प्रधान इंद्रपाल ने गणतंत्र दिवस पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। जिसमें गांव व सेहरामऊ दक्षिणी के सभी युवा बुजुर्ग शामिल रहे। तिरंगा यात्रा की शुरुआत सेहरामऊ दक्षिणी जालिफा देवी मंदिर से कुतुवापुर से होते हुए सूरतपुर, चंदगोई, सरदार नगर सीमा से वापस रौरा, नागरपाल बादशाह नगर से होते हुए जलालपुर, गुवांरी, चौडेरा, रौसर कोठी के बाद में राजधानी हॉस्पिटल पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में अरविंद कुमार पाल, डॉ. विनय पाल, मित्रपाल, राजीव कुमार पाल, विवेक कुमार मिश्रा, अभिषेक मिश्रा,आयुष पाल, राजन, दीक्षित शिवम दीक्षित आदि रहे।

## रोजा में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**रोजा।** गणतंत्र दिवस के पर्व पर रोजा थाने में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, रोजा मंडी में सचिव प्रवीण कुमार अवस्थी, आईटीआई में प्रधानाचार्य नागेन्द्र सिंह, भारतीय स्टेट बैंक रोजा मंडी शाखा में शाखा प्रबंधक अश्वनी वर्मा, एचडीएफसी बैंक में शाखा प्रबंधक घनश्याम सोनी आदि के अलावा विभिन्न बैंकों व अन्य संस्थानों में सुबह ध्वजारोहण किया गया। इसके अलावा आली ज्ञान दीप इंटर कॉलेज, नोटिफाइड स्कूल, रेलवे इंटर कॉलेज में ध्वजारोहण के साथ प्रभात फेरियां निकाली गईं। इस दौरान हाथ में तिरंगा लिए बच्चे वंदे मातरम, भारत माता की जय आदि जयकारे लगाते चल रहे थे। वहीं अवध पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया इस मौके पर प्रधानाचार्य ने स्कूल की नन्ही छात्रा तान्या पांडे को पुरस्कृत किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ **राम मुरारी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस**

**अमृत विचार:** राम मुरारी पब्लिक स्कूल मीरानपुर कटरा में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि शोभना अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद्र अग्रवाल, डॉ. चीना अग्रवाल और विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. लवलेश दत्त ने तिरंगा फहराया। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षणेतर कर्मचारियों ने तिरंगे को प्रणाम करते हुए देश को नमन किया। पश्चात बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें देशभक्ति गीत, नृत्य व भाषणों की प्रस्तुतियों को सभी ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि शोभना अग्रवाल ने कहा, हमें ध्यान रखना चाहिए कि बहुत बलिदान देने के बाद आज हमें स्वतंत्र हवा में सांस लेने का अवसर मिला है। हमें हर मूल्य पर अपनी स्वतंत्रता और अखंडता बनाए रखनी होगी। कार्यक्रम में प्रबंधक डॉ. अशोक अग्रवाल और डॉ. किरन अग्रवाल ने सभी को पर्यावरण की रक्षा का संकल्प दिलाया।




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

## युवाओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



गणतंत्र दिवस के पर्व पर युवाओं ने तिरंगा यात्रा शुरू की। ● अमृत विचार

**सेहरामऊ दक्षिणी।** गणतंत्र दिवस के पर्व पर युवा जालिपा देवी मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। मंदिर परिसर से तिरंगा यात्रा शुरु हुई, जो सूरतपुर, चंपापुर, रौरा, फरीदापुर, सुजातपुर होते हुए मंदिर परिसर में आकर समाप्त हो गई।



रोजा में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस। ● अमृत विचार



दि बुद्धिस्ट सोसाइटी के कैलेंडर का विमोचन करते अतिथि। ● अमृत विचार

## बुद्धिस्ट सोसाइटी ने किया कैलेंडर का विमोचन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ **गणतंत्र दिवस पर हुई गोष्ठी में संविधान निर्माण के बारे में दी गई जानकारी**

**अमृत विचार:** दि बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर यशोधरा बुध्द विहार हथौड़ा बुजुर्ग में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर तोताराम धम्माचार्य ने तिसरन एवं पंचसील ग्रहण कराया। इस मौके पर सोसाइटी कैलेंडर का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गन्ना किसान संस्थान के सहायक निदेशक डॉ. पीके कपिल सहायक निदेशक ने संविधान निर्माण के बारे में रोचक जानकारी दी। जयेंद्र कुमार ने बताया कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपने अथक प्रयास से भारतीय संविधान तैयार किया, जिसे 26 जनवरी 1950 को देश को समर्पित कर गणतंत्र व्यवस्था की स्थापना की गई। लखीमपुर खीरी के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. रामसागर यादव ने कहा कि समतामूलक समाज की बात डॉ. बीआर आंबेडकर के विचारों के बगैर पूरी नहीं हो सकती। एस सी/एसटी बेसिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजय वर्मा ने कहा कि भारतीय संविधान को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान देने का श्रेय डॉ. आंबेडकर को जाता है।

इस अवसर पर मलिखान सिंह दिनकर, सहायक आयुक्त राज्यकर प्रवेश तोमर, वेदपाल सुमन, विनोद कुमार छावला आदि ने भी विचार व्यक्त किए। संगठन अध्यक्ष रामसेवक गौतम ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सुरेश पाल सिंह, संदीप कुमार गौतम, शैलेंद्र कुमार गौतम, अनूप कुमार, योगेश कुमार, ग्यारी लाल, वीरेंद्र प्रताप, रामरतन बौद्ध, दिनेश चंद्र गौतम, सर्वेश भारती, संतोष कुमार प्रभाकर, दिनेश कुमार सिह, मोहित आदि मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस की परेड में सम्मानित होकर लौटे ग्राम प्रधान का स्वागत



ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता का स्वागत करते ग्रुप के सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ **वीआईपी ग्रुप की ओर से हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

**अमृत विचार:** जिले की ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर के प्रधान अनिल कुमार गुप्ता को भारत सरकार की तरफ से 26 जनवरी की गणतंत्र दिवस परेड में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर लौटे ग्राम प्रधान को नगर के एक रेस्टोरेंट में वीआईपी ग्रुप ने बैठक कर सम्मानित किया गया।

मुस्लिम बाहुल्य ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर के ग्राम प्रधान और वीआईपी ग्रुप के उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने गांव में साफ-सफाई, हरियाली, इंटरलॉक सड़कें, वॉल पेटिंग और सेल्फी प्वाइंट आदि बनवाए हैं। जिले की 1069 ग्राम पंचायतों में सिर्फ ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर का चयन हुआ था। मॉडल ग्राम पंचायत को इस बार दिल्ली की गणतंत्र दिवस परेड में सम्मानित करने के लिए आमंत्रण मिला। सम्मान लेकर लौटने पर ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता का ग्रुप के सभी सदस्यों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान ग्राम प्रधान ने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड को देखकर और केंद्रीय पंचायती राज मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल से सम्मान पाकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वह इसका श्रेय ग्राम वासियों, परिजनों, सहयोगियों और ईष्ट-मित्रों को देते हैं। कहा कि जिले की हर ग्राम पंचायत के प्रधान बढ़चढ़कर योगदान करें ताकि हर गांव मॉडल बन सके। तभी देश विकसित हो पाएगा। इस मौके पर ग्रुप की अध्यक्ष नीतू गुप्ता सहित तराना जमाल, निधि बहल, हेमा अग्रवाल, रिद्धि बहल, नुजहत अंजुम, अंकित गुप्ता, अंकित खंडेलवाल, अभिषेक अग्रवाल, महेंद्र दुबे, सचिन बाथम, अभिनय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## ...हवा से अब मेरा जलता दीया देखा नहीं जाता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ **कवियों और शायरों ने मुल्क की तरक्की के लिए आपसी भाईचारे पर दिया जोर**

**अमृत विचार:** अल मुश्किल कुशा नेशनल सोसायटी के तत्वावधान में मामूड़ी स्थित अल मुश्किल स्कूल के सभागार में महफिल-ए-मुशायरा का आयोजन किया गया। कवियों और शायरों ने गीतों और गजलों से समां बांध दिया।

मुशायरे का आगाज तिलावते कुरान से हुआ। इसके बाद वरिष्ठ शायर असगर यासिर ने सुनाया- हर इक शब आके दरवाजे पर अपना सर पटकती है, हवा से अब मेरा जलता दीया देखा नहीं जाता। वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान ने कहा- हकीकत आ गई खुलकर छुपाओगे नजर कब तक, सहारा झूठ का लेकर करोगे तय सफर कब तक। हमीद खिजर ने कहा- ये मेरे कमरे में कैसी हवाएं दर आईं, खुली जो आंख तो वीरानियां नजर आईं। राशिद हुसैन राही ने सुनाया- वह पूछता रहता है मेरा हाल जो सबसे, शायद मेरी चाहत का अभी उस पे असर है। कवि अजय अवस्थी ने सुनाया- आंगन आंगन खड़ी मिलें जो वो दीवार गिराता चल, मेरे साथी मेरे मितवा सबका साथ निभाता चल। मुशायरे का संचालन करते हुए शायरा गुलिस्तां खान ने सुनाया- मैं उस मुकाम पर पहुंची जहां मुखालिफ भी, दुकां बढ़ा गए कुछ और काम करने लगे। फहीम बिस्मिल ने कहा- मिल तो लिया हूं आदमी अच्छा नहीं लगा, दीवार सा लगा है, दरीचा नहीं लगा। इस मौके पर इशरत सगीर, कवि विकास सोनी ऋतुराज, खलीक शौक, मलिक अस्मत अली, क़ासिम अख़्तर वारसी, फरमान खां चिश्ती आदि ने भी काव्य पाठ कर तालियां बटोरीं। इससे पहले शायरों और कवियों को विशिष्ट अतिथि बार एसोसियेशन के अध्यक्ष नारायण दत्त त्रिपाठी गुल्लू, महासचिव राजीव शर्मा, पूर्व अध्यक्ष जसविंदर सिंह बजाज, सोसायटी अध्यक्ष शेख़ मौलाना शाही बहार आलम रजवी ने सम्मानित किया।



अल मुश्किल स्कूल में आयोजित मुशायरा में कलाम पेश करते शायर इशरत सगीर।

## ..हमारी नींद तो देखो मज़े से सो रहे हैं हम

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** प्रवाह साहित्यिक संस्थान की मासिक काव्य संध्या का आयोजन कवि सरोज मिश्र के आवास पर रविवार को किया गया। शुरुआत कमल मानव ने वाणी वंदना से की। इस अवसर पर लोक गीतकार विजय ठाकुर ने सुनाया कि- हमारे पांव ये दोनों किसी अजगर के मुंह में हैं, हमारी नींद तो देखो मज़े से सो रहे हैं हम। गीतकार कमल मानव ने सुनाया- अभ्र भेद दिनकर की किरणें सरसाएंगी सृष्टि, प्राणवान विग्रह रघुवर का मिली भक्ति को दृष्टि। प्रकट हुआ देवत्व तिरोहित होगा आसुर भाव, देखो कवि कल्याण मार्ग पर जाती हुई समष्टि। ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान ने- जीस्त के रंग तो मरकर नहीं देखे जाते, मौत के बाद ये मंज़र नहीं देखे जाते। जो तराशे हैं गए ज्ञान गए वो पूजे, हैं पड़े बन के जो पत्थर नहीं देखे जाते। संस्थाध्यक्ष सुशील दीक्षित विचित्र ने कहा- आज़ादी तब आई जब तिलक ने हांक लगाई जन्मसिद्ध अधिकार हमारा। कुलदीप दीपक ने - लोकतंत्र ने विजय दिला दी स्थापित कर राम को, आओ झुकाएं हम सब मिलकर शीश अयोध्या धाम को। संयोजक सरोज मिश्र ने स्वप्न की सेज पर जागती कब तलक, नींद की बीन पर आंख में सो गई। इस मौके पर उमेश चंद्र सिंह, राजीव सिंह भारत आदि ने भी काव्यपाठ किया।

# काम की तलाश में घर से निकले दो दोस्तों की मौत

## भगा मोहम्मदगंज पुल के पास अनियंत्रित वाहन ने बाइक रौंदी

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचारः** वाहनों की तेज रफ्तार ने दो और जान ले ली। बाइक पर सवार होकर जा रहे दो युवकों को वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें दोनों की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। हालांकि टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं लग सका। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज पड़ताल में जुट गई है।

अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम नगरिया कॉलोनी निवासी निखिल माझी (36) पुत्र बलराम और संजय मलिक (32) पुत्र सूरज मलिक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। रविवार शाम को दोनों बाइक पर सवार होकर काम से भिकारीपुर गांव जाने के लिए निकले। रास्ते में भगा मोहम्मदगंज पुल के पास पहुंचते ही किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। लहूलुहान हालत में दोनों को पड़ा देख कुछ ही देर में लोग जमा हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। अमरिया एसओ बृजवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों से हादसे के बारे में जानकारी की गई। शवों की शिनाख्त कर परिवार वालों को सूचित किया गया। इस पर परिवार वाले भी आ गए। अन्य थानों को सूचना देकर चेकिंग कराई गई लेकिन टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं लग सका।


विलाप करते मृतक संजय के परिवार वाले। ● अमृत विचार

- परिजनों ने पुलिस को नही दी तहरीर, टक्कर मारने वाल वाहन चालक फरार
- पुलिस जानकारी के आधार पर पड़ताल में जुटी, परिजनों में मची चीत्कार


संजय मलिक।


निखिल माझी।

### हादसे ने दोनों परिवारों की खुशियों को मातम में बदला

घर से हंसी-खुशी बाइक पर सवार होकर निकले दो युवकों की मौत के बाद दोनों के परिवार में एक पल में मातम छा गया। शव देख परिवार वाले बेसुध हो गए। चीख पुकार मची रही। दोनों मृतकों की शादी हो चुकी थी। मृतक निखिल माझी के तीन पुत्र हैं। जबकि संजय मलिक के एक पुत्री है। देवहा नदी पुल के पास हुए हादसे ने दोनों परिवारों की खुशियों को मातम में बदल दिया। आसपास के ग्रामीण और रिश्तेदार गमगीन परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे रहे।

"वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हुई है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। टक्कर मारने वाले वाहन के बारे में जानकारी करा रहे हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
– **बृजवीर सिंह**, एसओ अमरिया।

### अलग-अलग हादसों में दो की मौत


राजीव भारती।

- एक ने बरेली तो दूसरे ने सीएचसी में दम तोड़ा
- दोनों हादसों में वाहन ने मारी थी दोनों को टक्कर

**पूरनपुर।** कोहरा हादसे का सबब बना हुआ है। अलग-अलग स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। एक ने बरेली के अस्पताल जबकि दूसरे ने सीएचसी में दम तोड़ा। हादसे के बाद दोनों परिवारों में चीख पुकार मची रही। कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर तालुके महाराजपुर के निवासी हरिराम का पुत्र राजीव भारती (19) मजदूरी करता था। शनिवार शाम राजीव मजदूरी करके पूरनपुर से घर वापस लौट रहा था। असम हाईवे पर बंडा चौराहे के पास उनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पीलीभीत के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर रेफर कर दिया गया। इस पर परिजन उसे बरेली ले गए। बरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार देर रात राजीव की मौत हो गई। जवान बेटे की मौत की खबर से परिवार बिलख उठा। रविवार को शव का अंतिम संस्कार किया गया। उधर, दूसरा हादसा घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा का है। गांव निवासी 30 वर्षीय अमित शनिवार देर रात कस्बे से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। कनपारा गांव के पास पहुंचते ही उसे वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों ने युवक को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया। जहां चिकित्सक ने अमित को मृतक घोषित कर दिया। सूचना पर परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी की। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# प्रेमी के घर पहुंची किशोरी शादी की जिद पर अड़ी

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** इश्क में परिवार-समाज से बगावत करके एक किशोरी प्रेमी के घर आ धमकी। उसे देख प्रेमी के घरवालों के होश उड़ गए। वह प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ गई। घबराए लड़के के परिवार ने पुलिस को खबर दी।

मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। किशोरी शाहजहांपुर जनपद के निगोही थाना क्षेत्र की रहने वाली है। बताते हैं कि कोतवाली क्षेत्र के युवक की रिश्तेदारी निगोही क्षेत्र में है। जहां उसका आना-जाना बना रहता था। वहीं की एक किशोरी से उसका प्रेम प्रसंग हो गया। रविवार को किशोरी अचानक निगोही क्षेत्र से अपना घर छोड़कर प्रेमी के गांव पहुंच गई। गांव में पता पूछकर वह प्रेमी के घर तक पहुंच गई। अचानक अजनबी लड़की के आने पर परिवार वालों ने माजरा पूछा, तो उसने बेधड़क होकर युवक के साथ अपनी प्रेम कहानी बयान कर दिया। जिसे सुनकर युवक के परिजन भी दंग रह गए। किशोरी शादी की जिद पर अड़ी हुई थी। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस युवक और किशोरी दोनों को कोतवाली ले लाई। युवक के परिजन भी पहुंच गए। बताते हैं कि कोतवाली में भी किशोरी प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़िग रही। सूचना मिलने पर किशोरी के परिजन भी आ गए। दोनों परिवारों के बीच वार्ता चली और फिर समझा-बुझाकर दोनों को घर भेज दिया गया।

## जियो टावर के नाम पर पांच लाख हड़पे

**लखीमपुर खीरी।** कस्बा ओयल के मोहल्ला बगिया निवासी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि 9 फरवरी 22 को सुल्तानपुर निवासी प्रीति उर्फ पूजा का फोन आया। जिस पर बातचीत होने लगी। प्रीति पांडेय व सुल्तानपुर के ही शशांक पांडेय ने जियो फाइबर की ठेकेदारी के लिए लखनऊ में कार्य करने में पार्टनरशिप का ऑफर दिया और भरोसे में लेकर 19 जून 2022 से 9 फरवरी 2023 तक कुल तीन लाख रुपए आनलाइन शशांक पांडेय ने जमा करा लिए। 14 दिसंबर 22 को दो लाख रुपये शशांक पांडेय ने लखीमपुर में आकर लिये थे। कार्य को लेकर दोनों आरोपी बराबर झूठ बोलकर गुमराह करते रहे। आश्वासन देते रहे कि जल्दी ही काम मिल जायेगा। बाद में दोनों आरोपियों ने अपने मोबाइल बंद कर लिये। उनका कहना है कि दोनों आरोपियों ने विश्वासघात कर पांच लाख रुपये हड़पे हैं। थाना खीरी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पत्नी के रहते पति ने रचाई दूसरी शादी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सुनगढ़ी थाने में दी नामजद तहरीर, जांच में जुटी पुलिस
- खर्च से बचने को तलाक का मुकदमा भी ले चुका है वापस

**अमृत विचारः** पति से विवाद के बाद पांच साल से मायके में रह रही विवाहिता को तीन हजार रुपये गुजारा भत्ता देने का न्यायालय ने आदेश दिया तो पति ने बचने के लिए तलाक का मुकदमा वापस ले लिया। इसके बाद विदा कराकर वापस ले जाने को टालमटोल करता रहा।

अब आरोप है कि उसने दूसरी युवती से शादी कर ली है। विवाहिता जब ससुराल पहुंची तो उसे घर में घुसने नहीं दिया गया और अभद्रता कर भगा दिया। ससुरालियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए पीड़िता ने सुनगढ़ी थाने में तहरीर दी है।

सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम गौहनिया देशनगर बाहर चुंगी निवासी पिंकी मौर्य ने सुनगढ़ी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी मोहल्ला नई बस्ती के एक युवक से हुई थी। पति से विवाद होने के बाद 2018 से वह मायके में रह रही है। पति ने पूर्व में तलाक का मुकदमा न्यायालय में डाला था। इस पर न्यायालय ने तीन हजार रुपये प्रति माह जीवन यापन के लिए पीड़िता को देने के आदेश दिए। इस पर बचने के लिए पति ने तलाक का मुकदमा वापस ले लिया। आश्वासन दिया था कि वह जल्द ही उसे विदा कराकर ससुराल ले जाएगा। मगर न तो कोई खर्च दिया न ही विदा कराकर ले गया। दो दिन पहले पता चला है कि पति ने एक अन्य युवती से दूसरी शादी कर ली है। जिसे बतौर पत्नी अपने साथ घर पर रखे हुए है। 28 जनवरी को वह अपनी ससुराल पहुंची। वहां पर पति की दूसरी पत्नी भी मौजूद थी। ससुराल वालों ने घर में घुसने नहीं दिया और गाली गलौज करते हुए धक्के देकर भगा दिया।

## जयंती पर याद किए गए पंजाब केसरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** पंजाबी सिख समाजसेवा संगठन की ओर से पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। संगठन अध्यक्ष गुरजीत सिंह उर्फ राजू बग्गा ने लाला लाजपत राय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सराहा। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रखर शर्मा, परमजीत सिंह, ऋषभ, सहजदीप सिंह, बलजीत सिंह, यूसुफ, मुकेश आदि शामिल रहे।

# कंपनी ने प्लांट लगाकर खेत का रास्ता किया बंद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 11 बीघा में गन्ने की फसल, क्रय करने का बनाया जा रहा दबाव
- तहसील क्षेत्र के ग्राम खनंका उचसिया का मामला, डीएम से शिकायत

**अमृत विचारः** ग्रामीणों के ग्यारह बीघा खेत में जाने के रास्ते पर पैनल कंपनी के अफसर-कर्मचारियों ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया। राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से अब खेत को उन्हें बेचने का दबाव बनाया जा रहा है। उधर, खेत में खड़ी फसल बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई है। डीएम से शिकायत कर एसडीएम बीसलपुर को मामले की जांच दी है।

बीसलपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम खनंका उचसिया निवासी ऋतिक सिंह पुत्र मनोज सिंह ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके बाबा के नाम पर 11 बीघा खेत है। खेत पर जाने के लिए सार्वजनिक रास्ता भी बनाया गया है, जिस पर होते हुए उनका परिवार ही नहीं अन्य ग्रामीण भी अपने खेतों पर जाते हैं। गांव में पैनल कंपनी की ओर से क्षेत्रीय काश्तकारों की जमीन को क्रय करके पैनल प्लांट की स्थापना कराई जा रही है। पीड़ित के बाबा पर भी अपना खेत बेचने का दबाव बनाया जा रहा है, लेकिन बाबा ने बेचने से इंकार कर दिया है।

आरोप है कि पैनल कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों ने राजस्व विभाग से मिलीभगत कर पीड़ित के खेत पर लाने वाले रास्ते को बंद कर दिया है। अभी भी खेत बेचने का दबाव बनाया जा रहा है। पैनल कंपनी के कर्मचारी खेत पर नहीं जाने दे रहे हैं। फसल खेत में खड़ी बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई है। यही नहीं इस रास्ते पर आवागमन करने वाले अन्य ग्रामीणों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। पूर्व में पिता ने तहसीलदार बीसलपुर को शिकायत की थी। आरोप है कि जब बुलावे पर पिता तहसील गए तो पहले से पैनल कंपनी के कर्मचारी मौजूद थे। उन्होंने धमकी दी कि अगर उन्हें जमीन नहीं बेची तो रास्ता कभी नहीं मिल सकेगा। पीड़ित के परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। लेखपाल की भूमिका संदेहास्पद बताते हुए शिकायत का गलत निस्तारण करने का आरोप लगाया। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने एसडीएम बीसलपुर महिपाल सिंह को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# इलाज के दौरान नवजात की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नगर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 12 दिन के नवजात की मौत होने पर परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गलत इलाज का आरोप लगाकर हंगामा किया।

पुलिस के हस्तक्षेप से पीड़ित परिवार को नवजात का शव मिल सका। मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी आशीष गुप्ता ने बताया कि शनिवार की सुबह लगभग 7 बजे उनके पुत्र की हालत बिगड़ गई। उन्होंने नजदीकी ही नए बाईपास स्थित डॉक्टर के यहां नवजात शिशु को इलाज के लिए भर्ती कराया। चिकित्सक ने बच्चे के परीक्षण के बाद खून की कमी बताई और शीघ्र ही एक यूनिट खून की व्यवस्था करने को कहा। परिवारीजन लखीमपुर ब्लड बैंक से खून लेकर आए और शिशु को चढ़ाया गया। लेकिन शाम को लगभग 6.30 बजे शिशु ने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन इलाज का बिल अदा करने के बाद शिशु का शव देने की बात पर अड़ गया। हंगामा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजन को शिशु का शव दिलवाया। वहीं, चिकित्सक डॉ संदीप वर्मा का कहना है कि नवजात के नाक और मुंह से खून बह रहा था।

## रंजिशन युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** खुदागंज क्षेत्र के गांव परमानंदपुर निवासी सत्यप्रकाश मिश्रा ने बताया कि उसके मामा नंद किशोर निवासी लखुआ थाना तिलहर के साथ कुछ दिन पहले विवाद नन्हे लाल का विवाद हो गया था। 26 जनवरी को दिन में दो बजे उसके मामा परमानंदपुर मढ़ी में मौजूद थे। आरोपियों ने उसके मामा को पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने कालीचरन, अरविंद, नन्हेंलाल निवासी सैदूपुर थाना खुदागंज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# लापता युवक की हत्या कर शव किया गायब

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पीड़िता पिता ने बेटे की पत्नी, उसके प्रेमी समेत चार लोगों पर लगाया गंभीर आरोप
- गायब थाना खीरी क्षेत्र के राम गोपाल के मामले में कोर्ट के आदेश पर अपहरण में केस दर्ज

**अमृत विचारः** एक साल से गायब थाना खीरी के गांव रुखिया के रामगोपाल की हत्या कर उसका शव गायब करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रामगोपाल के पीड़ित पिता ने यह आरोप बेटे की पत्नी और उसके प्रेमी समेत परिवार के दो लोगों पर लगाया है। पीड़ित ने पुलिस में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने गंभीर मामले में आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। थाना खीरी पुलिस ने गायब युवक की पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या के उद्देश्य से अपहरण करने की धारा 364 में केस दर्ज कर लिया है। छानबीन शुरू कर दी है।

थाना खीरी के गांव रुखिया निवासी रामसागर के मुताबिक उसके पुत्र रामगोपाल की शादी इसी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बलराम की पुत्री के साथ वर्ष 2016 में हुई थी। आरोप है कि बहू का आचरण ठीक नहीं है। उसके प्रेम संबंध लखीमपुर शहर में सेठ घाट रोड अर्जुनपुरवा निवासी अशोक कश्यप से हो गए थे। उनकी पुत्रवधू कुछ दिन बाद अपने मायके रहने लगी थी। वहां भी अशोक कुमार का आना जाना था।

उनके पुत्र राम गोपाल को जब इसकी जानकारी हुई तो पुत्र ने अपनी पत्नी के खिलाफ विदाई का वाद परिवार न्यायालय में दायर कर दिया। आरोप है कि बेटे की पत्नी अपने प्रेमी अशोक कुमार के साथ मिलकर रामगोपाल को जान से मारकर गायब कर देने की साजिश रचने लगी। जिसमें पुत्र की सास लीलादेवी व ससुर बलराम साथ देने लगे। चारों आरोपियों ने मिलकर उसके पुत्र को मारकर गायब करने का षडयंत्र किया। बताया कि रामगोपाल ने इस बात का उल्लेख दायर किए वाद में किया है। 6 फरवरी 2023 की शाम करीब 5 बजे पुत्र रामगोपाल रोज की तरह गांव के बाहर ऐरा रोड की तरफ शौच करने गया था।

लोगों ने भी बीड़ी लेकर शौच को जाते देखा भी था। तब से उनका पुत्र घर वापस नहीं आया है। उनका कहना है कि बेटी की पत्नी ने अशोक कुमार, लीला देवी व बलराम के सहयोग से पुत्र रामगोपाल का अपहरण कर लिया और उसकी हत्या कर शव कहीं गायब कर दिया है। आरोपी पत्नी वर्तमान में अशोक कुमार के साथ रहती है। पुत्र की बाइक भी उसी के पास है। प्रेम प्रसंग के चलते रास्ते से हटाने के लिए पुत्र की हत्या कर शव कहीं गायब किया है। एसओ थाना खीरी अजीत कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामला बेहद गंभीर है।

### गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने झाड़ा पल्ला

लखीमपुर खीरी। गायब रामगोपाल के पिता ने बताया कि पुत्र के गायब होने पर उन्होंने हत्या कर शव गायब करने की तहरीर थाना खीरी पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने सिर्फ 9 सितंबर 23 को सिर्फ गुमशुदगी दर्ज कर अपना पल्ला झाड़ लिया था। वह रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए अधिकारियों से लेकर थाने के चक्कर काटते रहे, लेकिन उनकी किसी ने नहीं सुनी। 28 नवंबर 2023 को एसपी को तहरीर दी, लेकिन एसपी ने भी कोई कार्रवाई नहीं कराई थी।

### राजापुर मंडी से पत्नी का प्रेमी चुरा ले गया था बाइक

लखीमपुर खीरी। पीड़ित रामसागर ने बताया कि उनके पुत्र राम गोपाल की बाइक राजापुर मण्डी से अशोक चुरा ले गया था। जिसकी नामजद रिपोर्ट कोतवाली सदर पुत्र रामगोपाल ने न्यायालय के माध्यम से दर्ज कराई थी। पुलिस अभी तक बाइक को बरामद तक नहीं कर सकी है। यह बाइक भी अशोक कुमार के पास है, जो रामगोपाल के नाम पंजीकृत है।

## सितारगंज नेशनल हाईवे के निर्माण का रास्ता साफ

**पीलीभीत, अमृत विचारः** सितारगंज नेशनल हाईवे के फेज-दो के निर्माण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई पूरी कर ली गई। मुआवजे की धनराशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जाएगी।

पीलीभीत-सितारगंज हाईवे को फोरलेन मंजूरी मिलने के बाद फेज एक के तहत जमीनों का अधिग्रहण कर भूमिस्वामियों को मुआवजा दिया जा चुका है। इधर फेज दो के तहत फोरलेन हाईवे निर्माण की मंजूरी मिलने के बाद निर्माण में आ रही किसानों की जमीनों को लेकर अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू की गई। फोरलेन हाईवे के निर्माण को लेकर पूर्व में सर्वे किया गया था। सर्वे में सदर एवं अमरिया तहसील क्षेत्र के किसानों की 72.240 हेक्टेयर जमीन हाईवे निर्माण की जद में होने पाया गया था। मंडलायुक्त ने कार्रवाई आगे बढ़ाने के निर्देश दिए थे। पूर्व में यह कार्रवाई बरेली जिला प्रशासन द्वारा की जा रही थी।


## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्ते निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 20 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.


# हड़प ली पॉलिसी की रकम, रिपोर्ट

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पालिसी धारक का दूसरे खाते में रुपए भेज निकालने का आरोप
- एरिया मैनेजर समेत दो लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**अमृत विचारः** थाना खीरी के गांव डिम्होरा निवासी लखपति लाल ने आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी शाखा लखीमपुर के एरिया मैनेजर समेत दो लोगों पर पालिसी की अवधि पूरी होने पर रुपए दूसरे के खाते में भेजकर गबन करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम डिम्हौरा निवासी राज किशोर वर्मा ने बताया कि उसे आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के शाखा लखीमपुर के एरिया मैनेजर अभय शुक्ला और कंपनी के एडवाइजर अवधेश कुमार दीक्षित मिले। दोनों ने कंपनी की पालिसी की बारे में बताया और कहा कि यदि 70000 रुपये जमा करोगे तो 6 वर्ष के बाद एक लाख 50 हजार रुपये मिलेगे। 6 वर्ष से पहले कोई रुपया नहीं मिलेगा। उन्होंने 31मार्च 2017 को एक पालिसी ली थी, जिसमें 70,000 रुपये अपने पिता लखपति लाल वर्मा के बैंक आफ इंडिया शाखा लखीमपुर में स्थित खाते से चेक के माध्यम से आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के खाते में जमा कराए, जिसकी रसीद भी उन्हें दी गई।

उसने पालिसी लेते समय जिला सहकारी बैंक शाखा मण्डी समिति स्थित अपने खाते की पास बुक की छाया प्रति व अन्य कागजात भी दोनों आरोपियों को दिए थे। आरोपियों ने एक सादे कागज पर हस्ताक्षर कराकर रख लिए। कुछ दिन बाद उसे बांड दे दिया। जानकारी करने पर पता चला कि पालिसी का रुपया 5 वर्ष पूरे होने पर 6 अप्रैल 22 को जिला सहकारी बैंक शाखा जिला अधिवक्ता संघ लखीमपुर में राम प्रकाश व फूलमती निवासी अमरनगर, थाना तम्बौर जिला सीतापुर के खाते में भेजा चुका है।

उन्होंने जब इसका कंपनी के कार्यालय में विरोध किया तो कहा गया कि तुम्हारी पालिसी बाण्ड में खाता जिला सहकारी बैंक शाखा जिला अधिवक्ता संघ लखीमपुर लिख गया है। आरोप है कि बीमा कम्पनी के शाखा प्रबंधक व एरिया मैनेजर अभय शुक्ला व एडवाइजर अवधेश कुमार दीक्षित व खाताधारक रामप्रकाश एवं फूलमती ने आपस में जालसाज करके छोखाधड़ी करते हुए भुगतान कराया है। कंपनी ने अब पालिसी की धनराशि देने से इंकार कर दिया है। थाना खीरी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर थाना फूलबेहड़ के गांव पिपरा मरोड़ा थाना निवासी अभय शुक्ला और शहर लखीमपुर के मोहल्ला मिश्राना निवासी अवधेश कुमार दीक्षित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## माध्यमिक शिक्षा संघ चंदेल गुट की जिला कार्यकारिणी गठित

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा संघ चंदेल गुट की जिला कार्यकारिणी में रविवार को प्रांतीय नेतृत्व की ओर से नियुक्त जिला चुनाव अधिकारी एवं प्रांतीय आय व्यय निरीक्षक महेश शर्मा के निर्देशन में चुनाव प्रक्रिया का पालन करते हुए चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ।

जिला अध्यक्ष डॉ. कैप्टन जेपी सिंह, जिला मंत्री डॉ प्रद्युम्न मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष रामकुमार वर्मा, वरिष्ठ महिला जिला अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राहुल कुमार, उपाध्यक्ष विपिन मनीष सिंह, विमलेश कुमार सूर्य, संगठन मंत्री राम निरंजन वर्मा, ऑडिटर राजीव गंगवार, प्रांतीय प्रतिनिधि एस गौतम,राजीव गंगवार राजीव सिंह,संजय स्टेनली लॉयल, मनोज पाठक ,संयुक्त मंत्री संजय स्टेनली लॉयल, रत्नेश जायसवाल, संजीव कुमार, केशव कुमार गंगवार, वेदराम चुने गए।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वविदित हो कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र/ प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0941185 वर्ष 2015 वास्तव में खो गया है। **मो. शोएब पुत्र रशीद अहमद मो. हाथीथान जलाल नगर थाना सदर बाजार, शाहजहाँपुर मो. 6393654431**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राजू पुत्र चन्दा बाबू को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य के उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई वास्ता न होगा। **लक्ष्मी पत्नी चन्दा बाबू निवासी रोड नं. 7, कृष्णानगर, इज्जतनगर, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## ज्ञानवापी में एएसआई का सर्वे भरोसे लायक नहीं: शहाबुद्दीन

**बरेली ,अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने विहिप द्वारा ज्ञानवापी पर किए गए दावे और मांग को गलत बताया है। कहा कि ज्ञानवापी का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। एएसआई सर्वे रिपोर्ट अभी-अभी आई है, जिस पर कोर्ट ने कोई निर्णय नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि मुसलमान कानून का सम्मान करता है। बाबरी मस्जिद पर कोर्ट के फैसले के बाद यह दिखाया भी है। मौलाना ने कहा कि बाबरी मस्जिद पर 2003 में एएसआई ने सर्वे किया था। 575 पेज की रिपोर्ट में कहा गया था कि मस्जिद के नीचे मंदिर है। सर्वे रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट ने मानने से इंकार कर दिया था। लिहाजा ज्ञानवापी मस्जिद पर एएसआई के सर्वे पर आंख बंद कर भरोसा नहीं कर सकते हैं। हम कोर्ट के फैसले का इंतजार करेंगे। केवल सर्वे रिपोर्ट के आधार पर जश्न मनाना और बयानबाजी करना कोर्ट की तौहीन है। विहिप पदाधिकारी उल्टे सीधे बयान देकर समाज को तोड़ने का प्रयास न करें।

### पुरातत्व विभाग की निदेशक ने डीएम से ऐतिहासिक स्थल संबंधित राजस्व अभिलेख मांगे

# इलाबांस देवल मंदिर संरक्षित धरोहरों में शुमार, पर्यटन को मिलेगी नई पहचान

पीलीभीत कार्यालय

**अमृत विचारः** बीसलपुर में दियूरिया जंगल के समीप स्थित पौराणिक इलाबांस देवल मंदिर अब पुरातत्व विभाग के संरक्षण में रहेगा। मंदिर को राज्य पुरातत्व परामर्शदात्री समिति द्वारा संरक्षण में लेने की संस्तुति दे दी गई है। जिराज्य पुरातत्व विभाग की निदेशक ने डीएम को पत्र भेजकर इससे संबंधित राजस्व अभिलेख उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

ऐतिहासिक विरासतों के सानिध्य में जहां कभी पीलीभीत की संस्कृति फली फूली, आज वहीं विरासतें संरक्षण के अभाव में अतीत के पन्नों में दर्ज होती जा रही है। इन्हीं में से एक हैं तहसील बीसलपुर का प्राचीन इलाबांस देवल मंदिर। इस देव स्थल पर मुख्य मंदिर समेत तीन मंदिर है। प्रमुख मंदिर में वन देवी की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है, जबकि दो अन्य अन्य मंदिरों में प्राचीन मूर्तियों के अलावा शिलाएं मौजूद हैं। देवस्थल की प्रतिमाएं दसवीं शताब्दी के दौरान स्थापित हुई। मुख्य मंदिर पर लगी शिलालेख के मुताबिक इस देवस्थल का निर्माण विक्रमी संवत् 1049 में कराया गया। इसको वन देवी के रूप में पूजने की मान्यता है। लोध राजपूत समाज के लोग इन्हें अपनी ईष्ट देवी/ कुल देवी मानते हैं। यहां वर्ष में एक बार विशाल मेले का भी आयोजन होता है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुचते हैं।

अप्रैल 2018 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के आगरा सर्किल की टीम ने निरीक्षण किया। रिपोर्ट विभाग के उत्खनन शाखा के निदेशक को सौंपी गई, जिसमें उत्खनन की सिफारिश की लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया। करीब चार साल बाद अगस्त 2022 में पुरातत्व विभाग की लखनऊ सर्किल की टीम ने मंदिर का निरीक्षण किया। इसमें भी उत्खनन को महत्वपूर्ण बताया। तमाम सर्वे के बाद अब राज्य पुरातत्व परामर्शदात्री समिति ने इलाबांस देवल मंदिर को संरक्षण में लेने की संस्तुति दी है। राज्य पुरातत्व विभाग ने डीएम से संरक्षण में लेने को लेकर राजस्व अभिलेख उपलब्ध कराने को कहा है। इसको लेकर राज्य पुरातत्व विभाग की निदेशक रेनू द्विवेदी ने डीएम को पत्र भेजा है। पत्र में खसरा-खतौनी, नजरी नक्शा, राजस्व नक्शा, गाटा संख्या एवं रकबा आदि अभिलेख उपलब्ध कराने को कहा है।


स्थापित वनदेवी की प्राचीन मूर्ति।


मंदिर में रखी प्राचीन मूर्ति।


पौराणिक इलाबांस देवल मंदिर।


मंदिर परिसर में रखी प्राचीन मूर्तियां।

### इपिग्राफिया इंडिका में भी देवस्थल का उल्लेख

भारतीय इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण पुस्तक इपिग्राफिया इंडिका के अंक एक के पेज 75 पर इलाबांस देवल स्थल का उल्लेख है। वर्ष 1829 में अंग्रेजी विद्वान एचएस वुल्डरसन के शोध पर आधारित प्रकाशित लेख के मुताबिक दक्षिण भारत के छिन्दा राजवंश से संबंध रखने वाले राजा की पत्नी लक्ष्मी ने अपने पति की पराक्रम गाथा को दर्शाते हुए इस धरोहर का निर्माण कराया था। मुख्य मंदिर पर लगी शिलालेख के मुताबिक इस पौराणिक देवस्थल का निर्माण विक्रमी संवत् 1049 में कराया गया था। हालांकि स्थानीय किंवदंती पर गौर करें तो वर्षों पूर्व एक महात्मा द्वारा इस स्थल पर चबूतरा निर्माण के लिए खुदाई कराई गई थी। खुदाई के दौरान ही वन देवी की प्रतिमा निकली थी। बुजुर्गों के मुताबिक तबसे श्रद्धालु अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए वनदेवी की आराधना करते आ रहे हैं। यहां आषाढ़ माह में विशाल मेला भी लगता है। इस मेले में स्थानीय श्रद्धालुओं के अलावा आसपास जनपद समेत नेपाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं।

### छह साल के प्रयास के बाद मिली सफलता

शहर के युवा अधिवक्ता शिवम कश्यप ने बताया कि वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था। प्रधानमंत्री कार्यालय के दखल के बाद अप्रैल 2018 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग टीम ने निरीक्षण किया था। निरीक्षण रिपोर्ट में उत्खनन की सिफारिश की गई थी। 2022 में मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को अवगत कराया था। इसी वर्ष पुरातत्व विभाग की टीम ने पुन: स्थलीय निरीक्षण किया था। उस दौरान भी उत्खनन को महत्वपूर्ण बताते हुए मामला राज्य सरकार के पाले में डाल दिया गया। गत वर्ष भी मैंने पुरातत्व विभाग से जनपद की दस धरोहरों को संरक्षित करने संबंधी पत्राचार किया था। तमाम प्रयासों के बाद अब उम्मीद जग गई है।



# लोकसभा चुनावः गांव चलो फार्मूले से सियासी जमीन और मजबूत करेगी भाजपा

### मिशन 2024 फतह करने के लिए संगठन ने बनाई रणनीति, एक-एक गांव मथेंगे माननीय

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की रणभेरी अभी भले ही न बजी हो, लेकिन भारतीय जनता पार्टी संगठन मिशन 2024 फतह करने के लिए पूरी तरह सक्रिय हो गया है। कोई कोरकसर बाकी न रहे इसके लिए सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि गांव-गांव पहुंचेंगे। 24 घंटे प्रवास कर ग्रामीणों को पार्टी के पक्ष में साधेंगे। सरकार को लेकर उनके मन में क्या है इसे भी जानने का प्रयास करेंगे। उसी के अनुसार चुनाव की योजनाएं बनाई जाएंगी।

केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का रास्ता सरल करने के लिए भाजपा संगठन ने उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने की तैयारियां तेज कर दी हैं। विकास की योजनाओं से लेकर अन्य तमाम मुद्दों के सहारे पार्टी हर वर्ग को साधने की पुरजोर कोशिश में लगी है। चार फरवरी से 11 फरवरी तक ''''गांव चलो'''' अभियान भी लोकसभा चुनाव के लिए अपने पक्ष में माहौल बनाने का हिस्सा है। इस अभियान में सांसद, विधायकों से लेकर मेयर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, बीडीसी और संगठन के कार्यकर्ता जिले के एक-एक गांव को मथेंगे। हर गांव में 24 घंटे के प्रवास का कार्यक्रम रहेगा। ''''गांव चलो'''' अभियान के पीछे संगठन का उद्देश्य साफ है कि एक-एक व्यक्ति तक पहुंचकर अपनी बात सलीके से रखेंगे। उन्हें भाजपा की योजनाओं, क्रियाकलापों और पूर्ववर्ती सरकारों के कामकाज के बीच का फर्क समझाएंगे। इस दौरान 2014 से अब तक यानी दस साल में गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं ने क्या बदलाव महसूस किए हैं। भाजपा सरकार को लेकर उनके मन में क्या चल रहा है, इसकी थाह लेंगे। अभियान के बाद जनता से मिले फीडबैक पर आधारित रिपोर्ट प्रदेश मुख्यालय को भेजेंगे। गांव चलो अभियान की रूपरेखा जिले में 1188 ग्राम पंचायतें हैं और 2000 से अधिक गांव हैं। भाजपा का प्रयास है कि चुनाव से पहले हर गांव, हर व्यक्ति तक पार्टी के लोग पहुंचें। इसी उद्देश्य से कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसमें सांसद, विधायक से लेकर बूथ समितियों के सदस्य भी शामिल रहेंगे। शाम को गांव में ही बैठक होंगी, जिसमें पुरुषों से लेकर महिलाएं भी शामिल होंगी। अगले दिन स्वच्छता अभियान चलेगा। शाम को फिर बड़ी बैठक कर सरकार की तमाम योजनाओं के फायदे, जीवन में आए बदलाव के बारे में समझाकर उनके मन की बात जानकर प्रवास खत्म किया जाएगा।

**▸▸ 24 घंटे के प्रवास में भाजपा पूर्ववर्ती सरकारों के बीच फर्क समझाकर जनता के मन की लेंगे थाह**

### राममंदिर, कर्पूरी ठाकुर का सम्मान भी होगा मुद्दा

सात दिन के गांव चलो अभियान में अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान के जरिये लोगों को साधा जाएगा। यही नहीं, पिछले कुछ वर्षों में विश्व पटल पर भारत की बदली छवि को भी मुद्दा बनाया जा सकता है। दरअसल, राम मंदिर और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न का फैसला चुनाव में बड़े फैक्टर के रूप में देखा जा रहा है। कर्पूरी ठाकुर बिहार की अति पिछड़ी जाति से ताल्लुक रखते थे। ऐसे में चुनाव से पहले उन्हें सम्मान देना इस वर्ग को पार्टी के साथ जोड़ने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

### 10 सालों में बूथ वार हार-जीत की होगी समीक्षा

भाजपा जिलाध्यक्ष पवन शर्मा कहते हैं कि लोकसभा चुनाव करीब है। भ्रष्टाचार, अपराध, जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर 4 फरवरी से पार्टी हर एक गांव में जाएगी। प्रत्येक कार्यकर्ता को एक ग्राम पंचायत दी जाएगी। 2014, 2017, 2019 और 2022 में किस बूथ को जीता और कहां हार मिली, इसकी भी समीक्षा होगी।

## फिर बढ़ी ठंड, पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से होगी बारिश

**बरेली,अमृत विचार :** जिले के मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। शनिवार को तेज धूप खिलने के बाद रविवार को अचानक फिर से ठंड बढ़ गई। रात और दिन के तापमान में मामूली अंतर देखा गया। दिन भर धूप नहीं खिलने से लोग कांपते रहे। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से तीन दिन बाद फिर से मौसम में परिवर्तन का पूर्वानुमान जताया है। 1 फरवरी को बारिश हो सकती है। इसके बाद बादल छाए रहेंगे। हालांकि इससे पहले कोहरे से राहत नहीं मिलती दिख रही है। रविवार को सुबह कोहरे के बाद दिन भर धूप नहीं खिली। अधिकतम तापमान सामान्य से 10 डिग्री कम 12.4 और न्यूनतम 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन और रात के तापमान में सिर्फ 2.8 डिग्री सेल्सियस का अंतर रहा। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसका असर जिले में भी रहेगा। पहली से लेकर पांच फरवरी तक आसमान पर बादल उमड़ेंगे। इस दौरान हल्की बरसात होने का भी पूर्वानुमान है। हालांकि शीतलहर के प्रभाव में कमी आएगी और तापमान में भी कुछ बढ़ोत्तरी होगी। पांच फरवरी के बाद बादल छटने के बाद धूप खिलने लगेगी।

## दुधवा में बाघ देखकर रोमांचित हो रहे सैलानी

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** दुधवा में बढ़े बाघों के चलते यहां घूमने आने वाले सैलानियों को अक्सर दिखाई दे जाते हैं। इससे सैलानी खूब खुश और रोमांचित हो रहे हैं। इधर विगत तीन दिन से दुधवा में लगातार बाघ देखे जाने से बढ़ रही पर्यटकों की संख्या के मद्देनजर पार्क प्रशासन भी काफी गदगद है।

दुधवा टाइगर रिजर्व की अंतर्राष्ट्रीय पहचान यहां पाए जाने वाले दुर्लभ वन्य जीव-जंतुओं के कारण रही है। प्राकृतिक संपदा से भरपूर यहां के मनोहारी नैसर्गिक वातावरण में पल-बढ़ रहे यहां के बाघ, तेंदुआ, हाथी, गैंडे, भालू, चीतल ,पाढ़ा, बारहसिंघा, सांभर, काकड़, नीलगाय, ऊदबिलाव, सेही, मगरमच्छ आदि अगणित वन्यजंतु व सैकड़ों रंग-बिरंगे देसी-विदेशी पक्षी यहां आने वाले पर्यटकों की पसंद हैं, लेकिन जंगल में स्वच्छंद विचरण करता हुआ बाघ देख कर सैलानी जितना आनंदित होते हैं, उतना दूसरे वन्यपशु को देखकर नहीं होते हैं। यही कारण है कि बाहर से आने वाले सैलानियों की बाघ पहली पसंद है। सफारी गाड़ी में बैठते ही वे बोलने लगते हैं कि जहां इन दिनों बाघ दिखाई दे रहा हो, उधर गाड़ी का रुख करो। बाघ दिखने पर वे सफारी गाड़ी चालकों व जंगल के गाइडों को मनचाहा इनाम भी देने में कटौती नहीं करते हैं। इधर पिछले तीन दिन से लखनऊ, दिल्ली, बरेली, लखीमपुर आदि स्थान से आने वाले पर्यटकों को लगातार बाघ के दर्शन हो रहे हैं।

यही कारण है कि रविवार को अवकाश के दिन बड़ी संख्या में पर्यटक दुधवा घूमने के लिए आए और उन्होंने दुधवा के सोनारीपुर, सलूकापुर, सठियाना, जंगल का भ्रमण कर यहां के दुर्लभ वन्य जीव-जंतु और आकर्षक पक्षी देखे।


दुधवा में स्वच्छंद विचरण करता एक बाघ।

**▸▸ बच्चों की छुट्टियों के चलते रविवार को बढ़ी पर्यटकों की संख्या**

## डीआईओएस और सचिव देंगे परीक्षा की पल- पल की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचारः** हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा नकल विहीन कराने को लेकर विभागीय स्तर पर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। 22 फरवरी से 9 मार्च तक परीक्षाएं चलेंगी। सभी 133 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी व पुलिस बल की पुख्ता व्यवस्था रहेगी।

परीक्षा के दौरान पल-पल की रिपोर्ट भी मुख्यालय के कंट्रोल रूम भेजनी होगी। सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के उद्देश्य से इस बार यह व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए डीआईओएस और माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय सचिव के लिए बोर्ड की नई ईमेल आईडी मुहैया कराई जाएगी। इसमें जिले का नाम, रीजनल ऑफिस का नाम शामिल किया गया है। इसी ईमेल आईडी पर परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण व पर्यवेक्षण से संबंधित रिपोर्ट दी जाएगी। अनियमितता मिलती है तो उसकी भी सूचना परिषद की मेल आईडी पर भेजी जाएगी।

**जिला स्तर पर 8 और मंडल स्तर पर 5 सचल दलों का गठन:** माध्यमिक शिक्षा निदेशक के दिशा-निर्देश के अनुसार जिले में परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के लिए 6 से 8 सचल दल बनाए जाएंगे । इसके अलावा मंडल स्तर पर निरीक्षण के लिए क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से 5 सचल दलों का गठन किया जाएगा।


रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पताः सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली। मो. 8077808309

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर बाल रोग विभाग

दिनांक : 29, 30 व 31 जनवरी 2024 | समय प्रातः 09 बजे से सांय 04 बजे तक

यदि आपका बच्चा निम्न बीमारियों/लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 9 में सम्पर्क करें।

(C.P.) CEREBRAL PALSY (मानसिक पक्षाघात)

- बच्चे को दौरे या (मिर्गी) आना
- सुनने में कठिनाई
- दृष्टि और असमान्य नेत्र गति
- चलने में असमर्थता
- बौद्धिक विकलांगता

(DMD) (वंशानुगत मांसपेशी विकार)

- पैरों और कूल्हों की मांसपेशियाँ कमजोर होना
- पंजों पर चलना या ठीक से नहीं चल पाना
- चलते हुए बार-बार गिर जाना
- सीढ़ी न चढ़ पाना
- बैठकर उठने में परेशानी होना।

AUTISM (ऑटिज़्म)

- बच्चे को अपनी बात कहने या बताने में परेशानी होना।
- बच्चे का अन्य बच्चों से मित्रता नहीं करना या अकेले रहना।
- किसी भी व्यवहार या काम को नियमित रूप से करना या बार-बार करना।
- आंखों के संपर्क से बचना या आंख ना मिलाना।
- चेहरे पर किसी हाव-भाव का ना होना

ADHD (ध्यानाभाव या अतिसक्रियता विकार)

- ध्यान लगाने में दिक्कत होना
- किसी भी कार्य को पूरा करने में कठिनाई होना
- बच्चे का अत्यधिक सक्रिय होना
- बच्चे में अधिक उतावलापन रहना






Dr. Priyanka Tripathi
M.D. (Ayu. Paediatric), NIA, Jaipur

नोट : निम्न बीमारियों की चिकित्सा पंचकर्म/आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा की जाती है।


# छह दिन में सड़क उखड़ने पर डीएम ने अभियंता से मांगा जवाब

लखीमपुर खीरी कार्यालय

**अमृत विचारः** सड़कों के निर्माण में खूब बंदरबांट हो रही है। पिछले साल ठंड के सीजन में बनी सड़कों के उखड़ने के मामलों के वीडियो वायरल होने के बाद कई बड़े अफसर निलंबित किए गए थे। वैसी ही स्थिति फिर देखी जा रही है।

मैगलगंज से खखरा जाने वाले संपर्क मार्ग को दिसंबर 2023 में बनाया गया। 8 लाख से अधिक लागत से बनाई गई सड़क महज छह-सात दिन में ही उखड़ने लगी थी। जानकारी मिलने के बाद भी पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने सड़क निर्माण दोबारा से कराने के लिए कोई खास रूचि नहीं दिखाई। ग्रामीणों ने सड़क उखड़ने का वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल किया वायरल वीडियो के आधार पर जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता का जवाब तलब कर लिया। अपनी गर्दन बचाने के लिए अधिशासी अभियंता ने ठेकेदार को नोटिस जारी कर सड़क दोबारा से निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी ने तारकूल से बनने वाली सड़कों के निर्माण कार्य पर कुछ दिनों के लिए रोक लगा दी है और मौसम सामान्य होने पर दोबारा कार्य प्रारंभ करने की बात कही है। दरअसल, इस वर्ष मैगलगंज क्षेत्र में सड़क उखड़ने का यह पहला मामला सामने आया है। नागरिकों ने वायरल किए खराब सड़क के वीडियो पर आधिकारिक मोहर भी लग गई है। मैगलगंज एनएच 24 से खखरा को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग का निर्माण दिसंबर 2023 के आखिरी सप्ताह में कराया गया था। 15-16 दिनों में सड़क खंड-खंड हो गई। वीडियो वायरल होने पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने इस पर संज्ञान लेते पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता तरुणेंदु त्रिपाठी से जवाब मांग लिया।


मैगलगंज से खखरा जाने वाले सड़क की ऐसी हालत है। ● अमृत विचार

### सड़क कब उखड़ी...अभियंता के पत्र से सच खुला

पीडब्ल्यूडी एक्सईएन ने डीएम को बताया है कि उन्होंने 9 जनवरी को ही बिना द्वेषभाव के संबंधित ठेकेदार को पत्र जारी कर मानक अनुरूप कार्य न कराने के कारण उस कार्य को निरस्त कर दिया था। साथ ही सड़क का पुन: निर्माण कराने के निर्देश दिए थे। इस प्रकार 26-27 दिसंबर 24 को सड़क बनी और 3 जनवरी को रूट डायवर्ट किया। इसके बाद छह दिनों में सड़क उखड़ने लगी तो 9 जनवरी को एक्सईएन ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर दी। जबकि नागरिकों ने करीब 20 जनवरी के आसपास वीडियो वायरल किया है।

### एक्सईएन बोले- डायवर्जन से बढ़ा वाहनों का दबाव

डीएम के स्तर से जवाब तलब करने के बाद एक्सईएन तरुणेंदु त्रिपाठी ने डीएम को बताया कि मैगलगंज से मढ़ियाघाट मार्ग पर सीसी रोड निर्माण कराने के लिए 3 जनवरी से रूट डायवर्जन किया गया था। इसके बाद एनएच 24 से खखरा मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ गई। जिसके कारण मार्ग कहीं-कहीं क्षतिग्रस्त हो गया है। पुन: निर्माण के लिए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी की जा चुकी है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष



निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी



साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


# माघ मास में है पर्व व व्रतों का महत्व

बरेली कार्यालय

**अमृत विचारः** प्रीति योग और आयुष्मान योग के साथ माघ मास शुरू हो गया है। 24 फरवरी को माघ पूर्णिमा तक विभिन्न व्रत व त्योहार मनाए जाएंगे। इस माह शुभकारी योग में मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी और माघी पूर्णिमा का स्नान प्रमुख है। इसके साथ ही कृष्ण, सूर्य व गंगा की पूजा-अर्चना का भी विशेष महत्व है।

ज्योतिषाचार्य पं. रमाकांत दीक्षित ने बताया कि माघ मास में स्नान- दान, देवी-देवताओं का अनुष्ठान करना बहुत ही मंगलकारी माना गया है। स्कंद पुराण सहित विभिन्न धार्मिक ग्रंथों में माघ मास का वर्णन स्पष्ट रूप से किया गया है।

इस माह कल्पवास व नियम-संयम के साथ विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना का महत्व है।

- 24 फरवरी तक त्योहार व व्रत
- 29 जनवरी - संकष्टी श्रीगणेश चतुर्थी
- 6 फरवरी - पट्तिला एकादशी
- 7 फरवरी - तिल द्वादशी व प्रदोष व्रत
- 8 फरवरी - मास शिवरात्रि व्रत
- 9 फरवरी - मौनी अमावस्या
- 12 फरवरी - गौरी तृतीया
- 13 फरवरी - श्रीगणेश चतुर्थी
- 14 फरवरी - बसंत पंचमी
- 16 फरवरी - अचला सप्तमी
- 17 फरवरी - दुर्गा अष्टमी
- 18 फरवरी - महानंदा नवमी
- 20 फरवरी - जया एकादशी व भीष्म द्वादशी
- फरवरी - प्रदोष व्रत
- 24 फरवरी - माघी पूर्णिमा

**▸▸ ज्योतिषाचार्य ने बताया मंगलकारी है ईश्वर का का अनुष्ठान करना**

## एक नजर

### बीए और बीएससी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की वोकेशनल परीक्षा 2 को

बरेली। बरेली कॉलेज में बीए और बीएससी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की कम्प्यूटर अप्लीकेशन और एमएस ऑफिस एंड अप्लीकेशन की वोकेशनल परीक्षा 2 फरवरी को बीसीए विभाग में होगी। कम्प्यूटर अप्लीकेशन विभाग की ओर से असाइनमेंट के टॉपिक भी निर्धारित कर दिए गए हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान प्रवेश पत्र और असाइनमेंट की फाइल साथ लानी होगी।

### हेलमेट से बची बाइक सवार की जान, एसपी ट्रैफिक ने भेजा अस्पताल

बरेली। फरीदपुर थाना क्षेत्र में बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क किनारे जा गिरा। एसपी ट्रैफिक शिवराज ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। एसपी ट्रैफिक ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत टीआई मनीष शर्मा के साथ ब्लैक स्पाट की समीक्षा के लिए भ्रमण कर रहे थे। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर नौगमा गांव के पास दुर्घटना में घायल मोटर साइकिल सवार युवक घायल हो गया। बाइक चालक ने हेलमेट पहना था, जिससे जान बच गई।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, आधा घंटा खड़ी रही मालगाड़ी

बरेली। बरेली कैंट स्टेशन के पास रविवार तड़के चार बजे एक शख्स की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हादसे के बाद मालगाड़ी करीब आधा घंटा खड़ी रही। आरपीएफ को कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि किलोमीटर संख्या 1303/28 पर एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। डाउन लाइन के बीच में शव पड़ा हुआ था, जिसे हटाकर ट्रैक को क्लियर किया गया। जीआरपी उप निरीक्षक तरुण कुमार भी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है। मृतक के हाथ पर राजू लिखा हुआ है।

### प्रथम प्रयास में कोर्स वर्क न करने वाले शोध छात्रों को मिलेगा मौका

बरेली। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने पीएचडी कोर्स वर्क में पास न होने वाले छात्रों को एक और मौका दिया है। छात्रों को पूर्व छात्र की तरह दोबारा पर्यवेक्षक के माध्यम से शोध कार्य जमा करने होंगे। शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार के मुताबिक शोध अध्यादेश 2020 के तहत शोधार्थी यदि प्रथम प्रयास में कोर्स वर्क परीक्षा पास नहीं कर पाता है तो उसको एक अवसर अगले नियमित सत्र के साथ दिया जाएगा।

# यात्रियों पर दोहरी मार, कोहरे में बसें निरस्त होने पर टिकट के पैसे भी नहीं हो रहे वापस

## पैसे वापस न होने की परिवहन निगम के अफसरों के पास पहुंच रहीं शिकायतें

संवाददाता, बरेली

▸▸ परिवहन निगम दूसरी बस की सुविधा भी नहीं दे रहा

**अमृत विचार :** कोहरे में बसें निरस्त कर दी जा रही हैं, मगर सीट बुक करने वाले यात्रियों को टिकट के पैसे वापस नहीं किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं यात्रियों को दूसरी बस की सुविधा भी नहीं दी जा रही है।

परेशान यात्री एक्स के माध्यम से परिवहन निगम के अफसरों से शिकायतें कर रहे हैं। टिकट के पैसे लौटने की गुहार लगा रहे हैं। दरअसल, कोहरा अधिक होने और 25 से कम यात्री पर बसों का संचालन नहीं करने के निर्देश मुख्यालय स्तर से अधिकारियों को दिए गए हैं। इस वजह से पुराने और सेटेलाइट बस अड्डे से कई रूटों पर एसी व अन्य बसों का संचालन रोका जा रहा है। ऐसे में ऑनलाइन बुक कराए गए टिकट के पैसे भी यात्रियों को नहीं मिल पा रहे हैं। नवनीत सिंह नाम के एक यात्री ने परिवहन निगम के एक्स पर बताया कि उसने चार दिन पहले कैसरबाग से बरेली के लिए रुहेलखंड डिपो की बस में सीट बुक की थी। जिसका सीट नंबर भी कन्फर्म हो गया था लेकिन बस को अचानक निरस्त कर दिया गया। पूछताछ केंद्र पर बस के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई। दूसरी बस कब जाएगी, इस बारे में भी नहीं बताया गया।

मनोज नाम के यात्री ने भी इसी तरह की शिकायत की है। बताया कि दिल्ली के लिए एसी बस का टिकट बुक किया था। कोहरा अधिक होने पर बस को निरस्त कर दिया गया, लेकिन अभी तक टिकट के पैसे वापस नहीं किए गए हैं। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि बसें निरस्त होने के बाद यात्रियों के पैसे वापस नहीं होने का मामला उनकी जानकारी में नहीं है। अगर ऐसे है तो एआरएम से पता कराया जाएगा।

### इंजीनियर समेत दो यात्रियों का सामान चोरी

बरेली। ट्रेनों के अंदर चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। दून और अमरनाथ एक्सप्रेस से यात्रियों का कीमती सामान चोरी हो गया। दोनों मामलों की बरेली जंक्शन जीआरपी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। किला छावनी निवासी रजत कुमार भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में प्रोजेक्ट इंजीनियर हैं। वह कोलकाता में तैनात हैं। शनिवार को उन्होंने जीआरपी को बताया कि वह ट्रेन संख्या 13009 दून एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-4 की बर्थ 24 पर बरेली आ रहे थे। उन्होंने सासाराम जंक्शन पर देखा कि उनका ट्रॉली बैग गायब है, जिसमें उनके शैक्षणिक दस्तावेज और लैपटॉप था। लैपटॉप के अंदर भारतीय जल सेना के जहाजों से जुड़ी अहम जानकारियां भी थीं। वहीं दूसरे मामले में राजू कश्यप निवासी विजय नगर कालोनी बदायूं ने बताया कि वह परिवार के पांच सदस्यों के साथ वैष्णोदेवी से दर्शन कर ट्रेन संख्या 12588 अमरनाथ एक्सप्रेस में जम्मूतवी से बरेली आ रहे थे। उनकी ट्रेन के कोच संख्या बी-7 में 25, 26, 27,28 बर्थ थीं। सहारनपुर के पास बैग और मोबाइल चोरी हो गया। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों ही मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर संबंधित थानों को ट्रांसफर की गई है।

### इज्जतनगर मंडल की ट्रेनें समय की पक्की

बरेली। ट्रेनों का लेट होना इन दिनों रेलवे के लिए बड़ी समस्या है वहीं इज्जतनगर रेल मंडल ने ट्रेनों को समय पर चलाने के मामले में बाजी मारी है। अधिकारियों का मानना है कि तेजी से होता विद्युतीकरण और कर्मचारियों की तत्परता के चलते ऐसा मुमकिन हो पाया है। इज्जतनगर मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने बताया कि मंडल में अप्रैल से दिसंबर 2023 तक ट्रेनों का समय पालन 95 .06 प्रतिशत रहा जो पूर्वोत्तर रेलवे के सभी मंडलों की तुलना में कहीं अधिक है। इसकी बड़ी वजह मंडल में विद्युतीकरण है।

## ट्रेनों के विलंब से चलने पर निरस्त हो रहे 40 प्रतिशत टिकट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महीने भर से मंडल में लंबी दूरी की ट्रेनें कोहरे की मार झेल रही हैं। जिसकी रेल प्रबंधन को नाराजगी भी उठानी पड़ रही है। मंडल मुख्यालय पर रोजाना 40 प्रतिशत लोग टिकट वापसी का दावा कर रहे हैं। आरक्षण काउंटर पर टिकट निरस्त कराने वालों की भीड़ आम बात हो गयी है। ऐसा ट्रेनों की देरी से चलने की वजह से हो रहा है। मुरादाबाद काउंटर पर औसतन 700 से 850 आरक्षित टिकटों की बुकिंग होती है। ट्रेनों की देरी से चलने की वजह से लोगों को अपनी यात्रा निरस्त करनी पड़ रही है। चीफ रिजर्वेशन सुपरवाइजर (सीआरएस) ने नाम न सार्वजनिक करने की शर्त पर इस बात की जानकारी दी कि दिन में कई बार ऐसे मौके आ रहे हैं, जब लंबी दूरी की ट्रेनों में आरक्षण कराने वालों से अधिक निरस्त कराने वाले आ रहे हैं। उधर, रविवार को फिर प्रमुख ट्रेनों ने विलंब का नया रिकॉर्ड बनाया है। दून एक्सप्रेस 16 घंटे 25 मिनट की देरी से चल रही है जबकि, कामाख्या 9 घंटे 15 मिनट, कुंभ 4 घंटे 29 मिनट, लोकनायक 1 घंटा 29 मिनट, पंजाब मेल 1 घंटा 5 मिनट लेट रही।

# मां के प्रेमी की ईंट से सिर कुचलकर कर दी हत्या

संवाददाता, बरेली/बिथरी चैनपुर

▸▸ आपत्तिजनक हालत में देखने पर बेटे ने सिर में मारी ईंट

▸▸ बिथरी चैनपुर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, पूछताछ जारी

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर क्षेत्र में बेटे ने मां के प्रेमी की ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी। बेटे ने प्रेमी को मां के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मगनपुर थाना जैतीपुर शाहजहांपुर निवासी महिपाल (45) करीब 20 साल से नवदिया देहात जब्ती में अपनी बहन के घर रहता था। वह यहां प्राथमिक विद्यालय में रसुइया था। उसकी शादी नहीं हुई थी। शनिवार रात महिपाल की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। उसका शव बहन के घर के सामने एक गली में पड़ा मिला। शव मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर थाना पुलिस पहुंची। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान समेत अन्य पुलिस अधिकारी भी पहुंचे और जांच की। पुलिस जांच में सामने आया कि महिपाल का गांव की ही एक महिला से अवैध संबंध था। शनिवार की देर रात महिला और महिपाल आपत्तिजनक हालत में थे।

### महिला के घर पर पांच साल किराए पर रहा था महिपाल

महिपाल जब शाहजहांपुर से बरेली आया था तब वह महिला के घर में पांच साल तक किराए पर रहा था। जिस दौरान दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग हुआ। जिसकी भनक बेटे को काफी समय बाद लगी। बेटे के विरोध पर उससे कमरा खाली करा लिया गया, लेकिन उसके बाद भी दोनों चोरी छी मिलते रहते थे।

> अपनी मां को आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद उसके बेटे ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।
>
> -घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

महिला का बेटा देर रात लघुशंका करने के लिए गया तो दोनों को देख लिया। जिसके बाद उसने गुस्से में आकर पास में पड़ी ईंट से महिपाल के सिर में कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# किशोरी का धर्म परिवर्तन कराकर किया दुष्कर्म

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** आरोपी ने गैर संप्रदाय की किशोरी को घर से बहला-फुसलाकर लाने के बाद पहले उसका धर्म परिवर्तन किया। जिसके बाद में उसका नाम बदलकर शबनम रख दिया। बिना रजामंदी आरोपी ने उससे निकाह भी किया। पीड़िता ने आरोपी युवक पर दुष्कर्म करने का भी आरोप लगाया है। मामले में नारी उत्थान केंद्र की सदस्य की तहरीर पर आरोपी युवक और उसके एक अज्ञात साथी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

कार्रवाई के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कलां निवासी चांद शनिवार दोपहर संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की दूसरे संप्रदाय की किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ अमरोहा ले आया था। यहां एक वकील के माध्यम से वह किशोरी से कोर्ट मैरिज करने के इरादे से कचहरी पहुंचा था। जानकारी होने पर वहां पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोपी युवक को जोया रोड पर पकड़ लिया। संगठन के जिला संयोजक कुशल चौधरी, सहसंयोजक वीरेंद्र कुमार ने मामले की जानकारी पुलिस अधिकारियों को दी थी। मौके पर भीड़ लगने के दौरान भागने की कोशिश कर रहे युवक को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने बाद में किशोरी को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया था। जिसके बाद किशोरी का मेडिकल कराया गया। मामले में नारी उत्थान केंद्र की सदस्य उषा शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चांद और उसके एक अज्ञात साथी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट व धर्म परिवर्तन अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी चांद ने किशोरी का धर्म परिवर्तन कराने के बाद उसका नाम बदलकर शबनम रखकर निकाह कर लिया था।

## विद्यालयों में संचालित 128 वाहनों का परमिट निरस्त किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए चलने वाले वाहनों में मानकों की अनदेखी भारी पड़ी है। तकनीकी और विभागीय जांच के बाद संभागीय परिवहन विभाग ने कार्रवाई की है। विभागीय मानक की कसौटी में फेल 128 वाहनों का संचालन परमिट निरस्त कर दिया गया है। केवल मुरादाबाद में 147 वाहन संचालकों को नोटिस जारी किए गए थे। रामपुर, अमरोहा, संभल और बिजनौर में भी इसी तरह के अभियान चले थे। मुरादाबाद जिले में 862 स्कूली वाहन हैं, जिनमें 590 बसें हैं। बिजनौर में सर्वाधिक 941 वाहनों का पंजीयन है। रामपुर के स्कूलों में 367 वाहन पंजीकृत हैं। संभल में 407 और अमरोहा में 550 वाहन हैं। बीते साल की कार्रवाई और जरूरी मानकों की छानबीन के बाद विभाग ने वाहन मालिकों को नोटिस जारी किया था। साल 2022 की कार्रवाई में तो मंडल में खलबली मची थी। तब कोरोना काल के बाद स्कूल प्रबंधन ने वाहनों की जरूरी जांच नहीं कराई थी।

# लकड़ी कारोबारी की गोली मारकर हत्या

संवाददाता, अमरोहा

▸▸ लकड़ी की सौदेबाजी के समय हुआ था विवाद, दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** रुपयों के लेनदेन के विवाद में मुरादाबाद के लकड़ी कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने शनिवार शाम अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव नोहरान में लकड़ी की सौदेबाजी के समय वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंचे एएसपी और सीओ ने मौका मुआयना किया और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। इस मामले में एक नामजद समेत दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिसके बाद पुलिस हत्यारोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। जनपद मुरादाबाद के कांठ थाना क्षेत्र के गांव उमरी में 40 वर्षीय शहादत का परिवार रहता है। वर्तमान में वह पत्नी भूरी उर्फ यासमीन और तीन बेटों और एक बेटी के साथ अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर में रहते थे। शहादत कांठ के मोहल्ला नई बस्ती ईदगाह निवासी मोहम्मद यासीन के साथ लकड़ी का कारोबार करते थे। उनका गांव उमरी में रहने वाले शहजाद से रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। शहजाद पेशे से शीशे का कारीगर है और वह अहमदाबाद में नौकरी करता है। 26 जनवरी को क्षेत्र के गांव पैगंबरपुर में रुपयों के लेनदेन को लेकर शहजाद और शहादत के बीच विवाद भी हुआ था। उस समय लोगों ने बीच-बचाव कराकर दोनों के बीच मामला शांत कर दिया था। शनिवार शाम शहादत अपने कारोबारी दोस्त मोहम्मद यासीन के साथ लकड़ी की सौदेबाजी करने के लिए गांव नोहरान आया थे। बताया जा रहा है शहजाद भी अपने साथियों को लेकर वहां पहुंच गया और झगड़े के बीच उसने गोली मारकर शहादत की हत्या कर दी।

### स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरों की आज से होगी चेकिंग

बरेली। आरटीओ ने बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश वाहन संचालकों को दिए थे। अभी तक सभी स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लग सके हैं। अब सभी स्कूल खुलने शुरू हो जाएंगे, ऐसे में सोमवार को परिवहन विभाग की टीम स्कूली वाहनों की चेकिंग करेगी। इसमें सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जाएगी, यदि कैमरे लगे नहीं मिले तो कार्रवाई की जाएगी। विकास भवन के पास स्थित डीटीआई में पिछले महीने स्कूल वैन संचालकों और परिवहन विभाग के अधिकारियों की एक बैठक हुई थी। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने स्कूल वाहन संचालकों को निर्देश दिए थे कि वाहनों में जीपीएस, स्पीड गर्वनर, पीली पट्टी, स्कूल का नाम, खिड़की पर रॉड, फिटनेस, पंजीकरण, लाइसेंस के साथ सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगवाएं।


## कार्यालय प्राथमिक विद्यालय भोलापुर, क्यारा, बरेली

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पत्र सं. एस.एस.ए./निर्माण-3395/3405/2023-24 दिनांक 25.10.2023 के अनुक्रम में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद नियंत्राधीन परिषदीय प्राथमिक विद्यालय भोलापुर विकास क्षेत्र-क्यारा के जर्जर भवन की नीलामी कमेटी द्वारा निम्न विवरणनुसार की जानी है।

| क्र. सं. | विद्यालय का नाम | भवन की स्थिति | न्यूनतम बोली की धनराशि | धरोहर की धनराशि | नीलामी का स्थान | नीलामी का दिनांक | नीलामी न होने की स्थिति में द्वितीय नीलामी दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक विद्यालय भोलापुर | जर्जर | 82088/- | 8200/- | प्राथमिक विद्यालय भोलापुर | 02.02.2024 | 06.02.2024 |

**नीलामी हेतु नियम व शर्तें :-** 1. नीलामी हेतु कोई भी व्यक्ति या फर्म कॉलम (5) में अंकित धनराशि नकद जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है। 2. बोलीदाता का आधार, जी.एस.टी. व पैन नम्बर अनिवार्य है। 3. अधिकतम बोलीदाता को उसी दिन अथवा अगले कार्य दिवस में बोली की धनराशि विद्यालय प्रबन्ध समिति के खाते में जमा करनी होगी। 4 जमा धनराशि की पुष्टि के उपरान्त ही ध्वस्तीकरण का आदेश दिया जायेगा। 5. निर्धारित समय में धनराशि जमा न होने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जाएगी तथा नीलामी पुन: की जाएगी। 6. नीलामी से पूर्व बोलीदाता जर्जर भवन की स्थिति भौतिक रूप से देख सकता है। 7. ध्वस्तीकरण आदेश जारी होने के 7 दिवस के अन्दर जर्जर भवन के मलवा को हटाना होगा। 8. असफल बोलीदाता की धरोहर धनराशि नीलामी के बाद वापस कर दी जाएगी। 9. किसी भी विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय समिति का मान्य होगा। 10. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र जनपद बरेली होगी। 11. उपरोक्त कार्यवाही में व्यय धनराशि अधिकतम बोलीदाता द्वारा जारी देय होगी।

कन्हईलाल (अध्यक्ष)
विद्यालय प्रबन्ध समिति
प्रा.वि. भोलापुर क्यारा (बरेली)

प्रमिता रानी (सचिव)
विद्यालय प्रबन्ध समिति
प्रा.वि. भोलापुर क्यारा (बरेली)


# उपभोक्ताओं की दिक्कतें बढ़ा रहे हैं स्मार्ट मीटर

संवाददाता, बरेली

▸▸ बकाया बिल होने पर खुद कट जाता है कनेक्शन,

▸▸ बिल जमा करने के बाद भी सप्लाई नहीं हो पा रही बहाल

**अमृत विचार:** शहर में लगे बिजली के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की मुसीबत बढ़ा रहे हैं। बिल बकाया पर कनेक्शन कट जाता है लेकिन जमा करने के बाद भी बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो रही। उपभोक्ता अधिकारियों से शिकायत करते हैं उसके बाद बिजली सप्लाई बहाल हो पा रही है।

शहर में बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए स्मार्ट मीटर लगाए गए थे। इससे बिल जमा करने में एक दिन भी लेट होने पर कनेक्शन कट जाता है और बिल जमा करने के बाद सप्लाई ऑटोमेटिक शुरू हो जाती है। लेकिन पिछले कुछ समय से बिल जमा करने के बाद भी बिजली गुल रहती है। क्योंकि कनेक्शन जुड़ने की प्रक्रिया ऑटोमेटिक नहीं रही। सिविल लाइंस के रहने वाले अमर ने बताया कि बकाया बिल होने पर 27 जनवरी को उनके घर की बिजली सप्लाई बंद हो गई। उन्होंने ऑनलाइन बकाया बिल का भुगतान कर दिया लेकिन बिजली सप्लाई बहाल नहीं हो सकी। जेई से शिकायत की तो आधा घंटे बाद बिजली आई।

> बकाया होने पर स्मार्ट मीटर में बिजली खुद कट जाती है। बिल जमा करने के बाद भी सप्लाई नहीं आने की दिक्कत मुख्यालय से है। शिकायत मिलने पर सिस्टम से उसकी सप्लाई को शुरू कर दिया जाता है।
>
> -अमित आनंद, अधिशासी अभियंता

## युवती से अभद्रता के विरोध पर फायरिंग, चार घायल

**बहजोई(संभल), अमृत विचार:** जमीन के विवाद को लेकर युवती से अभद्रता के बाद विवाद बढ़ा तो एक पक्ष ने लाठी डंडों से मारपीट के बाद फायरिंग की। झगड़े में दंपति व उनके बेटा व बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से दंपति व उनके बेटे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बहजोई के गांव राजा का मझोला निवासी ओमपाल की बेटी अनारकली खेत पर पशुओं को हरा चारा लेने गई थी। इसी दौरान अनारकली का चचेरा भाई मनोज अपने एक अन्य साथी के साथ खेत पर पहुंच गया। वह युवती के साथ अभद्रता करने लगा। आरोप है कि दोनों उसे नलकूप की कोठरी में बंद करने के लिए ले जाने लगे तो चीखी चिल्लाई थी।

# गांवों में लोगों को छोटी निजी गोशालाएं स्थापित करने को प्रेरित करें अफसर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ बोले- जिले की छवि खराब कर रही हैं इस तरह की घटनाएं

▸▸ 57 सौ छुट्टा पशु पकड़वाने के लिए डीएम की सराहना की

**अमृत विचार :** पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने रविवार को अफसरों के साथ बैठक कर पिछले दिनों संजयनगर में एक सांड़ के बुजुर्ग को पटक-पटककर मार डालने की घटना पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसी घटनाओं से जिले की छवि खराब हो रही है, लिहाजा ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने मृतक बुजुर्ग के परिवार को आर्थिक सहायता देने का निर्देश दिया, साथ ही कहा कि गांवों में लोगों को निजी स्तर पर छोटी गोशालाएं स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि छुट्टा गोवंशीय पशुओं की समस्या कम हो सके। पशुधन मंत्री ने कहा कि डीपीआरओ सभी प्रधानों और नगर आयुक्त सभी पार्षदो से संपर्क स्थापित कर छुट्टा पशुओं के मामले में प्रभावी कार्रवाई और जन-जागरूकता को बढ़ावा देना सुनिश्चित करें।

नगर आयुक्त को छुट्टा पशुओं को संरक्षित करने के लिए भी प्रभावी कदम उठाने को कहा। एसएसपी से कहा कि वह थानेदारों को गाय छोड़ने वालों पर कड़ी निगरानी का निर्देश दें। पहले नोटिस देकर पशुपालकों को सतर्क किया जाए, इसके बाद भी वे पशुओं को छोड़ें ो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। मंत्री ने सांड़ों को पकड़ने के लिए संयुक्त टीम बनाने और इसमें ब्लॉक के कर्मचारी, पशु चिकित्सक और पुलिस को शामिल करने का निर्देश दिया।

डीएम रविंद्र कुमार ने मंत्री को बताया कि छुट्टा सांड़ों को संरक्षित करने के लिए सभी ब्लॉकों में एक-एक नंदी आश्रय स्थल चिह्नित किया गया है। जरूरत पड़ने पर उन्हें ट्रेंक्युलाइज कर यहां लाया जाएगा। मंत्री ने 57 सौ गोवंशीय पशु संरक्षित करने पर डीएम की सराहना की और इसे मॉडल के रूप में अच्छा काम बताया। बैठक में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स, सीडीओ जगप्रवेश, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. मेघश्याम भी मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नकटपुर, वि.खं. आलमपुर जाफराबाद, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नकटपुर की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त चर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, पाइप, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्रचार-प्रसार सामग्री आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 29.01.2024 से दिनांक 02.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे 02.02.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से सामग्री अनुमन्य दरों में क्रय हेतु स्वतंत्र होगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लागत |
|---|---|---|
| 1. | नकटपुर जमालपुर में अरून मौर्य के घर से देवी राम मौर्य के घर तक सी.सी. रोड | 3,20,000/- |
| 2. | नकटपुर जमालपुर में डाबर रोड से राम बाबू की दुकान तक के सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 3,08,000/- |
| 3. | नकटपुर हासिमपुर में हार्ट बाजार निर्माण कार्य | 3,08,000/- |
| 4. | नकटपुर में हासिमपुर तालाब पर अमृत सरोवर निर्माण कार्य | 12,00,000/- |

प्रधान-नीरज सिंह

सचिव-तुषार राज


# राशिद का फोन रिसीव कर लेती सुमन तो न मारे जाते नेत्रपाल व मीना

संवाददाता, बरेली

▸▸ पुलिस की पूछताछ में हत्यारोपी राशिद ने उगला पूरा घटनाक्रम, जेल भेजा गया

▸▸ शादी की बातचीत पर भड़का नेत्रपाल तो कर दी हत्या

**अमृत विचार :** राशिद के साथ अपनी प्रेमकहानी में सुमन की ओर से दिखाई गई एक छोटी सी तल्खी उसके भाई और मां की हत्या की वजह बन गई। राशिद के मुताबिक 26 जनवरी को पहली बार ऐसा हुआ, जब सुमन ने न उसका फोन रिसीव किया, न लौटकर उसकी कॉल आई। इससे वह इतना ज्यादा तिलमिलाया कि उसने आरपार का फैसला कर लिया।

शाम को नर्सरी पर नेत्रपाल और उसकी मां मीना से बात करने बाइक की डिग्गी में हथौड़ा साथ लेकर पहुंचा था। काफी समझाने पर भी नेत्रपाल सुमन की उससे शादी करने को तैयार नहीं हुआ, उल्टे उसका गला पकड़ लिया तो उसने सिर में हथौड़ा मारकर उसे ढेर कर दिया। इसके बाद मीना की भी हत्या कर दी।

इज्जतनगर इलाके में बड़ा बाईपास के पास त्रिदेव नाम से नर्सरी चलाने वाले भूपराम की पत्नी मीना और बेटे नेत्रपाल की शुक्रवार रात हत्या कर दी गई थी। पुलिस की छानबीन में हत्या के पीछे भूपराम की बड़ी बेटी सुमन की राशिद के साथ प्रेमकहानी सामने आई जिसके बाद शनिवार को राशिद को गिरफ्तार कर लिया गया था। रविवार को राशिद को जेल भेजने से पहले पुलिस ने उससे लंबी पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर हत्या के लिए इस्तेमाल किए गए हथौड़े के साथ उसका मोबाइल फोन और बाइक भी बरामद की। पुलिस के मुताबिक राशिद ने बताया कि वर्ष 2018 में वह नेत्रपाल के घर में टाइल्स लगाने गया था, इसी दौरान सुमन के साथ उसकी प्रेमकहानी शुरू हुई और इस हद तक पहुंची कि दोनों एक-दूसरे के लिए पागलपन की हद पार कर गए थे।

### बार-बार रिश्ता तय करता था भाई, हर बार तुड़वा देती थी

पुलिस के मुताबिक नेत्रपाल बहन के लिए बहुत परेशान था। वह कई बार उसका रिश्ता तय कर चुका था लेकिन राशिद से शादी करने की जिद पर अड़ी सुमन हर बार कोई न कोई कमी निकालकर रिश्ता तोड़ देती थी। सुमन की इस हरकत पर उसकी मां मीना और भाई नेत्रपाल दोनों उससे बहुत नाराज थे। सुमन ने संजीव को भी आत्महत्या करने की धमकी देकर रिश्ता तोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। रविवार को पंजाब से बरेली पहुंचे संजीव ने पुलिस को बताया कि सुमन ने उसे राशिद के साथ अपने प्रेमसंबंधों के बारे में बताया था और कहा था कि उसने उसके साथ शादी की तो वह बाद में आत्महत्या कर लेगी। इससे डरकर उसने रिश्ता तोड़ दिया। इसके बावजूद सुमन के पिता भूपराम ने संजीव पर ही हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### सुमन ने मना किया था भाई की हत्या करने को

राशिद ने पुलिस को बताया कि संजीव से रिश्ता टूटने के बाद नेत्रपाल ने सुमन को तीन-चार बार पीटा था। यह बात सुमन ने उसे बताई तो उसने नेत्रपाल को मार देने की बात कही। सुमन ने उसे ऐसा करने से मना किया, धमकी भी दी कि ऐसा किया तो वह उससे शादी नहीं करेगी। 26 जनवरी को उसने सुमन को कई बार फोन किया तो कॉल रिसीव नहीं की।

### पुलिस से बोली- राशिद बेकसूर उसे उंगली भी मत लगाना

पुलिस ने राशिद से पूछताछ के दौरान ही सुमन को भी थाने बुलाकर दोनों का आमना-सामना कराया। राशिद पुलिस के सामने अपना गुनाह कबूल कर रहा था, लेकिन कमजोर और सीधी दिखने वाली सुमन उसे बेकसूर बताने पर अड़ी रही। पुलिस को धमकी तक देने लगी कि वह राशिद को उंगली भी न लगाए। नेत्रपाल की बहन भी शातिर निकली। पुलिस ने बताया कि सुमन और राशिद से कॉलिंग एप और इंटरनेट कॉल के जरिए आपस में बात करते थे ताकि उनकी कॉल डिटेल न पकड़ी जा सके। सुमन एक ब्यूटी पार्लर पर काम करने जाती थी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत डूंगरपुर, वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डूंगरपुर की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदाएं 01.02.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन दिनांक 01.02.2024 की ग्राम पंचायत अध्यक्ष महोदय/ प्रधान एवं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री अनु. | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | उग्गर के घर से खरगसेन के घर तक सी.सी. निर्माण तथा नाली निर्माण कार्य। | प्रथम ईट, सीमेंट मौरंग, पत्थर, रोड़ा, बजरी, बजरफुट, सरिया आदि | 3,99,741/- |
| 2. | तालाब से उमेश के घर तक सी.सी. निर्माण व नाली निर्माण कार्य | प्रथम ईट, सीमेंट मौरंग, पत्थर, रोड़ा, बजरी, बजरफुट, सरिया आदि | 3,99,358/- |

**नियम शर्तें :** 1. निविदादाता निविदा के साथ पैन नं. की छाया प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करेंगे। 2. समस्त सामग्री आर. ई. डी. / पी. डब्लू. डी. विभाग के मानक के अनुसार आपूर्ति की जायेगी। 3. निविदाताओं को सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करनी होगी, जिसका कोई भी भाड़ा देय नहीं होगा। 4. निविदा फार्म संबंधित दिशा- निर्देश व शर्तें अधोहस्ताक्षरी ग्राम पंचायत रजपुरा माफी बरेली के कार्यालय में रुपये 200/- व 14 प्रतिशत वैट नगद जमा कर दिनांक 01.02.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। 5. किसी भी समय ग्राम पंचायत द्वारा निविदा निरस्त की जा सकती है।

प्रधान-चन्द्रपाल

सचिव-पुष्पेन्द्र कुमार गंगवार

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते !
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम : !!

किसी जगह पर बिना बुलाए चले जाना, बिना पूछे बहुत अधिक बोलते रहना, जिस चीज या व्यक्ति पर विश्वास नहीं करना चाहिए उस पर विश्वास करना मुर्ख लोगो के लक्षण होते है।


## संपादकीय

# बदले समीकरण

बिहार में कई दिनों से जारी राजनीतिक उथल-पुथल थम गई है। राज्य में सत्ता का समीकरण एक बार फिर बदल गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरजेडी से अलग होने का फैसला कर भारतीय जनता पार्टी के साथ सरकार बना ली है। रविवार को नीतीश कुमार ने जबरदस्त सियासी घमासान के बाद नौवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। नीतीश ने पिछले दशक में चौथा और इस कार्यकाल में दूसरा पलटमार कदम उठाया है। वास्तव में राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता है। नीतीश के इस कदम से राज्य में महागठबंधन के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गुट को भी गहरा झटका लगेगा। घटनाक्रम का समय बड़ा महत्वपूर्ण है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार में प्रवेश कर रही है और कांग्रेस ने सत्तारूढ़ गठबंधन के सभी सदस्यों के साथ शक्ति प्रदर्शन की योजना बनाई है। नीतीश का यह कदम विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के लिए बड़ा झटका है। विपक्षी दलों के बीच गठबंधन करके ज्यादा से ज्यादा सीटों पर एनडीए के खिलाफ साझा प्रत्याशी खड़ा करने का पूरा प्रयास नीतीश कुमार की ही पहल पर शुरू हुआ था।

ऐसे में उनके जाने के बाद यह प्रकिया किस तरह से और कितनी आगे बढ़ेगी, इस पर सवाल खड़ा हो गया है। जाहिर है, आगे घटनाएं चाहें जैसा भी मोड़ लें, इतना तय है कि इंडिया को अपनी विश्वसनीयता की नई परीक्षाओं से गुजरना होगा। राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाएं पूरी करने की चाह में पिछले साल की शुरुआत में नीतीश ने विभिन्न भाजपा विरोधी पार्टियों को एक मंच पर लाने के प्रयास में , देश का दौरा करना शुरू किया। ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे जैसे नेताओं से मुलाकात की। उनके प्रयासों का फल इंडिया गठबंधन के रूप में मिला। नीतीश को विपक्षी गठबंधन के वास्तुकार के रूप में देखा गया । जिस बात से इंडिया के नेता हतप्रभ हैं, वह है बिहार के मुख्यमंत्री का उन लोगों के साथ शामिल होने का अचानक लिया गया निर्णय, जिनके खिलाफ वह युद्ध छेड़ने की तैयारी कर रहे थे। नीतीश गठबंधन के उन पारित प्रस्तावों के हस्ताक्षरकर्ता थे, जिसमें कहा गया था कि केंद्र सरकार लोकतंत्र के लिए खतरा है और विपक्षी गठबंधन देश बचाने के लिए लड़ रहा है। हालांकि नीतीश कुमार ने पहले भी अपने अवसरवादी निर्णयों से राजद और भाजपा को झटके दिए हैं, लेकिन भाजपा को गले लगाने की उनकी ताजा रणनीति आगामी आम चुनाव से पहले विपक्ष के राजनीतिक गणित को गड़बड़ करने की क्षमता रखती है।

# देवकुलों के बारे में हमारा ज्ञान और इंडोलॉजिस्ट्स का श्रम



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

मंदिरों की अनेक श्रेणियों को देखकर देवकुलों की समाज पर विशालता और असर का आभास होता है। इसकी पैठ गहरी है। देवप्रासादों में एक देव-देवी या देवकुल को एक निश्चित और विशिष्ट स्थान (स्थल नहीं) क्यों दिया गया इसके बारे में जानने को शायद ही कभी हम उत्सुक हुए दीखते हैं; बस जो चल रहा है उसे स्वीकार करते हैं, जीवन भर देखते चले जाते हैं और दर्शन के बाद मंदिर परिसर से बाहर हो लेते हैं।

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की घटना ने मुझे यह सोचने को मजबूर किया कि हिंदुओं के देव-देवियों के बारे में 99 प्रतिशत तक मैं कुछ खास नहीं जानता। अन्य सामान्य लोग अपनी जांच इस बारे खुद कर लें। इसका बड़ा कारण संभवतः संस्कृत भाषा के पठन-पाठन के बारे में मेरी कमजोरी है। मैंने संस्कृत भाषा और व्याकरण सिर्फ ग्यारहवीं जमात तक पढ़ी है और ठेठ या उच्च स्तर की वैसी संस्कृत बांचने और पाठ का अर्थ समझने में अक्षम हूं जैसी ऋग्वेद में है। एक भी ऋचा का अर्थ नहीं कर पाता, यूं अपने मन में यह ख्याल जरूर रखता हूं कि शायद समझ गया हूं। हम जिस तरह की शिक्षा प्रणाली से दीक्षा पाकर निकलते हैं उसमें भारतीय भाषाओं में हमारे सांस्कृतिक महत्व के पाठ और स्मृतियों के पठन-पाठन की कोई सामान्य-सी योजना भी नहीं है। विभाग विशेष अर्थात, संस्कृत महाविद्यालयों और सामान्य विश्व-विद्यालयों के, संस्कृत विभागों के आम सिलेबस से मैं अधिक वाकिफ नहीं बस इम्प्रैशन भर है कि शायद इनमें एमए पाठ्यक्रम में ये सब सामान्य तरीके से पढ़ाए जाते हैं।

हिंदू देवकुलों का अध्ययन एक खास किस्म का तजुर्बा है और जिससे आधार पर हम अपने अराध्यों और मार्गदर्शकों के निजी जीवन के कुछ पक्ष और बौद्धिक कृतियों के बारे में और इन द्वारा बताए गए जीवन दर्शन के गहन पहलुओं और अपने हिंदू समाज की दिनचर्या ही नहीं जीवन के गहराइयों को शायद समझ पाएं। हम अपने आसपास या दूरस्थ देवस्थलों और देवालयों में हिंदू देव, देवियों को चित्र, चित्रार्द्ध और चित्रभाषा में अनेक रूप में देखने के अभयस्त हैं लेकिन शायद ही हिंदू देवकुलों के विस्तार और इनकी श्रेणियों से परिचय पाने की जिज्ञासा रखते हैं। बस, सुनने से जो नाम मन पर चढ़ गए वे ही याद हैं। हिंदुओं के अलावा ग्रीक और रोमन देव-देवियों की भी लंबी फेहरिस्त है और हम यदा-कदा इनके नामों से भी प्रसंगवश परिचित होते रहे हैं जैसे कि अपोलो, जुपिटर, मार्स, मरकरी पुरुष देव हैं और वेस्ता, जूनो, मिनर्वा, देवियां हैं। भारत में देवकुलों की सूची में 500 नाम तो हैं ही। प्रत्येक देव-देवी के लिए पूजा, अर्चना के विधान और देवस्थान तय हैं। मुझे यह जानकर आश्चर्य होता है कि भारतीय धर्म-संस्कृति के ग्रंथाचार्यों ने

मुझे अब महसूस हो रहा है कि पढ़ाई चाहे कैसी भी हो, भारत के मूल निवासी होने के नाते हिंदू देवकुलों के बारे में कॉलेज स्तर पर ही हमें जानकारी दी जानी चाहिए थी। यह जानकारी हमें टूरिस्ट लिटरेचर या कोर्स की किताबों से मिलने से रही। जाहिर है, ऐसे में बनावटी तौर से ही यह कहलवाना कि 'हमें भारतीय होने पर गर्व है' मुझे जंचता नहीं हैं।

कितनी मेहनत से यह सब किया होगा और इसका प्रयोजन क्या रहा होगा जिससे मैं तो अधिकांश अपरिचित ही हूं! भारत में एक बिलकुल ही निराले धर्म-दर्शन की सुदीर्घ परंपरा विकसित रही है जिसमें विस्तार हुआ और वैष्णवों, शैव, शाक्त और जैनियों के अलावा अनेक और समुदायों की उत्पत्ति हुई। इनका निकास आदि-शिव साधकों और वैष्णवों ने किया जैसे कि निम्बार्काचार्य, माधवाचार्य, दादू, श्री वल्लभ, चरनदास, चैतन्य, स्वामीनारायण, रामनुज और पंथ संस्थापकों जैसे कि गुरुनानक, रामदेव ने 70 से अधिक हिंदू धार्मिक संप्रदायों और अनेक पंथों ने एक प्रमुख गुरु और संत को अपनाया। इनके बारे में विस्तृत सूची और ब्यौरा सन 1896 में जोगेंद्रनाथ भट्टाचार्य ने 'हिंदू कास्ट्स एंड सेक्ट्स' पुस्तक में दिया है। इससे पहले प्रोफेसर वीपी जोहरापुरकर ने सन 1958 में प्रकाशित पुस्तक में भट्टारक जैन समुदाय के बारे विस्तार से लिखा है। इनसे भी पहले होरेस हेमन ने 1861 में 'ए स्केच ऑफ़ द रिलीजियस सेक्ट्स ऑफ़ द हिंदूज' में 50 से अधिक धार्मिक संप्रदायों के बारे में जानकारी दी थी। मंदिरों की अनेक श्रेणियों को देखकर देवकुलों की समाज पर विशालता और असर का आभास होता है। इसकी पैठ गहरी है। देवप्रासादों में एक देव-देवी या देवकुल को एक निश्चित और विशिष्ट स्थान (स्थल नहीं) क्यों दिया गया इसके बारे में जानने को शायद ही कभी हम उत्सुक हुए दीखते हैं; बस जो चल रहा है उसे स्वीकार करते हैं, जीवन भर देखते चले जाते हैं और दर्शन के बाद मंदिर परिसर से बाहर हो लेते हैं। बाद में सामान्य तरीके से जीवन यापन में लग जाते हैं। देव-देवियों की प्रतिमाओं के शिल्प के बारे में, उनके कक्ष और श्रृंगार और निर्धारित अर्चना शैली के अलावा शिल्पियों की विद्या और प्रतिमा-मान एवं बहुत सी तकनीकी बातों की खोज नहीं करते जबकि भारतीय विद्यावृत्त में इनके बारे में विस्तार से जानकारी मौजूद है। मैं भी नहीं पढ़ पाया हूं इसलिए किसी तरह की डींग हांकने की जुर्रत नहीं कर रहा हूं। यह जानकर मुझे भी आश्चर्य होता है कि भारत अध्येताओं में अंग्रेज़ स्कॉलर्स ने-चाहे किसी भी प्रयोजन और नीयत से, भारतीय हिंदू देवकुलों का अध्ययन करके सन 1810 में ही किताब लिख दी थी। जैसाकि ब्रिटिश सोल्जर और बाद में भारत अध्येता बने एडवर्ड मूर ने लिखी और प्रकाशित की थी। एडवर्ड मूर, भारत में आर्मी ऑफ़ द ईस्ट इंडिया कंपनी में सन 1782 में एक कैडेट अफसर के रूप में भर्ती हुए थे और सन 1796 में कैप्टेन थे। भारत में रहते हुए इन्हें सन 1806 में रॉयल सोसाइटी ऑफ़ इंग्लैंड का फेलो बनाया गया। मूर ने सन 1810 में 'द हिंदू पेन्थियन' के अलावा 1811 में 'हिंदू इन्फंटिसाईड' अर्थात बालहत्या और, सन 1834 में 'ओरिएण्टल फ्रैगमेन्ट्स' किताबें भी लिखी हैं।

वे सन 1848 में सिधार गए। इसके अलावा भी इंडोलॉजिस्ट्स ने बहुत कुछ और लिखा है जैसे कि कई खंडों में 'द सेक्रेड बुक्स ऑफ़ द हिंदूज़' और 'रिलीजियस हिस्ट्री ऑफ़ द ओरिएंट', आदि। परंतु जैसा कि मुझे दामोदर धर्मानंद कोसाम्बी (डीडीके) की 'कंबाइंड मेथड्स इन इंडोलॉजी' के कुछ अध्याय पढ़कर महसूस हुआ कि विशेषी मूल के भारत अध्याताओं ने बेशक बहुत मेहनत की और इन प्रकाशनों के अध्ययन के साथ प्रस्तुत संदर्भ विशाल संख्या में दिए हैं, लेकिन इनमें से कुछ अध्ययनों में अपनाए गए मेथड और निष्कर्षों को आंख मूंद कर स्वीकार भी नहीं करना चाहिए। उदाहरण के लिए कोसाम्बी ने अपनी उक्त पुस्तक के 'डेवलपमेंट ऑफ़ द गोत्र सिस्टम्स' अध्याय में बताया है कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के जॉन ब्रौ की पुस्तक 'द अर्ली ब्राह्मनिकल सिस्टम ऑफ़ गोत्र एंड प्रवर –'अ ट्रांसलेशन ऑफ़ द गोत्रप्रवर मंज़री' में लिखित जानकारी के इंटरप्रिटेशन की बाबत सही टिप्पणी नहीं की है। गोत्र प्रवर मंजरी के लेखक पुरुषोत्तम पंडित हैं। कोसाम्बी ने हमें सावधान किया है और कहा कि अगर मूल पाठ नहीं देखा और इसकी पूर्ण समझ नहीं तो किसी किस्म की ऐसी टिप्पणी जिससे भारतीय समाज और इसके ज्ञानाधार के क्रमिक विकास के बारे में कुछ कहना है तो संयम से कहें। अर्थ यह कि विदेशी इंडोलॉजिस्ट्स में शायद वह समझ कभी विकसित नहीं हुई जिसकी पृष्ठभूमि को ठेठ भारतीय ज्ञान पद्धति से ही समझा जा सकता है। इंटरप्रिटेशन में सिर्फ सूचना का ही महत्व नहीं बल्कि भारतीय दर्शन की उत्पत्ति, कबीलों की उत्पत्ति और नामकरण, जियोग्राफी, नर-नारी के स्थायी निवास और प्रवर की उत्पत्ति के अलावा भाषा और संवाद, ग्रामर का विकास और भारत की अंतर्सामाजिक गतिकी के अलावा वर्णक्रम और इसकी अनेक मर्यादाओं को समझना होता है, ऐसा कोसाम्बी का सावधान करने वाला संकेत है। वेद, उपनिषद, पुराण और बहुत सी अन्य हिंदू धर्म और दर्शन की भारतीय मनीषियों द्वारा लिखित प्राचीन किताबें इन्होंने पढ़ी होंगी, भारतीय देवकुल सिस्टम को समझा होगा और फिर सूची बनाकर सबके विवरण जमा किए होंगें, भारतीय पंडितों से समझा होगा और भारतीय हिंदू समाज में इनकी व्यापकता को जाना होगा। जाहिर है एक अंग्रेज के लिए इन्हें समझना कितना श्रमसाध्य और समग्र प्रयास रहा होगा।मुझे अब महसूस हो रहा है कि पढ़ाई चाहे कैसी भी हो, भारत के मूल निवासी होने के नाते हिंदू देवकुलों के बारे में कॉलेज स्तर पर ही हमें जानकारी दी जानी चाहिए थी।

यह जानकारी हमें टूरिस्ट लिटरेचर या कोर्स की किताबों से मिलने से रही। जाहिर है, ऐसे में बनावटी तौर से ही यह कहलवाना कि 'हमें भारतीय होने पर गर्व है' मुझे जंचता नहीं हैं। यह सब खुद को भ्रम में रखने जैसा निवारण प्रतीत होता है। तटस्थ भाव से उन लोगों की हमें प्रशंसा करनी चाहिए जिहोंनें अपनी भाषाओं अर्थात इंग्लिश, जर्मन, फ्रेंच, जापानी या मंडारिन में भारत को समझ कर किताबें लिखीं। जीवन के पहले 60-65 वर्षों में सांसारिक व्यस्तताओं से निपट कर अंतिम आश्रमावस्था के दौर में तो स्वाध्याय करके भारत को हम समझ ही सकते हैं अन्यथा टूरिस्ट बनकर मंदिरों के यूं ही ख्वामखाह चक्कर काटने से कुछ अधिक हासिल होने वाला नहीं है। इस समझ को भ्रमण से बढ़ाया जा सकता है। अंतिम दिनों में शांत होने के लिए इसे मैं अब जरूरी समझ रहा हूं।

## प्रसंगवश

# नीतीश : कितनी नावों में कितनी बार

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कि नेता और विधायकों का आमेलन क्या संबंधित मतदाताओं का भी विलय करा पाएगा? जरूरी नहीं है। अभी तक भाजपा और नीतीश एक दूसरे को पानी पी पीकर कोस रहे थे; जनता सब देख सुन रही थी,अब एक दूसरे की तारीफ करेंगे और वोट मांगेंगे

'कितनी नावों में कितनी बार' वैसे तो अज्ञेय जी का एक काव्य संग्रह है,जिस पर प्रतिष्ठापूर्ण 'ज्ञानपीठ'पुरस्कार मिला था, किंतु यहां हम उसका जिक्र नहीं करने जा रहे हैं। यहां हमारा वर्ण्य विषय है बिहार के आठ बार मुख्यमंत्री रहे और फिर बनने जा रहे नीतीशकुमार की बहुशः पाला बदल राजनीति। उन्हें ज्ञानपीठ तो नहीं हां 'पलटू राम'का खिताब जरूर हासिल हुआ है और देने वाले कोई और नहीं, वही भाजपाई हैं, जिनसे मिलकर अब नवीन सत्ता सृजन सामने है। यह युग अब 'राज'का ही रह गया है,'नीति'गायब हो चुकी है। भाजपा भी,अपने को 'पार्टी विद डिफरेंस'यानी अन्यों से भिन्न प्रकृति और व्यवहार रखने वाली पार्टी कहा करती रही है,अब सब की ही तरह होकर रह गई है। राजनीति अब केवल एक नाम भर रह गया है,कुर्सी ही सब कुछ है। ये नीतीशकुमार ने लालू यादव के भ्रष्ट और कुशासन के विरुद्ध समता पार्टी बनाने में आगे आगे रहे; लेकिन उनके साथ मिलकर खूब सरकारें बनाईं। अपने वरिष्ठ जार्ज फर्नाडीज़ के साथ कृतघन्नता की और उन्हें 2007 में टके का तीन करने में संकोच नहीं किया। पिछला विधानसभा चुनाव ये लड़े तो भाजपा से मिलकर थे, और सरकार भी बनाई; किंतु बहुत जल्द उससे ऊब गये और सुविधावादी दृष्टिकोण अपनाते हुए लालू यादव के राजद से हाथ मिला लिया। उनके नवीं फेल पुत्र तेजस्वी को उपमुख्यमंत्री पद पर आसीन करते हुए सरकार बना ली। जिनकी शासनावधि को जंगलराज कहा करते थे, गले लगा लिया। वर्तमान में भी इनके हृदय परिवर्तन का कारण कुर्सी ही है। लालू अपने बेटे तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे; अतः नीतीश को सब्जबाग़ दिखाया कि 'आप अगले लोकसभा चुनाव में विपक्ष के पीएम फेस बनिये,मैं समर्थन करुंगा और बिहार तेजस्वी को दीजिए'। नीतीश यह महत्वाकांक्षा पाल बैठे कि वे विपक्ष के पीएम कैंडीडेट हो सकते हैं। इस क्रम में उन्होंने दौड़भाग शुरू की और विपक्ष के 'इंडिया'नामक गठबंधन ने आकार ले गया। हालांकि गठबंधन ने इन्हें भाव तो कभी नहीं दिया किंतु कुछ झटकों के बावजूद ये भ्रम पाले रहे कि शायद अब पीएम प्रत्याशी घोषित हो जाएं। अंततः जब कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे इस गठबंधन के अध्यक्ष चुन लिए गए, तब नीतीश की आशाओं पर तुषारापात हो गया। वे समझ गए कि यदि किसी तरह सत्ता विपक्ष के हाथ आ भी गई, तो पीएम कांग्रेस का ही होगा; उनका अपना कोई चांस नहीं। ऐसे में वे फिर भाजपा की ओर मुड़े और एनडीए का दामन थाम लिया। समझौते के अनुसार वे भाजपा की मदद से निर्बाध सीएम तो रहेंगे किंतु लोकसभा सीटें भाजपा को ज्यादा देनी पड़ेगी। भाजपा ने भी नैतिकता किनारे रखकर इनसे हाथ इसलिए मिलाया है,क्योंकि उन्हें लोकसभा चुनावी वैतरणी पार करनी है। भाजपाई नेतृत्व जानता हे कि केवल 'रामभरोसे'काम नहीं चलेगा। यह भावनात्मक मुद्दा मात्र है; हो सकता है कि चुनाव तक भक्ति-जोश कम हो जाय और जाति या कुछ नई बातें पैदा हो जाएं, तो बेमेल गठबंधन भी कर लिए जाएं; सिद्धांत कौन पूछता है। जिन सुशील मोदी को नीतीश-मित्र मानकर बिहार की राजनीति से हटाया गया था,अब फिर भाव दिया जा रहा है।'जब आग लगी जलने,खैरात लगी बटने'कहावत में शब्दों का थोड़ा हेरफेर करना पड़ा। जरूरी था।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कि नेता और विधायकों का आमेलन क्या संबंधित मतदाताओं का भी विलय करा पाएगा? जरूरी नहीं है। अभी तक भाजपा और नीतीश एक दूसरे को पानी पी पीकर कोस रहे थे; जनता सब देख सुन रही थी,अब एक दूसरे की तारीफ करेंगे और वोट मांगेंगे! तब जनता इन मुखौटा बदलने वालों को क्या कहेगी और इनकी बात को कितना वजन देगी,यह भविष्य के अंधेरे में है।

# आधुनिकता के दौर में शर्मसार होती मानवता



सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

इस संसार में मां से बड़ा कोई नहीं होता। मां के आगे दुनिया की सारी धन दौलत बेकार है। माता-पिता भी अपनी औलाद की बेहतरी के लिए अपने जीवन की सारी खुशियां कुर्बान कर डालते हैं?

वर्तमान दौर में लोग रिश्तों की मर्यादा को भूलकर धन संपत्ति को तवज्जों देने में लगे हैं। आज का सबसे बड़ा सच यही है कि 'बाप-बड़ा ना भैय्या, सबसे बड़ा रुपैया'। धन दौलत के लिए संतान अपने माता-पिता से भी मुंह मोड़ रही हैं। जो मां बाप अपने बच्चों के लिए दिन-रात मेहनत करके सम्पति जमा करते हैं। लेकिन उसी सम्पति के लिए जब बच्चे अपनी मां की चिता का दाह संस्कार रुकवा दे तो ऐसी धन दौलत का क्या फ़ायदा? बीते दिनों मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना मथुरा के मसानी स्थित श्मशान घाट में देखी गई। जहां 85 वर्षीय महिला पुष्पा की मौत के बाद उसकी तीनों बेटियों के बीच जमीनी हक को लेकर लड़ाई शुरू हो गई और कई घंटे तक महिला का अंतिम संस्कार रुका रहा। सोचिए! उस मां की रूह पर क्या बीती होगी जब वह अपने ज़िगर के टुकड़ों को खुद से बढक़र जमीन जायजाद के लिए लड़ते देख रही होगी।

कहने को तो मां बेटी का रिश्ता दुनिया का सबसे खूबसूरत रिश्ता होता है। एक बेटी अपनी मां के हर दुःख तकलीफ़ को समझती है। लेकिन जब वही बेटियां धन दौलत के लालच में अंधी होकर अपनी मां की ही अंतिम विदाई की रस्म को रुकवा दे तो फिर क्या ही कहा जाए। वैसे तो अपने प्रियजन की मृत्यु किसी भी परिवार के लिए अविश्वसनीय रूप से दुखद और कठिन समय होता है। परिवार के सदस्य मृतक देह की अंतिम "विदाई" को पूरे सम्मान के साथ करते हैं। लेकिन बीते दिनों एक मां अपनी ही चिता के दाह संस्कार को तरसती रही। पुष्पा की तीन बेटियां हैं। लेकिन मां की मौत होते ही बेटियों में जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद छिड़ गया। श्मशान घाट पर मां का शव रखा रहा और बेटियां लड़ती रहीं। जब तक मामले का निपटारा नहीं हो गया तब तक शव को मुखाग्नि नहीं दी जा सकी। करीब 8 से 9 घंटे मां का शव चिता पर रखा रहा। यहां तक कि श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार की विधि संपन्न कराने आए पंडित भी घाट से लौट गए। कई घंटे तक श्मशान घाट पर बेटियों का ड्रामा चलता रहा। पुलिस ने स्टाम्प लाकर जमीन का लिखित बंटवारा कराया तब कहीं जाकर अंतिम संस्कार पूरा हो सका।

इस संसार में मां से बड़ा कोई नहीं होता। मां के आगे दुनिया की सारी धन दौलत बेकार है। माता-पिता भी अपनी औलाद की बेहतरी के लिए अपने जीवन की सारी खुशियां कुर्बान कर डालते हैं? बस इस उम्मीद में की बच्चे उनके बुढ़ापे का सहारा बनेंगे। लेकिन आधुनिकता के इस दौर में ये परंपरा भी बदलती जा रही है। परिवार बिखरते जा रहे हैं। रिश्तों की डोर कमजोर हो रही है। पर आज भी माता-पिता का अपने बच्चों के प्रति प्रेम नहीं बदला है। श्मशान घाट जिसे मोक्ष धाम भी कहा जाता है, लेकिन एक मां की देह बेटियों की दौलत की लालसा में मोक्ष के लिए तरसती रहे। सोचिए जिन बहनों का जीवन बसाने के लिए एक मां ने उम्र भर कितने जतन किए होंगे। ख़ुद की खुशियां त्याग कर अपने बच्चों की जरूरत को पूरा किया होगा। पर इस निर्मोही समाज में रिश्तों का मर्म पत्थर हो गया है। ये घटना तो सिर्फ एक बानगी भर है। आए दिन निर्दयी समाज में ऐसे किस्से आम हो चले हैं।

बुजुर्गों की समस्या को देखते हुए सरकार उन्हें 'मरते दम तक' कीमती बनाए रखने का लाख जतन कर लें। लेकिन जब बुजुर्ग मां बाप को अपने बच्चों के सहारे की ज़रूरत हो तो सरकार कैसे उसकी औलाद को रिश्ता निभाना सिखाए? ये सवाल अहम हो जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण नियमावली 2014 में संशोधन करने जा रही है। इस संशोधन में न सिर्फ बुजुर्ग माता-पिता के बच्चों, बल्कि रिश्तेदारों को जोड़ा जा रहा है। जो बच्चे अपने माता पिता को प्रताड़ित कर या उनका ख़्याल न रखें उन्हें संपत्ति से बेदख़ल करने का प्रावधान किया गया है। साल 2017 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक गुजारा भत्ता एवं कल्याण कानून, 2007 के प्रावधानों को तीन माह के भीतर लागू करने का निर्देश दिया था। यह कानून राज्य सरकार को वरिष्ठ नागरिकों को गुजारा खर्च, चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की रक्षा करने की सहूलियत प्रदान करता है। सरकार सीनियर सिटीजन के अधिकार को सुरक्षित कर रही है। बावजूद इसके आए दिन समाज में ऐसी अनगिनत कहानियां उजागर हो रही है। कहीं बच्चों के होते हुए भी बूढ़े मां बाप वृद्धावस्था में अपना जीवन गुज़र रहे है। तो कहीं घर के ही किसी कोने में घुटन भरी ज़िंदगी जी रहें हैं। बच्चे अपनी जवानी के नशे में भूल गए है कि कल उनका भी बुढ़ापा आएगा।

## सोशल फोरम

# विकसित भारत



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड


मेरे एक दूर के रिश्तेदार हैं। स्वभाविक है कि सिख ही होंगे। तो अधिकतर सिखों के समान उनकी भी एक ही लालसा है....विदेश जाने की। अब पुश्तैनी पैसा हो और विदेशों में अपने सगे संबंदी हो तो विदेश जाना क्या मुश्किल। आखिर पहुंच गए विदेश उनके पास।

लेकिन कुछ महीनों के बाद ही वो वापिस चले आए। मुझे मिले तो थोड़े निराश से थे। शायद कोई ख्वाब टूटने का दर्द था। कहने लगे......विदेश से बढ़िया तो अपना भारत है। वहां तो किसी को फुरसत ही नही। गधे की तरह सप्ताह के पांच दिन काम करते हैं। और फिर दो दिन अपने घर का काम संवारते हैं। वहां तो सारा काम भी खुद ही करना पड़ता है। एक नौकर तक आदमी रख नही सकता।

इससे बढ़िया तो हमारा भारत है। जहां झाड़ू पोछा, चौका बर्तन से लेकर कपड़े धोने तक सब के लिए नौकर रख लो। अब हमारे घर मे ही देखो तीन तीन बाई आकर घर का सब काम करती हैं। घर की औरतों को असली मजा तो यहां है। वहां तो उन्हें भी काम पर जाना पड़ता है और सारा दिन जी तोड़ खटना पड़ता है। मैंने उससे कहा कि जिस बात पर तुम गर्व कर रहे हो , वास्तव में वो हमारे लिए शर्म की बात होनी चाहिए। काम के लिए तीन तीन बाई रख लेना कोई बहादुरी की बात नही, बल्कि इस बात का द्योतक है कि गरीबी यहां इस हद तक है कि 1000, 1500 रुपये में तुम इनसे घर का काम ले पा रहे हो। ये उदाहरण है कि कैसे करोड़ों असंगठित मजदूर वर्ग के लोगों का शोषण हो रहा है। इनके लिए कोई काम के घंटे नही। कोई छुट्टी भी नही। पीएफ, ग्रेटयूटी, मेडिकल सुविधा तो छोड़ दीजिए। कायदे से भारत तभी विकसित कहला सकता है जब तुम्हारे घर की स्त्रियों को सारे काम खुद ही करने पड़ें, जब तुम एक काम वाली बाई की तनख्वाह भी ना दे पाओ। जब काम वाली तुम्हारी बाई भी अपने दोपहिया पे तुम्हारे घर काम करने आए। और किसी रेस्तरां में वो तुम्हारे बगल में बैठ कर ही खाती मिले।मेरे मित्र मुझसे बहुत नाराज हैं, शायद इतना विकसित भारत उन्हें नहीं चाहिए।

-फेसबुक वॉल से

# मौसम के दांव-पेच



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इससे ज्यादा गंभीर और क्या होगा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों जो इन दिनों बर्फ से लकदक होती थीं वहां आज आग लगने की घटनाएं हो रही हैं।

इस साल अभी तक बारिश या बर्फबारी का नामो निशान नहीं है। नवंबर और दिसंबर का महीना बिन बारिश ही बीत गया था। नए साल की शुरुआत ने भी निराश किया है। जनवरी का महीना जाने को है लेकिन सूखा ही सूखा है। पूरे उत्तर भारत को कोहरे ने आगोश में लिया है। रेल और हवाई सेवाओं पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। कई ट्रेन और फ्लाइट्स कैंसिल हो रही हैं। दिल्ली में दृश्यता इतनी कम है कि जयपुर में लैंडिंग करवाने के कई मामले आए हैं।

लगभग एक महीने से धुंध का प्रकोप है जो पर्यावरण के लिए हानिकारक साबित हो रही है क्योंकि हवा में फैले अवांछित तत्व हमारी सांसों में घुलकर लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। शीत लहर और कोहरे ने सर्दी जुकाम, सांस के रोगियों और जोड़ों के की तकलीफों को तो बढ़ाया ही है, साथ ही एक सामान्य व्यक्ति को भी अवसाद से घेर लिया है। सूखी ठंड स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक भी मानी जाती है।

खेत खलिहानों पर भी सूखे का असर साफ़ दिख रहा है। यह रबी की फसल का मौसम है। गेहूं की फसल बर्बाद होने के कगार पर है। अनाज और फलों के उत्पादन में 50 से 60 प्रतिशत की गिरावट बताई जा रही है। बारिश की कोई उम्मीद नहीं बन पा रही है। अगर यही हालत रही तो अन्न संकट गहरा सकता है। अर्थशास्त्र का नियम कहता है कि मांग और आपूर्ति में अगर असंतुलन हो जाए तो दाम बढ़ने तय हैं। सेव ठंडी जलवायु में उगने वाला फल है लेकिन बर्फबारी के अभाव के कारण इसे पकाने के लिए समुचित वातावरण नहीं मिल पा रहा है। पानी की कमी से गेहूं की फसल को पीला रतुवा रोग यानि फंगस लग गया है। जिससे कुल उत्पादन के 20 प्रतिशत के नुकसान का अनुमान बताए जा रहा है। अगर आने वाले समय में बारिश नहीं होती है तो इस प्रतिशत में वृद्धि हो सकती है।फिलहाल बाजार में सब्ज़ी और फलों के दामों में भारी वृद्धि देखी जा रही है। जिससे बिचौलियों को छोड़कर किसानों और ग्राहकों दोनों को ही नुकसान है। नदियों और ताल तलैयों में भी इसका असर साफ दिखाई दे रहा है।

नैनी झील का स्तर लगातार घटता जा रहा है। एक तो वर्षा का न होना और ऊपर से जल दोहन। परिणामस्वरूप नैनी झील का जलस्तर 12 फीट से घटकर 7 फीट के लगभग आ गया है। जो निसंदेह चिंता जनक है। अभी बीते दिनों उधम सिंह नगर जिले में स्थित काशीपुर शहर की यात्रा पर जाना हुआ। बचपन में वहां जो ताल पानी से लबालब देखे थे, जिनमें कमल और दूसरे जलीय पौधों की भरमार रहती थी, आज सूख चुके हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि अगर आने वाले समय में नैनी झील भी इस हालत में पहुंच जाय तो। हालांकि भूमिगत श्रोतों से इस झील को पानी मिलता रहता है लेकिन वर्तमान में इसका प्रतिशत बारिश से मिलने वाले पानी की तुलना में कम है। एक समय था जब नैनीताल में जनवरी तक कई बार बर्फवारी हो चुकी होती थी लेकिन जलवायु परिवर्तन के इस दौर में कई अपवाद देखने को मिल रहे हैं। शहर के आसपास पाए जाने वाले कई चिन्हित जल स्रोतों की संख्या भी अब धीरे-धीरे घट रही है। सूखाताल क्षेत्र में हालात बुरे हैं। अंधाधुंध कंक्रीट के जंगल खड़े करने से पानी के लिए जमीन के अंदर से रास्ता बनाना मुश्किल हो गया है। यही हाल भीमताल और आसपास के क्षेत्रों की झीलों का भी है। हिल सिटी नैनीताल जो ठंड के लिए मशहूर है, जनवरी के महीने में भी दोपहर में गर्मी का एहसास दिलाता है तो यह विचारणीय है। विंटर गेम्स के लिए प्रसिद्ध औली भी इस बार बर्फबारी का इंतजार कर रहा है।

इससे ज्यादा गंभीर और क्या होगा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों जो इन दिनों बर्फ से लकदक होती थीं, वहां आज आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि हिमाचल प्रदेश में अक्टूबर 23 से जनवरी 24 के बीच 2000 से अधिक आग लगने की घटनाएं रिकॉर्ड की गई। जो पिछले साल की अपेक्षा सात गुना अधिक हैं। इन घटनाओं ने वन भूमि को काफी नुकसान पहुंचाया है।

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगलों में 600 से अधिक आग लगने की घटनाएं अभी तक हो चुकी हैं, जिनमें से अल्मोड़ा और चंपावत के जंगल प्रमुख हैं।अल्मोड़ा जिले के 11 हेक्टेयर से अधिक जंगल अभी तक आग की भेंट चढ़ चुके हैं। वन पंचायत के जंगल भी आग की गिरफ्त में हैं। लाखों रुपए की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है। साथ में, धुएं से स्थानीय लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश आदि राज्यों में भी जंगलों में सूखी पत्तियों का ढेर जमा होने से कोई भी छोटी सी चिंगारी आग भड़काने का काम कर रही है। हिमालय की तलहटी पर बसे जम्मू कश्मीर-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी का न होना इन राज्यों के लिए ही चिंता का विषय नहीं है बल्कि दूसरे राज्य भी इससे प्रभावित होने तय हैं। मौसम विभाग की जानकारी के मुताबिक उत्तर भारत में पड़ती इस भीषण सर्दी और कोहरे के लिए मुख्य रूप से उत्तर-पश्चिम भारत में किसी भी पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय न होना है।

फागुन का महीना आते ही आयो नवल बसंत जैसे गीतों से मधुमास का स्वागत होने लगता था। मगर इस बार सुना है कि बसंत नहीं आएगा। सामान्यतः मार्च के महीने यानि होली तक हल्की ठंड रहती थी लेकिन वैज्ञानिकों की चेतावनी है कि इस बार जाड़े के मौसम में कमी आएगी और फरवरी मध्य से अचानक तापमान बढ़ने लगेगा, जिससे बसंत ऋतु वाला मौसम गायब हो जाएगा।

# प्रदेश में 65 पुलिस अफसरों का तबादला, 39 डिप्टी एसपी बदले गए

## बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मुरादाबाद और सीतापुर के अफसर शामिल, आठ आईपीएस के भी कार्य क्षेत्र में हुआ बदलाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र शासन ने रविवार को पुलिस महकमें बड़ा फेरबदल किया है। इसके तहत आईपीएस और पीपीएस कैडर के 65 पुलिस अफसरों का तबादला किया है। इसमें 39 पुलिस उपाधीक्षक, (डिप्टी एसपी), 18 अपर पुलिस अधीक्षक तथा 2019 और 2020 बैच के आठ आईपीएस अफसर बदले गए हैं। लोकसभा चुनाव के पहले यह बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

डीजीपी मुख्यालय से जारी सूचना के मुताबिक 2019 बैच के सहायक पुलिस आयुक्त प्रयागराज अभिनव त्यागी एडिशनल एसपी कुशीनगर बनाए गए हैं। इनके अलावा 2020 बैच के आदित्य बंसल को सहायक पुलिस अधीक्षक मेरठ से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुजफ्फरनगर, चिराग जैन को सहायक पुलिस आयुक्त प्रयागराज से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आजमगढ़, विक्रम दहिया को सहायक पुलिस अधीक्षक झांसी से अपर पुलिस अधीक्षक




पीलीभीत, अनुकृति शर्मा को सहायक पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर से अपर पुलिस अधीक्षक संभल, अभिजीत कुमार को सहायक पुलिस अधीक्षक बरेली से अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर, मानुष पारिक को सहायक पुलिस अधीक्षक गोरखपुर से अपर पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर और मनोज कुमार रावत को सहायक पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर से अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा के पद पर तैनाती दी गई है।

**यह आठ अपर पुलिस अधीक्षक भी बदले गए :** 18 अपर पुलिस अधीक्षक के फेरबदल में अपर पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक गोरखपुर श्याम देव को अपर पुलिस अधीक्षक बरेली, स्टाफ अफसर एडीजी जोन प्रयागराज प्रवीण सिंह चौहान को अपर पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक गोरखपुर, अपर पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्ध नगर दिनेश कुमार सिंह द्वितीय को अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी साइबर क्राइम गौतमबुद्ध नगर कृष्ण कांत सरोज को अपर पुलिस उपयुक्त वाराणसी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शाहजहांपुर सुधीर जायसवाल को अपर पुलिस अधीक्षक क्राइम गोरखपुर, स्टाफ अफसर एडीजी जोन मेरठ अनिल कुमार प्रथम को अपर पुलिस अधीक्षक मैनपुरी, उपसेनानायक एसडीआरएफ शोएब इकबाल को अपर पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुख्यालय, अपर पुलिस अधीक्षक यूपी 112 मुख्यालय हरेंद्र प्रताप यादव को उप सेनानायक एसडीआरएफ लखनऊ तथा अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत अनिल कुमार यादव प्रथम को अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन चंदौली के पद पर भेजा गया है। इसी तरह अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुजफ्फरनगर संजय कुमार चुतुर्थ को अपर पुलिस अधीक्षक सिटी शाहजहांपुर, अपर पुलिस उपयुक्त गौतमबुद्ध नगर पवन गौतम को अपर पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी, उप सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर जोगिंदर लाल को अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज, अपर पुलिस अधीक्षक यूपी 112, भीम कुमार गौतम को अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया, अपर पुलिस अधीक्षक एसआईटी मुख्यालय प्रेमचंद को अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव, स्टाफ अफसर एडीजी जोन लखनऊ अनिल कुमार झा को अपर पुलिस अधीक्षक बलिया, अपर पुलिस अधीक्षक फायर सर्विस मुख्यालय दिनेश कुमार पुरी को अपर पुलिस अधीक्षक यूपी 112 बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर अपर पुलिस अधीक्षक क्राइम गोरखपुर निवेश कटिहार स्थानांतरण निरस्त किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक एसआईटी श्वेता श्रीवास्तव को पुलिस भर्ती बोर्ड भेजा गया है।

### इन 39 पुलिस उपाधीक्षकों का हुआ तबादला

**लखनऊ, अमृत विचार :** पुलिस मुख्यालय की सूची के अनुसार अशोक कुमार सिंह को अलीगढ़ से मिर्जापुर, दिलीप सिंह द्वितीय को प्रतापगढ़ से हमीरपुर, गणेश कुमार को मुरादाबाद से कानपुर देहात, रविकांत गौड़ को कानपुर देहात से महोबा, राजीव सिरोही को आगरा से कानपुर देहात, सुधाकर पांडे को सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ से गाजीपुर, गिरेंद्र कुमार सिंह को चित्रकूट से जौनपुर, डा.अर्चना सिंह को भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुख्यालय से अयोध्या, सुधाकर मिश्रा को गोरखपुर से 37वीं पीएसी वाहिनी कानपुर, प्रतिमा वर्मा को बिजनौर से जौनपुर, नितिन तनेजा को मेरठ से गोरखपुर, अंशु जैन को पीलीभीत से भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुख्यालय, राजकुमार मिश्रा द्वितीय को बरेली से गौतमबुद्ध नगर, चित्रांशु गौतम को सहारनपुर से कानपुर नगर, सुमन कनौजिया को अलीगढ़ से मथुरा, उदय प्रताप सिंह द्वितीय को एसटीएफ से गोरखपुर, आनंद कुमार राय को बहराइच से प्रतापगढ़ तथा रवि प्रकाश सिंह को गाजियाबाद से हरदोई भेजा गया है। इसी क्रम में संतोष कुमार सिंह को कानपुर नगर से हरदोई, गौरव कुमार को गाजीपुर से वाराणसी, हेमंत कुमार को मुजफ्फरनगर से आगरा, ज्योति यादव को मुरादाबाद से शाहजहांपुर, राकेश वशिष्ठ को फिरोजाबाद से बिजनौर, सतीश चंद्र शुक्ला को पीलीभीत से सीतापुर, शमशेर बहादुर को अयोध्या से खीरी, सुनीता दहिया को मैनपुरी से मुरादाबाद, अजय कुमार चतुर्थ को बुलंदशहर से ललितपुर, सोमेंद्र विश्वास को संभल से उन्नाव, वंदना शर्मा को हरदोई से मेरठ, अर्पित कपूर को मुरादाबाद से संभल, उदय प्रताप सिंह प्रथम को कानपुर नगर 37वीं वाहिनी से सहायक पुलिस अयुक्त प्रयागराज, अजय सिंह चौहान को महाराजगंज से मैनपुरी, संगम लाल मिश्रा को आगरा से 42 वाहिनी पीएसी प्रयागराज, कुलदीप कुमार गुप्ता को जौनपुर से मुरादाबाद, राजेश सिंह को मुरादाबाद से बिजनौर, आदित्य कुमार गौतम को डीजीपी मुख्यालय से देवरिया, परमानंद कुशवाहा को डीजीपी मुख्यालय से जौनपुर, प्रियाश्री पाल को एलआईयू गाजियाबाद से सहायक पुलिस आयुक्त गाजियाबाद और विवेक सिंह को गाजियाबाद से एलआईयू गाजियाबाद भेजा गया है।

# 55 रुपये की चाय देने पर शबरी रसोई को दिया गया नोटिस

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या में अरुंधति भवन के शबरी रसोई के चाय और टोस्ट का बिल सोशल मीडिया पर वायरल होते ही अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने उसके कर्ताधर्ता मेसर्स कवच फैसिलटी मैनेजमेंट को नोटिस देकर जमकर फटकार लगाई है। एडीए ने यह भी स्पष्ट कहा है कि मैनेजमेंट तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण दें नहीं तो, प्राधिकरण आपसे किया गया अनुबंध निरस्त कर देगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण के द्वारा विकसित अरुंधती भवन पश्चिम की सुविधाएं मेसर्स कवच फैसिलटी मैनेजमेंट देख रही है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने मेसर्स कवच को पत्र लिखा है। संबोधित पत्र में लिखा है कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दृष्टिगत अनुबंध व्यवस्था के तहत आप द्वारा डॉरमेट्री, पार्किंग व खान पान के औचित्यपूर्ण दरें निधारित की जाएंगी, लेकिन शबरी रसोई का एक बिल वायरल हो रहा है, जिसमें एक चाय की दर 55 रुपये रखी गई है जो कि बाजार दरों से काफी अधिक है। इस वायरल मैसेज से प्राधिकरण की छवि धूमिल हो रही है। आप को तत्काल प्रभाव से निर्देशित किया जाता है कि खान-पान व अन्य सेवाओं की औचित्यपूर्ण दरें निर्धारित करते हुए 24 घंटे के अंदर कार्यालय को सूचित करें। साथ ही तीन कार्य दिवस में स्पष्टीकरण देना सुनिश्चित करें की श्रद्धालुओं से खान-पान की अधिक दर वसूलने व प्राधिकरण की छवि को धूमिल करने के लिए क्यों न आपका अनुबंध निरस्त कर दिया जाए।




सोशल मीडिया पर वायरल बिल।

### नोटिस मिलने के बाद एडीए में दाखिल किया जवाब

बताया जा रहा है कि शबरी रसोई की तरफ से अयोध्या विकास प्राधिकरण को नोटिस का जवाब दे दिया गया है। जवाब में क्या दिया, अभी यह सामने नहीं आया है। शबरी रसोई के प्रोजेक्ट हेड सत्येंद्र मिश्र ने बताया कि 15 फरवरी से रसोई का संचालन शुरू होना है। उसी समय मेन्यू व उनके रेट भी सामने आएंगे। अभी जो चाय और टोस्ट का बिल वायरल हुआ है वह किसी ने साजिशन किया है।

# बड़े पैमाने पर आईएएस-पीसीएस अफसरों के तबादले की तैयारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार बड़े पैमाने पर आईएएस और पीसीएस अफसरों के तबादले की तैयारी में है। इसमें केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक ही स्थान पर ढाई साल से अधिक कार्यरत अफसर भी शामिल हैं।

इस दायरे में दस डीएम, 12 सीडीओ और एक सौ से अधिक एसडीएम बदले जाएंगे। साथ ही प्रोन्नति के बाद सचिव व प्रमुख सचिव बने शीर्ष अधिकारियों का भी कार्यक्षेत्र बदलेगा। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की देखरेख में केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देशों और प्रोन्नति के बाद आईएएस संवर्ग के असफरों को नई जिम्मेदारी देने के लिए सूची तैयार की गई है। इसी के साथ पीसीएस संवर्ग के उन अफसरों की तबादला और नई तैनाती की सूची भी बनी है, जो पिछले ढाई साल से एक ही जगह तैनात हैं। चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव और प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी को भेजे पत्र में स्पष्ट कहा है कि 30 जून 2024 तक एक ही स्थान पर तीन साल के दायरे में आने वाले चुनाव से जुड़े अधिकारी हटाए जाएंगे।

# मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

**कानपुर, अमृत विचार :** रविवार सुबह मेस्टन रोड स्थित प्राचीन श्रीराम लक्ष्मण जानकी मंदिर में अराजकतत्वों ने पोस्टर चस्पा कर मंदिर व प्रबंधक को बम से उड़ाने की धमकी दी। पोस्टर चस्पा देख इलाके में हड़कंप मच गया। भाजपा पदाधिकारी, डीसीपी पूर्वी समेत कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी खंगाले। मंदिर प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धर्म का अपमान करना, सद्भाव बिगाड़ने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# स्वच्छताकर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी मिलेगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि स्वच्छताकर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी हर हाल में मिलनी चाहिए। सरकार जल्द ही इसे पूरे प्रदेश में सुनिश्चित कराएगी।

स्वच्छताकर्मियों के गारंटीड मानदेय के लिए पहले ही एक कमेटी गठित कर रखी गई है और शीघ्र ही इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री रविवार पूर्वाह्न गोरखपुर नगर निगम की तरफ से अभयनंदन इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा और सम्मान सम्मलेन एवं विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सफाई मित्रों हेतु ई-सेवा पोर्टल, दस लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा सुविधा एवं कल्याण कोष का शुभारंभ किया। सफाई मित्रों के आश्रितों को सहायता राशि का चेक प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने नगर निगम की 116 करोड़ रुपये की लागत वाली 176 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

### राज्य सरकार ने 192 निराश्रित वृद्धजनों को किया रेस्क्यू

**लखनऊ।** प्रदेश में जारी भीषण शीतलहर को देखते हुए निराश्रित वृद्धजनों को सम्मानजनक जीवन देने के लिए राज्य सरकार के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेशव्यापी अभियान चलाकर ठिठुर रहे 192 निराश्रितों का रेस्क्यू किया गया है। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, चौराहों इत्यादि में रात्रि में भ्रमण कर ऐसे निराश्रित वृद्धजनों की पहचान की गई जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं था और उन्हें आपात पुलिस सेवा 112 एवं एल्डरलाइन नंबर 14567 के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर तत्काल सम्मानपूर्वक वृद्धाश्रम में पुनर्वासित किया गया है। जहां उनके स्वास्थ्य का समुचित खयाल रखा जा रहा है।

# 29 से कम सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं प्रदेश कांग्रेस

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी प्रदेश कांग्रेस 29 सीटों से कम सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। प्रदेश संगठन ने केंद्रीय नेतृत्व को अपनी मंशा से अवगत करा दिया है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के कांग्रेस को प्रदेश में 11 सीटें देने की घोषणा के बाद प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि सीटों को लेकर केंद्रीय नेतृत्व निर्णय लेगा, पर सूत्रों का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस 29 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। 2009 के लोकसभा चुनाव व इसके बाद हुए उप चुनाव में जीती कुल 22 सीटों पर चुनाव लड़ने व पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सात और सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की जा रही है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस जमीनी स्तर पर तैयारी में जुटी है।

# बच्चों के तनाव नियंत्रण में माता-पिता के सहयोग का महत्व

आज तेजी से बदलती दुनिया में छात्रों को अपने शैक्षणिक जीवन के हर पहलू में प्रतिस्पर्धा करनी होती है। ऐसे में शैक्षणिक तनाव माता-पिता और छात्रों के लिए चिंताजनक हो सकता है। शैक्षणिक उपलब्धि और मौजूदा परीक्षा प्रणाली का दबाव और माता-पिता, शिक्षकों, साथियों व परिवार के सदस्यों की अपेक्षाएं छात्रों में खराब मनोवैज्ञानिक स्थितियों को जन्म देता है। इस तरह का तनाव परीक्षा के दबाव के कारण चिंता बढ़ा सकता है, जो परीक्षा से पहले, परीक्षा के दौरान और बाद में छात्र को प्रभावित करता है। यह एक महत्वपूर्ण समस्या है, जिससे छात्र अपने पूरे शैक्षणिक जीवन में जूझते रहते हैं। परीक्षा का तनाव छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। इससे चिंता, अवसाद और अन्य भावनात्मक समस्याएं हो सकती हैं। इतना ही नहीं शैक्षणिक विफलता से जुड़ी कुछ प्रत्याशित निराशा या ऐसी विफलता की आशंका के बारे में सोचकर भी उनमें हताशा बढ़ती है।

छात्र के जीवन में तनाव के कई कारण होते हैं, जैसे बहुत अधिक कार्य, अन्य छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा, असफलता, खराब रिश्ते, पढ़ाई का लगातार दबाव, परीक्षा, भविष्य की योजना आदि। विशेष रूप से परीक्षा के समय में कुछ ऐसे फैक्टर्स होते हैं जो छात्रों में तनाव को जन्म देते हैं। वे इस प्रकार हैं : अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करें: पढ़ाई में कमी या पारिवारिक दबाव के कारण कुछ बच्चे परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव झेलते समय तनाव महसूस कर सकते हैं।

असफल होने का डर: ऐसे बहुत से छात्र हैं जो परीक्षा में असफल होने को लेकर चिंतित होते हैं। इससे वे तनावग्रस्त और चिंतित महसूस कर सकते हैं। यह डर उन छात्रों के लिए विशेष रूप से बढ़ सकता है जो किसी खास तरह के विषय से जूझते हैं या जिन्होंने पहले परीक्षाओं में समस्याओं का अनुभव किया है। तैयारियों का अभाव: जो छात्र परीक्षा के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित/तैयार नहीं हैं, वे तनाव और दबाव महसूस कर सकते हैं। यह अध्ययन सामग्री की समझ की कमी, पढ़ाई के लिए समय की कमी या अन्य वजहों से भी हो सकता है।



डॉ. राजकुमार रंजन सिंह
विदेश व शिक्षा राज्य मंत्री

समय की पाबंदी: परीक्षाओं में अक्सर समय की कमी होती है, जो उन छात्रों के लिए बुरा हो सकता है जो तनाव में काम करने के अभ्यस्त नहीं हैं। वास्तव में छात्र अपनी सफलता की उम्मीदों, अपने माता-पिता और शिक्षकों की अपेक्षाओं के कारण शैक्षणिक तनाव का अनुभव करते हैं। यह साफ है कि माता-पिता की अपने बच्चों से परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर अपेक्षाएं होती हैं। इससे उन पर दबाव पड़ता है। हालांकि यह कहा जाता है कि परीक्षा से होने वाला थोड़ा तनाव कुछ हद सकारात्मक और कारगर भी होता है क्योंकि यह परीक्षा से पहले बच्चों को सावधानी और सतर्कता बरतने को प्रेरित करता है। परीक्षा के दौरान बच्चों से अधिक उम्मीदें रखना परीक्षा के तनाव/दबाव और खराब प्रदर्शन का आधार बन सकता है।

आमतौर पर यह माना जाता है कि माता-पिता अपने बच्चों के ज्ञानात्मक, व्यावहारिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपनी भूमिका में माता-पिता बच्चों को सांस्कृतिक और सामाजिक मानदंडों और समाज के मूल्यों से परिचित कराते हैं। इसका उद्देश्य उन्हें समाज की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ भविष्य के लिए तैयार करना है।

बच्चों पर शैक्षणिक आकांक्षाओं के सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव का मार्गदर्शन और प्रबंधन करने में माता-पिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। माता-पिता कुछ शारीरिक, सामाजिक, व्यावहारिक और मनोवैज्ञानिक चीजों को पहचानकर अपने बच्चों को परीक्षा के दबाव से निपटने में मदद कर सकते हैं। बच्चों में परीक्षा के तनाव के लक्षणों को पहचानना यह संभव है कि युवा लोग परीक्षा के दबाव और तनाव पर चर्चा करने में सहज महसूस नहीं करेंगे, लेकिन माता-पिता अपने बच्चों में तनाव के किसी भी लक्षण को देख सकते हैं और उनसे इसके बारे में बात कर सकते हैं। यहां तनाव के कुछ सबसे आम लक्षण हैं जो बच्चों में शारीरिक (जैसे, सिरदर्द, दांत पीसना, उच्च रक्तचाप, अपच, थकान, अनिद्रा), मनोवैज्ञानिक (जैसे चिंता, चिड़चिड़ापन, असंवेदनशीलता, क्रोध, मनोदशा में बदलाव, अवसाद की वजह से होने वाली असहायता स्थिति, निराशा) और व्यवहार संबंधी लक्षण (जैसे, भूख न लगना, टालमटोल का व्यवहार, लोगों से खुद को काट लेना/अकेलापन, व्यक्तिगत साफ-सफाई को नजरअंदाज करना) शामिल हैं।

माता-पिता की भूमिका: माता-पिता के रूप में सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक जो आप कर सकते हैं वह है जितना संभव हो उतना समझदार और सहयोगी बनें। उनसे संवाद करें और उन्हें याद दिलाना सुनिश्चित करें कि उनके जीवन में और भी महत्वपूर्ण अवसर हैं। ये परीक्षाएं हमारे जीवन का सिर्फ एक हिस्सा भर हैं। उन्हें बताएं कि आप हमेशा उनके साथ रहेंगे। आप स्वाभाविक रूप से चाहेंगे कि बच्चे अच्छा प्रदर्शन करें, लेकिन अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो आप उन्हें दोष नहीं देंगे।

परीक्षा से पहले और परीक्षा के दौरान बच्चे के व्यवहार व भावनाओं के प्रति सचेत रहें। अपने बच्चे के साथ आपसी विश्वास बनाएं। माता-पिता अपने बच्चों को बताएं कि वे बिना किसी शर्त उनका सकारात्मक रूप से ध्यान रखते हैं। यदि वे किसी प्रकार की परेशानी महसूस करते हैं तो आपको बताने के लिए उनको प्रोत्साहित करना होगा। स्वस्थ और विविध संबंधों को लेकर उन्हें प्रेरित करें। खुद को प्रसन्न रखने से संबंधी शारीरिक गतिविधि, अच्छा पोषण और आराम के लिए प्रेरित करना होगा। परिवार और दोस्तों के प्यार एवं सहयोग से अपने बच्चे को कठिन समय से निकलने में उसकी क्षमता को याद दिलाएं। उपयुक्त सह-पाठ्यचर्या संबंधी अभ्यास चुनने में अपने बच्चे की सहायता करें। यदि आपका बच्चा चुनौतीपूर्ण परीक्षा देने जा रहा है या पहले ही दे चुका है, तो उसका आत्मविश्वास बढ़ाना न भूलें। बच्चों की बातों को गंभीरता से सुनें और सकारात्मक विचारों के साथ उनकी सहायता करें।

## वर्ग पहेली-326

बाएं से दाएं

3. 1. एक तरह की कस्तूरी 2. एक तरह का तरल गंध द्रव्य जो गंधमार्जार या मुश्कबिलाव के अंडकोश से निकलता है।

5. 1. जिसका अपमान हुआ हो, बेइज़्ज़त, तिरस्कृत 2. तुच्छ, नीच, अधम 3. जिसकी बेकद्री की गई हो।

7. ऐसा स्थान जहां कोई परिवार कई पीढ़ियों से रहता चला आ रहा हो, डीह।

8. 1. अंतिम, आख़िरी, चरम 2. निर्णायक


ऊपर से नीचे

1. 1. ज़मीन, भूमि 2. देश, मुल्क 3. पृथ्वी, धरा 4. पेशबंदी 5. गज़ल की रदीफ़।

2. दोनों हथेलियों को ऊपर की ओर जोड़ने से बनने वाला गड्ढा जिसमें पानी या कोई वस्तु भरकर दी जाती है, करसंपुट, चुल्लू, ओक, अंजुरी, अंजलि।

4. वह स्थान जहां बच्चों के अनुसार खेलने-सीखने की चीज़ें रखी जाती हैं, बच्चों के लिए बना सार्वजनिक स्थल, बालभवन, बच्चों का उपवन, आंगनवाड़ी।

6. 1. बारूद या गंधक भरकर बनाए गए खिलौने



### वर्ग पहेली - 325 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 द | ■ | ■ | 2 शु | 3 चि | ता |
| या | ■ | ■ | ■ | ड़ि | ■ |
| र | ■ | ■ | 4 द | हा | ना |
| ■ | 5 ए | का | हा | र | ■ |
| ■ | का | ■ | ड़ | ■ | 6 झाँ |
| ■ | धि | ■ | ■ | ■ | ई |
| ■ | 7 क | चा | यँ | ध | ■ |

## सुडोकू-43

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 3 | | 7 | 6 | 9 | |
| 7 | | 2 | | 4 | | | | |
| | | | 5 | | | | | 4 |
| 4 | 6 | | | 8 | | | | |
| | | 1 | | | | 2 | | 6 |
| | | | | 9 | | | 4 | 7 |
| 3 | | | | | 4 | | | |
| | 4 | | | 3 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | 1 | | 2 | | | 3 |

### सुडोकू - 42 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 5 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 9 | 2 | 8 | 1 | 5 |
| 8 | 3 | 5 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 |
| 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 6 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जनवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** — आज रिश्ते तो मजबूत बनेंगे ही, इसके अलावा रिश्तेदारी में ही आप किसी के साथ बिजनेस में कोई समझौता भी कर सकते हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृष** — आज कोई कठोर निर्णय ले सकते हैं जिसका लाभ समय रहते आपको मिलेगा। किसी दोस्त के साथ बहस भी हो सकती है, लेकिन संयम से काम लेने पर वह सुलझ जाएगी। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें।

**मिथुन** — आज किसी अनजान व्यक्ति के साथ मेलजोल बनाने से बचें, क्योंकि वह आपके भविष्य के लिए अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में आपको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा। कारोबार में बड़ी डील के होने की प्रबल संभावना है।

**कर्क** — आज परिवार के लोगों के साथ मिलना होगा और किसी बात को लेकर चर्चा संभव है। घर में मेहमानों का भी आना हो सकता है। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**सिंह** — आज व्यापार में साझेदारी कर सकते हैं। किसी की बात दिल पर लग सकती है, लेकिन आप उस ओर ज्यादा ध्यान न देकर बाकी कामों में ध्यान लगाएंगे। शाम के समय बाहर जाना हो सकता है। संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**कन्या** — आज परिवर्तन को लेकर उत्साहित रहेंगे और पुरानी बातों को याद करेंगे। घर वालों के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बनाएंगे, लेकिन कुछ अड़चने आएगी। ऑफिस में सहकर्मियों का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला** — आज किसी कल्पना में खोए रहेंगे और कुछ बातों को लेकर आशंकित भी रह सकते हैं। दोस्तों के साथ पार्टी का तो प्लान बनेगा, लेकिन खर्चे को लेकर चिंता रहेगी। कारोबारी यात्रा सफल और लाभप्रद साबित होगी।

**वृश्चिक** — आज किसी से धोखा मिल सकता है, जो आपके दिल को दुखाएगा। परिवार में सभी के साथ आपका संबंध और मजबूत बनेगा। आप अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त कर पाएंगे। प्रेमीजन अपनी दिल की बात प्रेमी से कह सकते हैं।

**धनु** — आज शाम के समय दुर्घटना होने के संकेत हैं। इसलिए आप वाहन ना चलाएं और हमेशा किसी के साथ ही यात्रा करें। प्रेम संबंधों में किसी बात को लेकर मतभेद होगा। पैतृक संपत्ति प्राप्त होने के प्रबल योग बल रहें हैं।

**मकर** — आज का दिन आप अपने किसी दोस्त के नाम कर सकते हैं। सुबह से किसी बात को लेकर चिंता रहेगी, लेकिन शाम होते ही वह छूमंतर हो जाएगी। जीवनसाथी से किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। पिता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**कुंभ** — आज व्यापार में किसी से सोच समझकर ही साझेदारी करें। जैसा सोचेंगे या प्लान करेंगे वैसा नहीं हो पाएगा। आराम नहीं मिलेगा और काम का बोझ ज्यादा ही रहेगा। भाई-बहन का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए अत्यंत शुभ सिद्ध होगा। परिवार के लोग कुछ प्लान कर सकते हैं और शाम के समय बाहर जाना हो सकता है। प्रतियोगी छात्रों का पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। विवाहेतर संबंधों से दूरी बनाएं रखें।

## आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- सकट चौथ। मुहूर्त- अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-12.41-13.25, 14.52-15.35 तक। दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 18.57 तक तत्पश्चात उत्तरा फाल्गुनी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
होते होते प्यार हो गया — सुबह : 10.00
धड़कन — रात : 07.00


SONY MAX
चेहरे — सुबह : 09.00
चेन्नई एक्सप्रेस — रात : 10.00

SONY PIX
स्पाइडर मैन 3 — सुबह : 09.35
बैटमैन बिगिन्स — रात : 09.00

ZEE CINEMA
ऑपरेशन रोमियो — सुबह : 10.30
कमांडो — रात : 07.30

colors CINEPLEX
सपने साजन के — सुबह : 09.53
स्वदेश — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




## जोक्स ऑफ द डे

एक लड़का घर वालों के साथ लड़की देखने गया।
लड़के के घरवालों ने लड़की के पिता से पूछा आपकी लड़की ने क्या किया हुआ है?
लड़की का पिता- अभी तो इसने हमारे नाक में दम किया हुआ है। आप बस इसे यहां से ले जाइए।

पप्पू अपने दोस्त से बात कर रहा था।
मेरी पत्नी का स्वभाव बहुत खर्चीला है।
हर दूसरे दिन 1000 और 2000 रुपये मांगने लग जाती है।
दोस्त- आखिर इतने पैसे का वह करती क्या है??
पप्पू- क्या पता मैंने कभी दिए ही नहीं।

### मन की बात की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में बोले प्रधानमंत्री

# संविधान निर्माताओं का भी प्रेरणा स्रोत रहा है राम का शासन: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया और इस दौरान सामूहिकता की जो शक्ति देखी गई वह विकसित भारत के संकल्पों का बहुत बड़ा आधार है। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में देशवासियों से संवाद करते हुए कहा कि राम का शासन देश के संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत था।

उन्होंने कहा कि इस साल हमारे संविधान के निर्माण के 75 वर्ष और उच्चतम न्यायालय के भी 75 वर्ष हो रहे हैं और लोकतंत्र के ये पर्व लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल प्रति के तीसरे अध्याय में भारत के नागरिकों के मूलभूत अधिकारों का वर्णन किया गया है और ये बहुत दिलचस्प है कि तीसरे अध्याय के प्रारंभ में संविधान निर्माताओं ने राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था।

### परीक्षा पे चर्चा शिक्षा व परीक्षा से जुड़े मुद्दों पर बात करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा

छात्रों के साथ वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि यह शिक्षा और परीक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष 2.25 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के लिए पंजीकरण किया है जबकि 2018 में जब यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया था, उस वक्त यह संख्या केवल 22,000 थी। उन्होंने कहा–परीक्षा पे चर्चा का यह सातवां संस्करण होगा। यह एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका मैं हमेशा इंतजार करता हूं। इससे मुझे छात्रों के साथ बातचीत करने का मौका मिलता है और मैं उनके परीक्षा सबंधी तनाव को कम करने का भी प्रयास करता हूं।

## पूरे देश में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही



**सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार पर देशभर में नफरत और हिंसा फैलाने तथा गरीबों और युवाओं के हितों को नजरअंदाज करके बड़े कॉरपोरेट घरानों के लिए काम करने का आरोप लगाया। गांधी उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सशस्त्र बलों के लिए एक अल्पकालिक भर्ती योजना 'अग्निवीर' को शुरू करके उन युवाओं का मखौल उड़ाया है जो सशस्त्र बलों में शामिल होना चाहते थे। उन्होंने कहा-देशभर में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। इससे कोई फायदा नहीं होगा।




ठाणे में रविवार को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा आयोजित विंटेज कार और बाइक रैली में लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। ● एजेंसी

### एक नजर

#### मुंबई में क्रेन से कुचलकर मजदूर की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में क्रेन से कुचलकर 20 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि घटना शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे खारघर इलाके में हुई। उसने बताया कि केबल बिछाने के लिए खुदाई की जा रही थी और मजदूर उस जगह पर एक केबल ड्रम को धकेल रहा था तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह सड़क पर क्रेन के पास गिर गया। खारघर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि उस समय क्रेन संचालक ने मशीन को आगे बढ़ा दिया, जिससे कुचलकर मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान नवी मुंबई के बेलापुर इलाके के निवासी सुनील नरसीमा तांगड़ी के रूप में हुई है।

#### लड़की पर तेजाब फेंकने का आरोपी पकड़ा गया

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में एक स्कूल के समीप एक लड़की पर तेजाब जैसा तरल पदार्थ कथित तौर पर फेंकने को लेकर रविवार को 16 वर्षीय एक किशोर को पकड़ा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना बुधवार दोपहर एक बजे हुई, जब लड़की शास्त्री पार्क एक्सटेंशन इलाके में एक स्कूल से अपने 10 वर्षीय संबंधी को लाने के लिए गयी थी। घटना की शिकायत उसी दिन दर्ज कर बुराड़ी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता के तहत प्राथमिकी भी दर्ज की गई।

## दिल्ली के मंदिर में जागरण के लिए बनाया गया मंच गिरा, एक की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

**▸▸ शनिवार देर रात हुआ हादसा 17 अन्य लोग घायल**

दिल्ली में कालकाजी मंदिर में जागरण के लिए बनाए गए मंच के ढह जाने से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुखद घटना शनिवार देर रात करीब 12.30 बजे हुई। मृतका की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

पुलिस के अनुसार शनिवार को कालकाजी मंदिर के महंत परिसर में जागरण का आयोजन किया गया था और इसमें लगभग 1600 लोग शामिल हुए थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महिला की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने लिखा "कालकाजी मंदिर के जागरण में कल रात हुआ हादसा बेहद दुखद है, हादसे में एक महिला की मौत हुई है, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें।

घायल हुए 17 लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। उन्होंने लिखा-मेरी सभी दिल्लीवासियों से अपील है कि किसी भी तरह के बड़े आयोजन में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें, व्यवस्था इस प्रकार करें कि कोई भी अप्रिय घटना ना घटे। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने बताया, कार्यक्रम के लिए कोई पूर्व अनुमति नहीं दी गई थी। हालांकि, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त कर्मी तैनात किए गए थे। शनिवार रात लगभग 12.30 बजे 1,500-1,600 लोग एकत्र हुए थे। पुलिस के अनुसार आयोजकों और अति विशिष्ट लोगों के परिवारों के लिए मुख्य मंच के पास लोहे के फ्रेम के सहारे लकड़ी का ऊंचा मंच बनाया गया था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि लगभग 12.30 बजे वजन अधिक होने के कारण यह मंच बीच में से ढह गया। इसके चलते मंच पर बैठे और जमीन पर उसके आसपास बैठे लोग घायल हो गए।

एक प्रत्यक्षदर्शी वरुण ने बताया कि मंदिर में बड़ी भीड़ थी क्योंकि गायक बी प्राक वहां मौजूद थे। बताया-अचानक मंच ढह गया और मंच के पास बैठे लोगों को चोटें आईं। गायक बी प्राक तब तक वहां से जा चुके थे। मंदिर में मौजूद एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि उसने बहुत तेज आवाज सुनी और लोगों को बाहर भागते हुए देखा था।

## आप लोस चुनाव इंडिया के साथ मिलकर लड़ेगी : केजरीवाल

चंडीगढ़, एजेंसी



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि उनकी आम आदमी पार्टी (आप) हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीट पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी, लेकिन लोकसभा चुनाव विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के हिस्से के रूप में लड़ेगी।

लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में प्रस्तावित हैं जबकि विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होंगे। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने जींद में पार्टी की 'बदलाव जनसभा' में कहा-आज लोगों को केवल एक ही पार्टी पर भरोसा है, जो आम आदमी पार्टी है। एक तरफ उन्हें पंजाब, तो दूसरी तरफ दिल्ली में हमारी सरकार दिखती है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा एक बड़ा बदलाव चाहता है। इसके पहले दिल्ली और पंजाब के लोगों ने यह बड़ा बदलाव किया था और अब वहां के लोग खुश हैं।

## मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार के फैसले से मैं सहमत नहीं: नारायण राणे

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने रविवार को कहा कि वह महाराष्ट्र सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं हैं, जिसमें कहा गया है कि जबतक मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता है, तबतक उन्हें ओबीसी को मिल रहे सभी लाभ मिलेंगे। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने राणे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह अन्य पिछड़ा वर्ग में अतिक्रमण होगा तथा इससे महाराष्ट्र में अशांति फैल सकती है। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा उनकी मांगें मान लिये जाने के बाद शनिवार को अपना अनिश्चितकालीन उपवास खत्म कर दिया था। मुख्यमंत्री शिंदे ने घोषणा की थी कि जबतक मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता, तबतक उन्हें ओबीसी को प्राप्त सभी लाभ मिलेंगे।

## सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा समेत छह अन्य ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर ली शपथ

पटना, एजेंसी

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता नीतीश कुमार ने रविवार को नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा समेत छह अन्य ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

राजभवन में आयोजित समारोह में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने श्री नीतीश कुमार के बाद भाजपा के सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जदयू के विजय चौधरी, विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार, भाजपा के ही प्रेम कुमार, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय सुमित कुमार सिंह को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। इस मौके पर भाजपा



**पटना :** बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, नव–शपथ ग्रहण करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा। ● एजेंसी

**▸▸ नीतीश कुमार नौवीं बार बने बिहार के मुख्यमंत्री**

समर्थकों ने जय श्री राम और मोदी मोदी के नारे लगाए। वहीं, हम के समर्थकों ने जय भीम तथा जदयू समर्थकों ने नीतीश कुमार के पक्ष पर नारा लगाया।

शपथ ग्रहण समारोह में बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतनराम मांझी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, जदयू सांसद ललन सिंह, भाजपा नेता मंगल पांडे और राजीव प्रताप रूडी समेत कई अन्य गणमान्य शामिल थे।

### नीतीश कुमार असली सहयोगी हैं: जेपी नड्डा



भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन को असली (नेचुरल) गठबंधन बताते हुए रविवार को कहा कि उनके साथ गठजोड़ होने से राज्य को फायदा होगा और आगामी लोकसभा चुनाव में राजग प्रचंड विजय हासिल करेगा। गठबंधन सहयोगी के रूप में अपनी पार्टी के साथ कुमार के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के तुरंत बाद यहां भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में नड्डा ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का उपहास करते हुए कहा–गठबंधन का मतलब परिवार की रक्षा करना एवं भ्रष्टाचार का बचाव करना है।

### भाजपा ने 7 साल के छोटे सफर में उप मुख्यमंत्री बनाकर सम्राट चौधरी की पगड़ी का बढ़ाया मान

वंशवाद और परिवारवाद से परे की राजनीति का दावा करने वाली भाजपा ने सम्राट चौधरी को पार्टी के साथ महज 7 साल के छोटे सफर में ही बिहार का उप मुख्यमंत्री बनाकर उनकी पगड़ी का मान बढ़ा दिया है। भाजपा में वर्ष 2017 में शामिल हुए सम्राट चौधरी ने वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत महागठबंधन में शामिल हो कर सरकार बनाने के बाद प्रण लिया था कि नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से उतारने के बाद ही वह अपनी पगड़ी खोलेंगे।

## कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### भारत की गैस मांग 6% बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली।** उर्वरक इकाइयों, बिजली उत्पादन और औद्योगिक क्षेत्रों में खपत बढ़ने के साथ भारत की प्राकृतिक गैस की मांग 2024 में छह प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने यह जानकारी दी। भारत में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति 2022 में सालाना आधार पर सात प्रतिशत घट गई थी, हालांकि 2023 में इसमें पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान मुख्य रूप से पेट्रोरसायन, बिजली उत्पादन, रिफाइनरी और औद्योगिक क्षेत्रों से मांग बढ़ी।

#### सीएनएच पांच करोड़ डॉलर का करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** इतालवी–अमेरिकी ऑफ रोड निर्माण और कृषि कंपनी सीएनएच इस साल भारत में कृषि मशीनरी खंड में पांच करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। इसके अलावा कंपनी का इरादा इस साल मई में 105 एचपी का ट्रैक्टर भी उतारने का है। सीएनएच इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। सीएनएच न्यू हॉलैंड ब्रांड नाम से कृषि मशीनरी और उपकरणों का उत्पादन और बिक्री करती है।

#### प्रौद्योगिकी के व्यापार पर कल होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के शीर्ष अधिकारी, उद्योग जगत की दिग्गज हस्तियां और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ भारत की निर्यात नियंत्रण प्रणालियों पर 30 जनवरी को यहां चर्चा करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस दौरान संवेदनशील वस्तुओं और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के व्यापार तथा वैश्विक सर्वोत्तम व्यवहार पर विचार–विमर्श होगा। अधिकारी ने कहा कि रणनीतिक व्यापार नियंत्रण पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान निर्यात नियंत्रण प्रणालियों पर चर्चा के लिए अधिकारियों और नेताओं को एक मंच मिलेगा।

# बजट में मोदी की गारंटी छाए रहने की संभावना

### पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग बोले-पेश की जा सकती हैं लोकलुभावन योजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार के आम चुनाव से पहले पेश किए जाने वाले बजट में मोदी की गारंटी की छाप रहने की संभावना है। इस अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों समेत मतदाताओं के बड़े वर्ग को आकर्षित करने के लिए 'लोकलुभावन योजनाएं' पेश की जा सकती हैं। यह बात पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने रविवार को कही। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस गारंटी को पूरा करने के लिए अगर जरूरत हुई, तो राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत भी ले सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका लगातार छठा बजट होगा।

गर्ग ने कहा कि वास्तव में, लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ता में मौजूद पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी हम ऐसा होते हुए देख चुके हैं। उन्होंने कहा-सरकार ने 2019 में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों-को लक्षित किया था। कुल मिलाकर ये लगभग 75 करोड़ मतदाता हैं। ऐसी संभावना है कि सरकार इस बार भी इन मतदाताओं का खास ध्यान रखेगी।

### आगामी बजट से वाहन कंपनियों को भरोसा, हरित परिवहन को बढ़ावा देना जारी रखेगी सरकार

वाहन क्षेत्र की कुछ प्रमुख कंपनियों का मानना है कि सरकार को आगामी बजट में हरित परिवहन को बढ़ावा देने की नीति को जारी रखने की जरूरत है। उनका कहना है कि इसके अलावा बुनियादी ढांचा क्षेत्र की विकास की रफ्तार को भी कायम रखने की जरूरत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा–हमारा अनुमान है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं पर पूंजीगत व्यय जारी रहेगा। सरकार को हरित परिवहन के लिए नीतिगत प्रोत्साहन पर ध्यान जारी रखना चाहिए। इससे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ाने में मदद मिलेगी। वहीं टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के उप–प्रबंध निदेशक (कॉरपोरेट योजना, वित्त एवं प्रशासन और विनिर्माण) स्वप्नेश आर मारू ने कहा कि वाहन विनिर्माताओं को भरोसा है कि सरकार अर्थव्यवस्था और परिवहन क्षेत्र को एक ऐसे हरित भविष्य में स्थानांतरित करने की दिशा में अपना प्रयास जारी रखेगी जो जीवाश्म ईंधन पर कम निर्भर हो। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रघुपति सिंघानिया ने कहा कि वाहन क्षेत्र के लिए सतत नीतियों से इस क्षेत्र का विस्तार होगा।

## लाल सागर संकट से तेल आपूर्ति में व्यवधान नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

**▸▸ एचपीसीएल प्रमुख बोले, पिछले साल रूसी आपूर्ति 35 प्रतिशत से अधिक**



हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के चेयरमैन पुष्प कुमार जोशी ने कहा कि लाल सागर में हुती विद्रोहियों द्वारा माल ढुलाई जहाजों पर किए जा रहे हमलों से भारत में कच्चे तेल की आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि हालांकि, रास्ता बदलकर अपेक्षाकृत लंबे 'केप ऑफ गुड होप' मार्ग अपनाने के कारण माल ढुलाई की लागत बढ़ गई है। तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक भारत में रूस से तेल की आपूर्ति लाल सागर मार्ग से होती है।

पिछले साल भारत के कुल कच्चे तेल के आयात में रूसी आपूर्ति 35 प्रतिशत से अधिक थी, जो प्रति दिन 17 लाख बैरल थी। रूसी जहाज और मालवाहक फिलहाल हमलों का मुख्य लक्ष्य नहीं हैं। हालांकि, स्वेज नहर और लाल सागर के माध्यम से आवागमन के बजाय अफ्रीका के दक्षिणी सिरे के आसपास का मार्ग अपनाने से जहाजों को लंबी यात्राएं करनी पड़ रही हैं, जिससे जहाजों की कमी हो गई है और माल ढुलाई लागत में वृद्धि हो गई है।

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) के नतीजे आने के बाद निवेशकों के साथ एक बातचीत में जोशी ने कहा कि एचपीसीएल ने अप्रैल के मध्य तक कच्चे तेल की आपूर्ति तय कर दी है और उसे आपूर्ति में कोई बाधा नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि एचपीसीएल अपनी कच्चे तेल की 44-45 प्रतिशत जरूरतों को सऊदी अरब और इराक की राष्ट्रीय कंपनियों से किए गए करार के जरिए पूरा करती है।

### मार्ग से देश का निर्यात 50%, आयात 30%

**मुंबई।** लाल सागर जल मार्ग के आसपास चल रहे संकट का प्रभाव विभिन्न उद्योगों के आधार पर अलग–अलग होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश के निर्यात का 50 प्रतिशत और आयात का 30 प्रतिशत इस मार्ग से हुआ है। क्रिसिल रेटिंग्स ने लाल सागर संकट के कारण देश में विभिन्न व्यापार खंडों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की है। लाल सागर व्यापारिक मार्ग में संकट तब शुरू हुआ जब यमन स्थित हुती विद्रोहियों ने अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए इजरायल–फलस्तीन युद्ध के कारण नवंबर में वहां से गुजरने वाले वाणिज्यिक माल ढुलाई जहाजों पर लगातार हमले किए।

## शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.16 लाख करोड़ रुपये घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का सामूहिक बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह 1.16 लाख करोड़ रुपये घट गया। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ।

कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 982.56 अंक या 1.37 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 सबसे कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और भारती एयरटेल की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 32,661.45 करोड़ रुपये घटकर 10,90,001.31 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 20,682.74 करोड़ रुपये घटकर 5,71,337.04 करोड़ रुपये पर आ गया।

# टोल फ्री पर आए फसल बीमा के दावे कर दिए गए गोल

प्रशांत सक्सेना, अमृत विचार

**▸▸ 2023-24 में कितने व्यक्तिगत दावे, कितने स्वीकार व कितने निरस्त पता नहीं**

**▸▸ क्लेम बचाने के चक्कर में कंपनियों ने कृषि विभाग को नहीं दिया कॉल विवरण**

**लखनऊ :** बीमा कंपनियों ने खरीफ 2023-24 में बीमित फसलों का क्लेम बचाने के चक्कर में व्यक्तिगत दावे गोल कर दिए। जो बारिश या फिर आपदा के समय किसानों ने टोल फ्री नंबर पर काल कर दर्ज कराए थे। नुकसान के समय प्रदेश में टोल फ्री नंबर पर कितनी काल आई, कितने दावे स्वीकार किए और कितने निरस्त किए यह व्यक्तिगत दावे कंपनियां छिपा गईं। कृषि विभाग को भी इस तरह का विवरण नहीं दिया गया। इससे यह माना जा रहा कि कंपनियों ने हर बार की तरह ज्यादातर व्यक्तिगत दावे निरस्त कर दिए। क्योंकि नुकसान के समय टोल फ्री नंबरों पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर शिकायत दर्ज की जाती है। इसी आधार पर कंपनियों को फसल का सर्वे कर 100 फीसद क्षतिपूर्ति 21 दिन के अंदर देय होती है। इसमें कंपनियों को घाटा होता है। जिसे बचाने के लिए दावे निरस्त कर कॉल रिपोर्ट दबा लेती हैं।



**... तो किस आधार पर 6 करोड़ :** खरीफ 2023-24 में 23.54 लाख किसानों ने धान, बाजरा, मक्का, तिल, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन आदि फसल बीमित कराई थी। कंपनियों ने 600 करोड़ प्रीमियम लिया था। इसमें 8 हजार किसानों को 6 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति देना बताया जा रहा है। जबकि 5 हजार किसानों का 3 करोड़ बकाया है। लेकिन, इसमें व्यक्तिगत दावे कितने और मध्यावधि की क्षतिपूर्ति कितनी यह स्पष्ट नहीं है। ऐसे में क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान उपज के आधार पर क्षतिपूर्ति दी जाएगी। इसमें कंपनियों को फायदा और किसानों को घाटा होता है।

वहीं इस संबंध में उमा शंकर सिंह, उप निदेशक (फसल बीमा एवं सांख्यिकीय, कृषि निदेशालय) ने बताया कि खरीफ का 6 करोड़ रुपये भुगतान किया गया है। इसमें मध्यावधि व व्यक्तिगत दावे शामिल हैं। लेकिन अलग-अलग संख्या स्पष्ट नहीं है। टोल फ्री पर आए व्यक्तिगत दावों की कॉल रिपोर्ट सभी कंपनियों से मांगी गई है।

### इतने किसानों की फसल बीमित

केसीसी किसान – 20.17 लाख
गैरऋणी किसान – 3.37 लाख
बीमित क्षेत्रफल – 291.13 लाख

### ये लिया गया प्रीमियम

| | |
|---|---|
| कुल – | 600.95 |
| कृषक – | 181.13 |
| राज्य अंश – | 209.91 |
| केंद्र अंश – | 209.91 (करोड़ में) |


# मेदवेदेव को हराकर सिनर ने जीता पहला ग्रैंडस्लैम खिताब

## सेमीफाइनल में उलटफेर कर नोवाक जोकोविच का दबदबा किया था खत्म

**मेलबर्न, एजेंसी**

यानिक सिनर ने दो सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में दानिल मेदवेदेव को 3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता है। सेमीफाइनल में उलटफेर कर नोवाक जोकोविच के टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को खत्म करने वाले 22 साल के सिनर पहली बार किसी बड़े टूर फाइनल में खेल रहे थे। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी है।

अमेरिकी ओपन 2021 के चैंपियन मेदवेदेव की ग्रैंडस्लैम के 6 फाइनल में यह पांचवीं हार है। यानिक सिनर ने टूर्नामेंट के अपने चौथे पांच सेट तक चले मैच के साथ ग्रैंडस्लैम के ओपन युग में कोर्ट पर सबसे अधिक समय बिताने का नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 2022 अमेरिकी ओपन में कार्लोस अल्कराज के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। अल्काराज ने तब 23 घंटे 40 मिनट कोर्ट पर बिताए थे।



### 3 बार फाइनल में पहुंचने के बाद भी खिताब नहीं जीत सके मेदवेदेव

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार फाइनल में जगह बनाने के बावजूद मेदवेदेव खिताब नहीं जीत सके। वह 2021 में जोकोविच और 2022 में राफेल नडाल से हारे थे। नडाल के खिलाफ भी वह अपनी पहले दो सेट की बढ़त को बरकरार नहीं रख सके थे। मेदवेदेव इस बार खिताबी मुकाबले तक पहुंचने के लिए पांच-पांच सेट के तीन मैच जीते। इसमें से दो मैचों में उन्होंने शुरुआती दो सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी की। सिनर ने इस दौरान फाइनल से पहले छह मैचों में केवल एक सेट गंवाया, जो जोकोविच के खिलाफ तीसरे सेट के टाईब्रेकर में था।

### सू वेई और एलिसे मर्टेंस बनीं महिला युगल चैंपियन



ताईवान की सेह सू वेई ग्रैंडस्लैम युगल खिताब जीतने वाली दूसरे सबसे उम्रदराज महिला बन गई, जिन्होंने बेल्जियम की एलिसे मर्टेंस के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन महिला युगल खिताब अपने नाम किया। दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने लाटविया की येलेना ओस्टापेंको और यूक्रेन की लिउडमाइला किचेनोक को 6-1, 7-5 से हराया। यह सू वेई का सातवां महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब है, जबकि मर्टेंस का चौथा। इससे पहले पुरुष वर्ग में भारत के 43 वर्ष के रोहन बोपन्ना सबसे उम्रदराज युगल चैंपियन बने, जिन्होंने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ खिताब जीता। आस्ट्रेलिया की लीजा रेमंड सू वेई से आठ दिन बड़ी थी जब उन्होंने 2011 अमेरिकी ओपन खिताब जीता था। मार्तिना नवरातिलोवा ने 49 वर्ष की उम्र में 2006 अमेरिकी ओपन जीता था।

# दिव्यांश ने विश्व रिकॉर्ड से जीता स्वर्ण

**काहिरा, एजेंसी**



भारत के दिव्यांश सिंह पंवार ने रविवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल्स में विश्व रिकॉर्ड बनाकर देश को आईएसएसएफ विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। 21 साल के निशानेबाज दिव्यांश ने 253.7 अंक से चीन के शेंग लिहाओ के पिछले साल हांगझोऊ एशियाई खेलों में बनाए गए 253.3 के रिकॉर्ड को बेहतर किया।

दिव्यांश ने क्वालीफिकेशन में विश्व स्तरीय 632.4 अंक से पहले स्थान से 24 शॉट के फाइनल में जगह बनाई, जिसमें भी अपने सटीक निशानों से रजत पदक विजेता इटली के दानी सोलाजो को 1.9 अंक से पछाड़ दिया। उन्होंने एक भी स्कोर 10 से कम का नहीं बनाया और उनके दो शॉट परफेक्ट 10.9 अंक के रहे। दिव्यांश ने कहा कि इस पदक से निश्चित रूप से इस महत्वपूर्ण वर्ष में आत्मविश्वास बढ़ेगा। सर्बिया के लाजार कोवासेविच ने कांस्य पदक जीता, जबकि फाइनल में पहुंचने दूसरे भारतीय अर्जुन बबूता छठे स्थान पर रहे। यह दिव्यांश का विश्व कप चरण में कुल पांचवां स्वर्ण पदक है। 2019 में चीन के पुटियान के बाद यह उनका दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है। भारत के अब दो स्वर्ण और दो रजत पदक हो गए हैं, जिससे देश ओलंपिक वर्ष के पहले आईएसएसएफ विश्व कप चरण की तालिका में शीर्ष पर चल रहा है।

# पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने भारत को 28 रन से हराया

## श्रृंखला में 1-0 से बनाई बढ़त, 231 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 202 रन पर सिमटी

**हैदराबाद, एजेंसी**

ओली पोप के 196 रन का शतक और अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले के 7 विकेट से इंग्लैंड ने रविवार को हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन भारत पर 28 रन की यादगार जीत दर्ज की। इसके साथ 5 मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। इंग्लैंड ने भारत को जीत के लिए 231 रन का लक्ष्य दिया लेकिन हार्टले की फिरकी में फंसकर भारतीय टीम दूसरी पारी में 69.2 ओवर में 202 रन पर सिमट गई। घरेलू टेस्ट में 2013 के बाद यह भारत की चौथी हार है।

**196** रन बनाए इंग्लैंड के ओली पोप ने दूसरी पारी में

**7** विकेट झटके टॉम हार्टले ने टेस्ट क्रिकेट में डब्यू करते हुए



### हार्टले की फिरकी के आगे ढही भारतीय टीम

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को रवैया ओली पोप के रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की गेंदबाजी से निपटने के तरीके से बिल्कुल विपरीत था। भारत के दोनों स्पिनर पिच पर कभी भी खतरनाक नहीं दिखे और इंग्लैंड ने दूसरी पारी में काफी रन बटोर लिए। इससे पहले इंग्लैंड ने छह विकेट पर 316 रन से आगे खेलते हुए पोप की बदौलत दूसरी पारी में 420 रन बनाए, जिससे उन्हें काफी अच्छी बढ़त मिली। यह हार भारत को गहरा घाव देगी क्योंकि टीम 25 साल के लंकाशर के ऐसे गेंदबाज के सामने ढह गई, जिसे कुल तीन अंतर्राष्ट्रीय मैच का अनुभव है।

### स्पिन के सामने बेबस दिखे भारतीय बल्लेबाज

पिच पर काफी टर्न और उछाल मौजूद था लेकिन भारतीय बल्लेबाज इससे निपट नहीं सके। शुभमन गिल (0), यशस्वी जायसवाल (15) और श्रेयस अय्यर (13) अपनी ही गलतियों से आउट हुए। जायसवाल सिली प्वाइंट पर पोप को कैच देकर लौटे। दो गेंद बाद ही गिल भी लौट गए, जो खाता भी नहीं खोल पाए। इस बार भी कैच सिली प्वाइंट पर पोप ने लपका। हार्टले ने रोहित शर्मा (39 रन) को पगबाधा आउट करके तीसरा विकेट लिया। इसके बाद केएल राहुल और अक्षर पटेल ने संभलकर खेला और चाय तक कोई विकेट नहीं गंवाया। हार्टले का सामना करने के लिए श्रेयस अय्यर के ऊपर अक्षर को भेजा गया लेकिन अक्षर को हार्टले ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। राहुल (22) एक और प्रभावी पारी खेलने की ओर बढ़ रहे थे लेकिन जो रूट की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। रविंद्र जडेजा तेजी से एक रन लेने के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के सीधे थ्रो से रन आउट हो गए। तेजी से दौड़ते वक्त वह मांसपेशियों में खिंचाव से जूझते दिख रहे थे जो भारतीय खेमे के लिए चिंता का विषय हो सकता है।

### दूसरी बार किसी टीम ने भारत के खिलाफ बनाए 400 रन

लंच तक भारत ने तीन विकेट गंवाए थे और अंतिम सत्र में तीन विकेट गंवाने के बाद रविचंद्रन अश्विन (28) और केएस भरत (28) ने आठवें विकेट के लिए 58 रन की भागीदारी निभाकर उम्मीद जगाई। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में 400 से ऊपर स्कोर खड़ा किया। भारत के खिलाफ 2012 के बाद दूसरी बार ही कोई टीम इस आंकड़े को छूने में कामयाब रही है। पोप ने टॉम हार्टले (35) के साथ 106 गेंद में 80 रन की साझेदारी की। उन्होंने रिवर्स स्वीप और स्वीप शॉट बखूबी खेले। रविचंद्रन अश्विन ने इस साझेदारी को तोड़कर हार्टले को आउट किया। इसके बाद भारत ने जल्दी विकेट चटकाए। जसप्रीत बुमराह ने धीमी गेंद पर पोप को आउट करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया। बुमराह ने ही रेहान अहमद को विकेट से पीछे कैच कराकर सफलता दिलाई थी।

**2012** के बाद 400 रन का आंकड़ा छूने में कामयाब रही इंग्लैंड की टीम

# श्रीलंका क्रिकेट से निलंबन हटा

**कोलंबो, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड ने रविवार को तत्काल प्रभाव से श्रीलंका क्रिकेट पर लगा निलंबन हटा दिया। श्रीलंका क्रिकेट को आईसीसी सदस्य के रूप में दायित्वों के गंभीर उल्लंघन के लिए पिछले साल नवंबर में निलंबित कर दिया गया था। इन दायित्वों में विशेष रूप से अपने मामले स्वायत्तता से संभालने और संचालन में कोई सरकारी हस्तक्षेप नहीं होने की जरूरत शामिल थी।

**सरकारी हस्तक्षेप पर पिछले साल आईसीसी ने किया था निलंबित**

बोर्ड निलंबन के बाद से श्रीलंका क्रिकेट के हालात की निगरानी कर रहा है और अब इस बात से संतुष्ट है कि वह अब सदस्यता दायित्वों का उल्लंघन नहीं कर रहा है। खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने ट्वीट कर निलंबन हटाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक आधिकारिक बयान जारी किया जाएगा। आईसीसी ने पिछले साल नवंबर में राजनीतिक हस्तक्षेप का हवाला देते हुए श्रीलंका क्रिकेट को निलंबित कर दिया था।

## खेल डायरी

### हॉकी: नीदरलैंड से हार के बाद दक्षिण अफ्रीका दौरा खत्म

**केपटाउन।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका का दौरा रविवार को नीदरलैंड के हाथों मिली 1-5 की निराशाजनक हार से समाप्त किया। भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल अभिषेक ने किया। नीदरलैंड के लिए जिप जानसेन ने दो गोल दागे, जबकि विश्व की शीर्ष रैंकिंग टीम के लिए डुको टेलजेनकैम्प, जेप होडरमेकर्स और कोएन बिजेन ने एक-एक गोल किए। नीदरलैंड ने जानसेन के गोल से शुरू में ही बढ़त बना ली। भारतीय टीम लगातार हमलों के बावजूद पहले क्वार्टर के अंत तक गोल नहीं कर सकी। दूसरे क्वार्टर में नीदरलैंड ने 16वें और 21वें मिनट में दो गोल कर भारत पर दबाव बना दिया। फिर जानसेन ने 28वें मिनट में अपना दूसरा गोल दाग दिया और नीदरलैंड की टीम पहले हाफ में 4-0 से आगे हो गई। दूसरे हाफ में भारत ने गोल करने की तमाम कोशिशें कीं लेकिन बिजेन ने एक और गोल कर नीदरलैंड को 5-0 से बढ़त दिला ली। फिर अभिषेक ने तीसरे क्वार्टर में गोल कर स्कोर 1-5 किया।

### तवांग में अंतर्राष्ट्रीय कयाकिंग टूर्नामेंट 5 फरवरी से

**तवांग।** अरुणाचल प्रदेश में चीन की सीमा के पास तवांगचू नदी पर छह दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कयाकिंग टूर्नामेंट अगले महीने आयोजित किया जाएगा। इस नदी में तिब्बत की दो नदियां मिलती है जो बाद में तिब्बत से होकर ब्रह्मपुत्र में मिल जाती हैं। पांच फरवरी से होने वाले तवांगचू टाइड्स टूर्नामेंट में प्रतिभागियों को रोमांच की पूरी सौगात मिलेगी। आयोजकों के अनुसार दुनिया भर के 130 कयाकर्स इसमें भाग लेंगे। इसका आयोजन अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू के मार्गदर्शन में हो रहा है, जो इसी प्रदेश से हैं। तवांगचू तवांग की प्रमुख नदी है और करीब 10000 फुट की ऊंचाई पर चीन की सीमा के करीब स्थित है। अरुणाचल प्रदेश तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के साथ 1,129 किलोमीटर लंबी एलएसी साझा करता है।

### एआईएफएफ ने प्रभाकरण की बर्खास्तगी पर चर्चा के लिए बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने महासचिव शाजी प्रभाकरण की बर्खास्तगी पर चर्चा के लिए मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई है। प्रभाकरण ने कहा कि उन्हें कार्यकारी समिति की बैठक के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है। उन्होंने सदस्यों को एक पत्र भी लिखा था लेकिन फिर भी आमंत्रित नहीं किया गया। प्रभाकरण को सात नवंबर को विश्वासघात करने के आरोप में महासचिव पद से हटा दिया गया था, लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने आठ दिसंबर को उनकी बर्खास्तगी पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया था। अदालत ने 19 जनवरी के अपने नवीनतम आदेश में कहा था कि प्रभाकरण को एआईएफएफ की आपातकालीन समिति ने बर्खास्त कर दिया था।

### फाइनल में नीदरलैंड से हारकर भारत बना उपविजेता

**मस्कट।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप के फाइनल में नीदरलैंड से 2-7 से हारकर उपविजेता रही। भारत के लिए ज्योति छत्री और रूतुजा दादासो पिसाल ने गोल दागे। नीदरलैंड के लिए यानेके वान डे वेन्ने, बेंते वान डेर वेल्ट, लाना काल्से और सोशा बेनिंगा ने गोल किए। विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए हॉकी इंडिया ने हर खिलाड़ी को 3 लाख और सहयोगी स्टाफ को डेढ़ लाख रुपये पुरस्कार देने का एलान किया है। मैच की शुरुआत से दोनों टीमों ने काफी आक्रामक खेल दिखाया लेकिन सफलता नीदरलैंड को मिली जब यानेके ने लंबी दूरी से लगाए गए शॉट पर गोलकीपर रजनी इतिमार्पू को छकाकर गोल किया। इसके दो मिनट बाद वान डेर वेल्ट ने दूसरा गोल दाग दिया। उसने आठवें मिनट में एक और गोल करके डच टीम का शिकंजा कस दिया। पहले हाफ से चार मिनट पहले लाना काल्से ने डच टीम के लिए चौथा गोल दागा और सोशा ने दो मिनट बाद बढ़त 5-0 की कर दी। पहले हाफ के आखिरी मिनट में यानेके ने एक और गोल किया। दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में भारत के लिए ज्योति ने गोल किया और तीन मिनट बाद रूतुजा ने एक गोल दागकर डच टीम की बढ़त कम की। इस बीच नीदरलैंड के लिए लाना ने जवाबी हमले पर गोल करके बढ़त फिर पांच गोल की कर दी।

# अब्दुसत्तारोव को शिकस्त देकर विदित संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**विज्क आन जी, एजेंसी।** ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने एक बार फिर विषम परिस्थितियों को पार करते हुए टाटा स्टील मास्टर्स के 12वें दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को हराकर तालिका में संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है।



**शतरंज**

विदित की इस जीत से टूर्नामेंट काफी रोमांचक हो गया है। जहां शीर्ष पर 7.5 अंक के साथ पांच खिलाड़ी है और एक दौर का मुकाबला बचा है। विदित के साथ डी गुकेश, चीन के वेई यी, हॉलैंड के अनीश गिरी और अब्दुसत्तारोव तालिका में शीर्ष पर है।

फाइनल में हालांकि अनीश का पलड़ा भारी होगा क्योंकि उनका मुकाबला तालिका में आखिरी पायदान पर काबिज मैक्स वेरमेरडैम से है। आर प्रज्ञानानंदा ने 12वें दौर में गुकेश के साथ ड्रॉ मुकाबला खेला। आखिरी दौर के मुकाबलों में गुकेश के सामने ईरान के परम माघसूदलू की चुनौती होगी, जबकि विदित को वेई यी की मुश्किल चुनौती से पार पाना होगा।

# भारत ने अमेरिका को 201 रन से हराया

**ब्लोमफोंटेन, एजेंसी**

**अंडर-19 विश्व कप**

**327 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका टीम 125 रन पर हुई ढेर**

सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी (108) के शतक के बाद तेज गेंदबाज नमन तिवारी के 4 विकेट की मदद से भारत ने रविवार को अंडर-19 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप मैच में अमेरिका पर 201 रन की बड़ी जीत दर्ज की।पहले ही सुपर सिक्स में जगह पक्की कर चुकी गत चैंपियन भारत ने इस तरह टूर्नामेंट में अजेय लय जारी रखी। अब टीम सुपर सिक्स में ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी।

सलामी बल्लेबाज अर्शिन के शतक और मुशीर खान (73) के अर्धशतक से भारत ने 50 ओवर में 326 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिर तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने 20 रन देकर चार विकेट चटकाए। भारतीय गेंदबाजों ने कमजोर टीम अमेरिका को 50 ओवर में 8 विकेट पर 125 रन पर समेट दिया। अमेरिका की टीम किसी भी समय इस विशाल लक्ष्य के करीब पहुंचती नहीं दिखी। नमन और राज लिंबानी ने नई गेंद से पहले 10 ओवर में अमेरिका के शीर्ष क्रम को चरमरा दिया। लिंबानी ने प्रणव चेटिपालायाम को पहले ओवर में, जबकि नमन ने भाव्य पटेल को दूसरे ओवर में आउट किया। फिर आठवें ओवर में नमन ने कप्तान ऋषि रमेश को पवेलियन भेजा। उत्कर्ष श्रीवास्तव (40 रन) और मानव नायक भी नमन के शिकार बने।

**108** रन बनाए अर्शिन ने

**4** विकेट चटकाए नमन तिवारी ने

इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारत ने बल्लेबाजी में दबदबा बनाया। हालांकि पारी के अंत में अमेरिकी गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट झटक लिए। अर्शिन ने 118 गेंद की पारी खेली। मुशीर ने 73 रन बनाए। दोनों ने 155 रन की साझेदारी की।

# शामार जोसेफ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ झटके 7 विकेट


**ब्रिसबेन, एजेंसी।** शामार जोसेफ के 7 विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गाबा पर दिन रात का टेस्ट जीता, जो आस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट में 27 साल बाद मिली जीत है।



शामार जोसेफ को वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क का यॉर्कर लगा था और उन्हें मैदान से जाना पड़ा था। उन्होंने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 68 रन देकर 7 विकेट लिए और आस्ट्रेलिया को 207 रन पर आउट कर दिया। सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 146 गेंद में 91 रन बनाकर नाबाद रहे। एडीलेड में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 24 साल के शामार जोसेफ 11वें नंबर के बल्लेबाज जोश हेजलवुड का विकेट लेते ही खुशी के मारे उछल पड़े। वेस्टइंडीज ने एडीलेड टेस्ट तीन दिन के भीतर दस विकेट से गंवाने के बाद वापसी करके श्रृंखला में 1-1 से बराबरी की। 1997 में दस विकेट से जीत दर्ज करने के बाद से वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच नहीं जीता था।

# बॉलीवुड हलचल

## अमिताभ के बयान के बाद फिर छिड़ी साउथ और बॉलीवुड में टक्कर पर बहस



**साल** 2022 से ही बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। जहां 2022 में साउथ का जलवा रहा तो 2023 में बॉलीवुड ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। साउथ और बॉलीवुड के बीच चल रही टक्कर पर अमिताभ बच्चन के बयान के बाद एक बार फिर इस पर बहस शुरू हो गई है। अमिताभ ने हाल ही में पुणे में सिंबायोसिस फिल्म फेस्टिवल में कहा था कि रीजनल सिनेमा काफी अच्छा कर रहा है, वे हिंदी फिल्मों की तरह मूवी बना रहे हैं। इस दौरान अमिताभ ने मलयालम और तमिल सिनेमा की तारीफ भी की। अमिताभ बच्चन ने कहा कि हमारी सभी फिल्मों की स्टोरी में कही न कहीं दीवार, शक्ति और शोले है। बिग बी ने बॉलीवुड की आलोचना करने वालों को भी खरी-खोटी सुनाई। बिग बी ने कहा कि ये कहना गलत है कि उनकी फिल्में चल रही हैं, हमारी नहीं। अमिताभ बच्चन की कुछ फिल्मों का साउथ में रीमेक भी किया गया, इनमें अमर अकबर एंथोनी, डॉन, दीवार जैसी फिल्मों के रीमेक ने साउथ में जबरदस्त कमाई की।

### जब रॉकस्टार की शूटिंग करते वक्त गाना गाते-गाते खो गए थे रणबीर कपूर

**रणबीर** कपूर की फिल्म रॉकस्टार का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रणबीर कुन फाया कुन गाने की शूटिंग में नजर आ रहे हैं। रणबीर ने इस पर अपनी राय रखी है। रणबीर ने बताया कि वह सिर्फ गाना गाते जा रहे थे और कैमरे ने कुछ ऐसा कैद कर लिया, जिसका श्रेय उन्हें आजतक मिल रहा है। रणबीर ने बताया कि वह इस गाने को गाते समय पूरी तरह खो गए थे। रणबीर कपूर के इस पुराने वीडियो ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर गदर काट दिया है।

## सूर्या के साथ कर्ण में जोड़ी बनाने जा रहीं जाह्नवी



**बॉलीवुड** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर अपनी मां श्रीदेवी के पदचिह्नों पर चलते हुए हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ साउथ की फिल्मों में भी अदाकारी करती नजर आएंगी। यही वजह है कि उन्होंने जूनियर एनटीआर की अगली पैन इंडिया मूवी देवरा के लिए एक झटके में हां कह डाली। अब वह एक और बड़े साउथ सुपरस्टार सूर्या के साथ जोड़ी बनाने की तैयारी में हैं। फिल्मी गलियारों में चर्चा है कि जाह्नवी कपूर जल्द ही तमिल सुपरस्टार सूर्या के साथ उनकी अगली फिल्म कर्ण में नजर आएंगी। निर्देशक राकेश ओम प्रकाश मेहरा की यह एक बिग बजट ड्रामा फिल्म है। जिसे बेहद बड़े स्तर पर बनाया जाएगा। महाभारत की कहानी पर आधारित फिल्म में जाह्नवी कपूर सूर्या के साथ लीड रोल में दिखेंगी। खबर है कि इस फिल्म को मेकर्स 2 भागों में बनाने वाले हैं। फिल्म में कर्ण का किरदार सूर्या निभाएंगे, जबकि जाह्नवी कपूर के किरदार को लेकर अभी जानकारी सामने नहीं आई है। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन पहले ही शुरू हो चुका है। अब फिल्म जल्दी ही फ्लोर पर पहुंचने वाली हैं। बता दें कि जाह्नवी कपूर के हाथों कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स हैं। वो तमिल सुपरस्टार सूर्या स्टारर इस फिल्म के अलावा जूनियर एनटीआर की मूवी देवरा में नजर आएंगी। जो पैन इंडिया मूवी है। इसके अलावा वो राजकुमार राव स्टारर फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही और अक्षय कुमार-टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में भी दिखेंगी। साथ ही उनके पास उलझ और रणभूमि जैसी फिल्में भी हैं।

## रामायण में हनुमान का किरदार निभाएंगे सनी देओल



**रणबीर** कपूर और साईं पल्लवी की मेगा बजट फिल्म रामायण रिलीज से पहले काफी चर्चा में है। फिल्म के डायरेक्टर नितेश तिवारी कलाकारों को कास्ट करने में काफी समय ले रहे हैं। अब तक हर रोल को लेकर काफी चर्चा चल रही है। हाल ही में खबर आई थी कि यश इस फिल्म में रावण का रोल निभाने वाले हैं। राम के रोल में रणबीर कपूर नजर आ सकते हैं तो वहीं हनुमान के रोल के लिए सनी देओल का नाम जोड़ा जा रहा है। अब सनी देओल की एंट्री फिल्म में पक्की मानी जा रही है। इस फिल्म में बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के कलाकार नजर आ सकते हैं। सनी देओल इस फिल्म के लिए मई से शूटिंग शुरू कर देंगे। इस फिल्म के तीन पार्ट आएंगे। पहले पार्ट में सनी देओल का छोटा सा रोल होने वाला है। इसके अगले दो पार्ट में सनी देओल का खास रोल होगा। रिपोर्ट के मुताबिक रामायण में सनी देओल हनुमान का रोल निभाने वाले हैं। फिल्म में सनी देओल के साथ-साथ उनके भाई बॉबी देओल भी नजर आ सकते हैं। इस फिल्म के लिए विजय सेतुपति से भी बात की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी बताया जा रहा है कि लारा दत्ता का भी इस फिल्म में कैकेयी का रोल निभा सकती हैं।

### राहत फतेह अली खान का शार्गिद को पीटते वीडियो वायरल

**पाकिस्तानी** सिंगर राहत फतेह अली खान का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें राहत फतेह अली खान अपने एक स्टूडेंट को चप्पल-घूंसों से मारते दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर हुई फजीहत के बाद पाकिस्तानी सिंगर राहत फतेह अली खान मीडिया के भी निशाने पर आ गए है। उनकी जमकर आलोचना हो रही है। वायरल वीडियो में राहत फतेह अली खान अपने घर से एक बोतल गायब होने को लेकर छात्र से सवाल जवाब कर रहे हैं। वह इसके गायब होने पर अपना गुस्सा छात्र पर निकालते हैं। अब इस वीडियो पर खुद राहत फतेह अली खान ने भी सफाई दी है। उन्होंने उसी छात्र के साथ एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें वह इस मामले को उस्ताद और शार्गिद का रिश्ता बता रहे हैं। वीडियो में उन्होंने अपने उसी छात्र से सफाई भी दिलवाई है। साथ ही उसके पिता भी मामले पर मिट्टी डालते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद भी लोगों का गुस्सा थमा नहीं है। राहत फतेह अली खान के इस माफीनामे पर भी लोग जमकर अपनी भड़ास निकालते दिखे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### बालीः विश्व का पहला प्राइवेट जेट विला, 1 रात का किराया 5.4 लाख



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बाली में 30 साल के रूसी प्रॉपर्टी डेवलपर फेलिक्स डेमिन ने समुद्र किनारे दुनिया का पहला प्राइवेट जेट विला बनाया है। पुराने बोइंग 737-200 में बने इस विला में एक रात रहने का किराया 5 .4 लाख रुपये है। ये विला 2 साल में 8 .3 करोड़ रुपये में बना है। हालांकि, भीड़-भाड़ से दूर यहां एक शांत वातावरण है। कॉकपिट में हॉट टब के साथ एक चट्टान पर स्थित यह दुनिया का सबसे अनोखा होटल है। विमान के ढांचे से निर्मित पहला लक्जरी विला है। बाली में न्यांग न्यांग बीच चट्टानों पर स्थित है और इसे बोइंग 737 विमान का उपयोग करके बनाया गया था।

### अमेरिका के लॉस एंजिलिस में गोलीबारी, चार लोगों की मौत

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में शनिवार को गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इस हत्या के बाद आत्महत्या का मामला बताया है। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर एक बयान साझा कर बताया कि लेर्डो एवेन्यू के 11600 ब्लॉक में गोलीबारी की सूचना मिलने पर अधिकारी रात सात बजे से पहले घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर चार लोगों को मृत घोषित किया गया और जांचकर्ताओं के अनुसार, यह हत्या के बाद आत्महत्या करने का मामला है।

### बहुपक्षीय युद्ध अभ्यास से लौटा नौसेना का समुद्री निगरानी विमान



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का समुद्री निगरानी विमान पी-8आई गुआम में 'एक्स सी ड्रैगन-24' अभ्यास पूरा होने के बाद रविवार को स्वदेश लौटा। यह अभ्यास एक हफ्ते तक चला। भारतीय नौसेना ने बताया कि उसकी नौसेना के चालक दल ने पनडुब्बी रोधी युद्ध अभ्यास और रणनीति के जरिए अमेरिकी नौसना, ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना, जापानी समुद्री आत्मरक्षा बलों और कोरिया गणराज्य की नौसेना के साथ बहुपक्षीय अभ्यास में अंतर-क्षमता को बढ़ाया। गुआम प्रशांत महासागर के पश्चिमी हिस्से में स्थित एक द्वीप है। यह द्वीप अमेरिका के अधीन है।

## सदन की कार्यवाही में व्यवधान कोविड के खतरे से कम नहीं: उपराष्ट्रपति धनखड़

# 'चर्चा' लोकतंत्र की आधारशिला

मुंबई, एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि 'चर्चा' जो लोकतंत्र की आधारशिला है, हंगामे में तब्दील हो गई है और सदन की कार्यवाही में व्यवधान लोकतंत्र के लिए कोविड के खतरे से कम नहीं है।

धनखड़ ने 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों को सदन की मर्यादा सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायी निकायों की कार्यवाही में व्यवधान एक दुखद परिदृश्य है। धनखड़ ने कहा, यह कोई रहस्य नहीं है कि गड़बड़ी और व्यवधान की योजना बनाई जाती है, जिसके लिए बैनर छापे जाते हैं और नारे गढ़े जाते हैं। ऐसी चीजों का हमारी प्रणाली में कोई स्थान नहीं है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिनिधि संस्थाओं और प्रतिनिधियों में जनता के विश्वास का कम होना समाज के लिए कैंसर है। धनखड़ ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों को सदन की कार्यवाही पर बारीक नजर रखनी चाहिए और मर्यादा सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा, पीठासीन अधिकारी लोकतांत्रिक स्तंभों के संरक्षक हैं। उन्होंने अफसोस जताया कि (सदन में) अनुशासनहीनता और अशोभनीय व्यवहार की घटनाएं बढ़ रही हैं और व्यवधान डालने में गर्व महसूस किया जाता है। धनखड़ ने कहा, यह परेशान करने वाला परिदृश्य है और इससे बाहर निकलने का रास्ता खोजने के लिए आत्ममंथन की जरूरत है।

### अशोभनीय आचरण की जगह हमारे देश की संसद में नहीं



84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधन में उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद में हंगामा और कार्यवाही बाधित करने की योजना बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक इशारों पर तख्तियां छपवाई जाती हैं। उपराष्ट्रपति के मुताबिक सदन में नारेबाजी के लिए भी रणनीति बनाकर हंगामे होते हैं। इन बातों में कुछ भी अब रहस्य जैसा नहीं। संसद में ऐसे अशोभनीय आचरण की कोई जगह हमारे देश के सिस्टम में नहीं है। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं के प्रति कम होता जनता का भरोसा कैंसर जैसा है।

### दल-बदल विरोधी कानून की समीक्षा के लिए नार्वेकर की अगुवाई में बनेगी समिति



**मुंबई।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि देश के दल-बदल विरोधी कानून की समीक्षा के लिए महाराष्ट्र के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर की अगुवाई में समिति गठित की जाएगी। उन्होंने 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के बाद यह घोषणा की। संविधान की दसवीं अनुसूची में निर्वाचित और नामांकित सदस्यों को अपने राजनीतिक दल को छोड़ने से रोकने और विधायकों के पाला बदलने की समस्या पर रोक लगाने के लिए कड़े प्रावधान हैं। बिरला ने कहा कि नार्वेकर समीक्षा के लिए समिति की अध्यक्षता करेंगे। नार्वेकर ने 2022 में शिवसेना में फूट के बाद दल-बदल विरोधी कानून के तहत पार्टी के दोनों धड़ों द्वारा एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए दायर याचिकाओं पर इस महीने की शुरुआत में अपना फैसला दिया था। नार्वेकर राकांपा के दो गुटों द्वारा दायर ऐसी ही याचिकाओं पर भी सुनवाई कर रहे हैं।

## नेपालः ग्लेशियर पिघलने से बाढ़ का खतरा, अब बिजली बना रहे

**काठमांडू।** नेपाल उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियर पिघलने से गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए छोटे-छोटे बांध बनाए जा रहे हैं। इनपर हाइड्रो पावर संयंत्र लगाने का प्रयोग कामयाब है। 2017 में पहली बार तिब्बत सीमा से लगे नेपाल के क्यानजिन घाटी के दो गांवों में हाइड्रो पावर प्लांट से 175 घरों में रोशनी, खाना पकाने और अन्य जरूरतों के लिए बिजली दी जा रही है।

गर्मी बढ़ने से हिमालय की ऊंची चोटियों की बर्फ पिघल रही है। इससे तेजी से भरने वाली हिमनद झीलों के नीचे स्थित गांवों में विनाशकारी बाढ़ का खतरा मंडराता रहा है। इससे निपटने के लिए नेपाल ने छोटी-छोटी नहरें भी बनाई हैं। बता दें कि पिछले साल अक्टूबर में पूर्वोत्तर भारतीय प्रांत सिक्किम में ल्होनक झील के फटने से 150 से अधिक लोग मारे गए और 2 हजार घर गिर गए थे। नेपाल सरकार ने त्रासदी को देखते हुए पहल की है, और कई प्रोजेक्ट्स पर काम किया जा रहा है।

## मुंबईः नौकरी करने वाले नहीं देने वाले बनें: धर्मेंद्र प्रधान

मुंबई, एजेंसी

▶▶ आईआईएम के दीक्षांत समारोह में बोले- 2047 तक विकसित भारत में शिक्षा का होगा अहम योगदान



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि साल 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना पूरा करने में शिक्षा और तकनीक का योगदान अहम होगा। आईआईएम मुंबई के प्रथम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि प्रधान ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे विकसित इकोनॉमी बन सकती है और विकसित भारत मे हम दुनिया को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने नए स्नातकों का आह्वान किया कि नौकरी करने वाले नही नौकरी देने वाले बनें।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में संस्थान के 1013 छात्रों को स्नातकोत्तर डिग्री प्रदान की गई। साल 1963 में स्थापित, भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई (आईआईएम मुंबई) शैक्षिक उत्कृष्टता के केंद्र का गढ़ है, जिसने देश के शैक्षिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ संरेखित करने की प्रतिबद्धता के साथ, आईआईएम मुंबई को रसद और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में क्षमता निर्माण के लिए नोडल केंद्र के रूप में नामित किया गया है, जो शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के कार्यान्वयन में सक्रिय रूप से योगदान देता है। आईआईएम मुंबई तीन एमबीए कार्यक्रम, उद्योग की जरूरतों को पूरा करने वाले कार्यपालक कार्यक्रम, वैश्विक और राष्ट्रीय प्रमाणन कार्यक्रमों की पेशकश करता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अतिथि के रूप में प्रबंध निदेशक और सीईओ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) आशीष कुमार चौहान और आईआईएम मुंबई शासी मंडल के अध्यक्ष शशि किरण शेट्टी और अन्य सदस्य शामिल थे।

## मालदीव की संसद में सत्तारूढ़ और विपक्षी सांसदों में मारपीट

माले, एजेंसी

▶▶ घायल नेता को इलाज के लिए भेजा गया अस्पताल

मालदीव की संसद के विशेष सत्र में रविवार को पीपीएम व पीएनसी पार्टी की गठबंधन सरकार के सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें कुछेक सांसद घायल हो गए हैं और सरकार के प्रस्ताव पर संसद की मंजूरी नहीं मिल पाने से मोहम्मद मुइज्जू सरकार को करारा झटका लगा है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, सनसनीखेज वीडियो फुटेज में कुछ चौंकाने वाले दृश्य देखने को मिले।

इसमें मुख्यतः मारपीट विपक्षी एमडीपी सांसद इसा और सत्तारूढ़ पीएनसी सांसद अब्दुल्ला शहीम अब्दुल हकीम के बीच होती देखी जो सतारूढ़ गठबंधन और विपक्षी दलों की मारपीट में बदल गई। बात दें, वीडियो में शमीम को इसा का पैर पकड़कर खींचते और फिर दोनों सांसदों के एक साथ जमीन पर गिरते दिखाया गया है। वहीं दूसरे फुटेज में ईसा को शहीम की गर्दन पर लात मारते और उनके बाल खींचते देखा गया। दोनों सांसदों की गुत्थम-गुत्था में और कई सांसद भी लपेटे में आ गए।

एक अन्य फुटेज में कई अन्य सांसदों को शहीम को खींचकर दूसरी तरफ ले जाता भी देखा गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार इस भीषण मार-पिटाई के बाद घायल एक सांसद को एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेजना पड़ा। मंत्रियों की पुनर्नियुक्ति को दोपहर 1.30 बजे मंजूरी दी जानी थी, लेकिन कुछ पीएनसी सांसदों ने सदन को घेर लिया और सत्र को बाधित कर दिया।

## फ्रांसीसी पत्रकार को नोटिस, भारत बोला- वीजा नियमों का हुआ उल्लंघन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हाल ही में फ्रांस की एक महिला पत्रकार वेनेसा डौगनेक को नोटिस जारी किया था। यह नोटिस फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नई दिल्ली दौरे से पहले जारी किया गया था।

मैक्रों की यात्रा के बीच इस मामले पर भी खूब चर्चा हो रही थी। अब भारत ने शुक्रवार को स्पष्ट किया है कि उनको यह नोटिस वीजा नियमों के उल्लंघन के कारण जारी किया गया है। वेनेसा को गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने नोटिस जारी किया था। भारत ने फ्रांस से कहा कि दिल्ली में रहने वाली फ्रांसिसी पत्रकार को वीजा नियमों के उल्लंघन के कारण नोटिस जारी किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा था कि पत्रकार को इसलिए नोटिस जारी किया गया है, क्योंकि वह भारत सरकार के रुख के विपरीत रिपोर्ट करती हैं। भारत ने मैक्रों के दौरे के दौरान फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल के सामने इस मुद्दे पर अपना पक्ष रखा। वेनेसा को वीजा नियमों के कथित उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया गया था और उनसे दो फरवरी तक जवाब मांगा गया था। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति के बीच बातचीत की जानकारी पत्रकारों की दी।

## अंडरवाटर मेट्रो...



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में हुगली नदी के नीचे से गुजरने वाली देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो के सफर को रोमांचक और यादगार बनाया जा रहा है। हुगली नदी तल से 13 मीटर और जमीन से करीब 33 मीटर नीचे से गुजरने वाली 520 मीटर लंबी टनल में दोनों तरफ नीले रंग की लाइट लगाई गई है। इससे पानी के अंदर होने का अहसास होगा। सफर ज्यादा रोमांचक बनाने के लिए लाइट्स से ही टनल की दीवारों पर मछलियां बनाई गई हैं। ● एजेंसी

## लालच देकर स्वदेशी समुदायों का हो रहा धर्मांतरण

▶▶ आठवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हिमंत बोले- युवा स्वदेशी आस्थाओं -धर्मों को जीवित रखें

डिब्रूगढ़, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को कहा कि भारत के स्वदेशी समुदाय अक्सर मुख्यधारा के धर्मों द्वारा धर्मांतरण के प्रयासों का लक्ष्य बन गए हैं। जिससे व्यक्तियों को भौतिक लालच देकर भ्रमित किया जाता है। उन्होंने युवा पीढ़ी से स्वदेशी आस्थाओं और धर्मों को जीवित रखने का आग्रह किया।

साथ ही उन्होंने इस मुद्दे पर अपनी सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों को साझा किया। आठवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और बुजुर्गों की सभा के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से भारत में स्वदेशी समुदाय अक्सर मुख्यधारा के धर्मों द्वारा रूपांतरण प्रयासों का लक्ष्य बन जाते हैं। कई धार्मिक समूहों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के परिणामस्वरूप स्वदेशी आस्था का पालन करने वालों की आबादी में गिरावट आ सकती है। उन्होंने कहा कि मिशनरी संगठनों द्वारा दिए जाने वाले भौतिक लाभ, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल लाभों का प्रलोभन व्यक्तियों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि हमें स्वदेशी धार्मिक प्रथाओं की रक्षा करनी होगी। इन आस्थाओं को मानने वालों की आबादी में गिरावट दर्ज की गई है। जिसका असर संस्कृति और प्रथाओं पर पड़ता है। हिमंत ने कहा कि स्वदेशी आस्थाओं औ प्रथाओं का पालन करना युवा पीढ़ी का दायित्व और कर्तव्य है।



रविवार को डिब्रूगढ़ में आईसीसीएस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के साथ असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

### हिमंत सरमा ने बिहार में सरकार बनने पर दी बधाई

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बनने पर बधाई दी। सरमा ने कहा- बिहार को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने में नेतृत्व की सफलता की कामना करता हूं। सरमा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा- बिहार में राजग सरकार बनने से खुशी हुई। मुख्यमंत्री की भूमिका संभालने के लिए नीतीश कुमार जी को बधाई और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

## विपक्ष मैदान से दूर, प्रत्याशियों से बोले इमरान- प्रचार करो या हटो

इस्लामाबाद, एजेंसी

▶▶ इमरान की दो टूक- चुनावी रैली शुरू करें, अन्यथा उनका टिकट काटकर दूसरे उम्मीदवारों को देंगे

पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने जा रहे आम चुनाव के लिए प्रचार शुरू हो गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल- एन) प्रमुख नवाज शरीफ अपने भाई शाहबाज के साथ रोज रैलियां कर रहे हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) भी अभियान शुरू कर चुकी है।

लेकिन, देश की सबसे लोकप्रिय पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए- इंसाफ (पीटीआई) मैदान से गायब है। उसके नेता सत्ता-सेना के डर से चुनाव प्रचार के लिए ही नहीं उतर रहे हैं। इस कारण अदियाला जेल में बंद इमरान ने पार्टी के उम्मीदवारों को चेतावनी दी है। इमरान ने कहा कि पार्टी उम्मीदवार रविवार से चुनाव अभियान शुरू करें, अन्यथा उनका टिकट काटकर दूसरे उम्मीदवारों को दे देंगे। पीटीआई ने नेशनल असेंबली की 272 सीटों में से 266 पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इमरान को पिछले साल मई में जेल भेज दिया गया। पार्टी के चुनावी चिह्न बल्ला इस महीने छीन लिया गया। बल्ला चुनाव चिह्न छीने जाने के कारण पीटीआई के सभी उम्मीदवार अलग-अलग चुनाव चिह्नों के साथ चुनाव लड़ेंगे।

### इमरान की बहन बोलीं- भाई के साथ भुट्टो जैसा न हो

इमरान की बहन अलीमा खान ने बताया कि हमारे परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव नहीं लड़ रहा है। हमें इमरान पर लादे गए आपराधिक मामलों की चिंता है। उन्होंने कहा कि इमरान के साथ वैसा बर्ताव न हो, जैसा भुट्टो के साथ हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि नवाज अब सत्ता में किसी को आने नहीं देना चाहते।

## ईरान ने क्षेत्रीय तनाव बढ़ने पर 3 सैटेलाइटों का किया प्रक्षेपण

**तेहरान।** ईरान ने रविवार को कहा कि उसने तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में लॉन्च किया है। ईरान की मीडिया ने कहा कि प्रक्षेपण में ईरान के सिमोर्ग रॉकेट का सफल उपयोग भी देखा गया, जिसमें पहले कई विफलताएं हुई हैं।

अमेरिका ने पहले कहा है कि ईरान के उपग्रह प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव की अवहेलना करते हैं और तेहरान से परमाणु हथियार पहुंचाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलों से जुड़ी कोई गतिविधि नहीं करने को कहा है। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध पिछले अक्टूबर में समाप्त हो गए। अमेरिकी खुफिया समुदाय ने कहा कि प्रक्षेपण वाहनों के विकास से ईरान के लिए अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल विकसित करने की समयसीमा कम हो गई है, क्योंकि इसमें समान तकनीक का इस्तेमाल होता है।

## यहूदी विरोधी भावनाओं के खिलाफ खड़े रहेंगे: बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी

▶▶ बोले- हम सदैव समुदाय के साथ अमेरिका विश्वभर के देशों के साथ काले अध्याय पर मना रहा शोक

शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय प्रलय स्मरण दिवस पर अमेरिकी राष्ट्रपति राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान जारी करते हुए प्रतिक्षा की कि यहूदी विरोधी भावना के खिलाफ वे खड़े रहेंगे। होलोकॉस्ट से बचे सभी यहूदी लोगों को याद करते हुए फिर कभी नहीं का वादा किया है। बाइडन ने कहा कि अमेरिका विश्वभर के देशों के साथ मिलकर मानव इतिहास के इस काले अध्याय पर शोक मना रहा है। नाजियों द्वारा ली गई जानों पर शोक मनाते हैं।

बाइडन के कहा कि पिछले साल से एक बार फिर यहूदी विरोधी भावना सिर उठाने लगी है। सात अक्टूबर को गाजा स्थित आतंकी संगठन हमास ने इस्राइल पर पांच हजार रॉकेट दागे थे। जिसमें 1200 लोग की मौत हो गई थी। इस दौरान बड़ी संख्या में इस्राइली नागरिकों के बंधक बनाया गया है। होलोकॉस्ट के बाद सात अक्तूबर ही यहूदी लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई थी। बाइडन ने कहा कि इस्राइल पर हमसा के हमले के बाद अमेरिका दुनियाभर में यहूदी विरोधी भावना में हो रही बढ़ोतरी को लेकर चिन्तिंत है। क्योंकि बड़ी संख्या में यहूदी लोगों को निशाना बनाया जा रहा है।

### हेली ने बढ़ती उम्र पर उठाए सवाल, ट्रंप का पलटवार

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वह दिमागी तौर पर 20 साल पहले जितने तेज थे, अब उससे भी तेज हो गए हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब उनकी प्रतिद्वंदी निक्की हेली ने बढ़ती उम्र को लेकर पूर्व राष्ट्रपति पर निशाना साधा है। ट्रंप ने ये भी कहा कि राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों का दिमागी टेस्ट भी होना चाहिए।

## अमेरिका के स्कूलों में पढ़ाया जाएगा सिख इतिहास

चंडीगढ़, एजेंसी

▶▶ पंजाब के 12वीं कक्षा के छात्र गुरइकप्रीत के प्रयत्नों से हुई पहल

दस्तार क्या है, सिखों ने दस्तार के लिए कौन सी कुर्बानियां दी है, सिख इतिहास क्या है। अब यह अमेरिका के स्कूलों का सिलेबस होगा। यह शुरुआत अमेरिका की स्टेट न्यूजर्सी से हुई है। यह पहल पंजाब से अमेरिका में बसे 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स गुरइकप्रीत सिंह के प्रयत्नों से हो पाई है। वह इन दिनों पंजाब आए हुए हैं।

गुरइकप्रीत सिंह ने पंजाब आ कर तख्त श्री दमदमा साहिब में अमृतपान भी किया। जहां पर सिंह साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने उसे सम्मानित भी किया। गुरइकप्रीत ने कहा कि वह परिवार के साथ 2014 में अमेरिका गया। तभी से अमेरिका में ही स्टडी कर रहा है। जहां पर उसे 8वीं से 12वीं कक्षा तक पहुंचने तक दस्तार सजाने वाला कोई और सिख युवक नहीं दिखा। केवल वह अकेला ही सिख युवक है जो दस्तार सजाता है।



एसजीपीसी के महासचिव गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि गुरइकप्रीत सिंह ने पूरी दुनिया में सिख धर्म का मान बढ़ाया है। यह बड़ी प्राप्ति है। उन्होंने कहा- देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है जो भारत के सिख समुदाय के लोगों का मान बढ़ेगा। लेकिन धीरे धीरे दूसरी स्टेटों में भी इसे लागू करवाना है।

## फ्रांस में मोनालिसा की पेंटिंग पर फेंका गया सूप म्यूजियम में मची भगदड़

**पेरिस।** पेरिस में मौजूद लौवर म्यूजियम में रखे प्रतिष्ठित मोनालिसा पेंटिंग पर सूप फेंका गया। फ्रांस में कृषि प्रणाली में बदलाव की जरूरतों को लेकर प्रदर्शन कर रहे दो प्रदर्शनकारियों ने पेटिंग पर सूप फेंका।



गौरतलब है कि पेंटिंग बुलेटप्रूफ शीशे में सुरक्षित रूप से रखा गया है, इसलिए इससे पेंटिंग को सीधे तौर पर कोई नुकसान नहीं हुआ। पेटिंग पर सूप फेंकने के बाद दोनों महिला प्रदर्शनकारी पेंटिंग के नजदीक खड़ी हो गईं। सूप फेंके जाने के तुरंत बाद पेंटिंग को काले पर्दे ढक दिया गया। फ्रांस ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर किसान पेरिस में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

**उपलब्धि** 700 मीटर लंबी प्रभावशाली सुरंग अखनूर और पुंछ को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी

## नौशेरा सुरंग का उद्घाटन, बीआरओ की बड़ी सफलता

नई दिल्ली, एजेंसी

200 किलोमीटर लंबा अखनूर-पुंछ गोल्डन आर्क रोड रणनीतिक दृष्टि से अहम है। ये दक्षिण कश्मीर और जम्मू क्षेत्र को प्रदेश के पश्चिमी इलाकों से जोड़ता है। यह अखनूर, राजोरी और पुंछ जैसे महत्वपूर्ण सीमावर्ती जिलों का आपस में मिलान करता है। इस खंड में चार प्रमुख सुरंगें हैं- कंडी सुरंग, सुंगल सुरंग, नौशेरा सुरंग और भीमबर्गगली सुरंग।

रविवार को भारत माता की जय के जयघोष के साथ नौशेरा सुरंग का उद्घाटन समारोह हुआ। 700 मीटर लंबी प्रभावशाली सुरंग अखनूर और पुंछ को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है। सीमा सड़क संगठन के डीजी लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने सफलता समारोह में भाग लिया और इस परियोजना के महत्व को रेखांकित किया, जो क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाने और राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ सुगम परिवहन की सुविधा प्रदान करने में एक बड़ा कदम है। पिछले साल 25 नवंबर 2023 को कंडी सुरंग में सफलता हासिल की गई थी, जो राजोरी और पुंछ के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा में बीआरओ के प्रयासों को दर्शाता है। राष्ट्रीय राजमार्ग की प्रगति में तेजी आ गई है और इस परियोजना के निर्धारित समय से पहले 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है।

अपने संबोधन के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने कहा कि बीआरओ जम्मू-पुंछ क्षेत्र में दूरदराज के क्षेत्रों को प्रमुख केंद्रों से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का नेतृत्व कर रहा है। जम्मू-पुंछ लिंक, तेजी से आगे बढ़ रहा है, अगले कुछ वर्षों में पूरा होने की राह पर है। एलओसी पर रक्षा बुनियादी ढांचे के बारे में पूछे जाने पर, डीजी बीआर ने उल्लेख किया कि रक्षा बुनियादी ढांचे का विकास एक सतत प्रक्रिया है और सीमा सड़क संगठन आईबी, एलओसी और एलएसी पर रणनीतिक सड़कों के निर्माण और उन्नयन द्वारा बुनियादी ढांचे रक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बीआरओ और प्रोजेक्ट संपर्क अपने जिम्मेदारी वाले क्षेत्र के नागरिकों के निर्माण, संपर्क, देखभाल और जीवन को बचाने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है। यह सड़कें राष्ट्र का निर्माण करती हैं कहावत में विश्वास करती हैं और सामाजिक-आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए सीमा सड़कों के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए खुद को फिर से समर्पित कर दिया है।

**2026** तक परियोजना को निर्धारित समय से पहले पूरा होने की उम्मीद।





रविवार को नौशेरा सुरंग में इंजीनियर, श्रमिकों के साथ मौजूद सीमा सड़क संगठन के कर्मचारी।